e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 53

**सुविचार**
अगर किसी चीज को दिल से चाहो तो पूरी, कायनात उसे तुमसे मिलाने में लग जाती है!

# प्रभात मंत्र

रविवार
23.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

# केंद्रीय मंत्री ने एयर इंडिया के टूटी सीट पर किया सफर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज चौहान को एयर इंडिया की फ्लाइट में टूटी सीट पर बैठकर भोपाल से दिल्ली तक की यात्रा करनी पड़ी। इसे लेकर उन्होंने सोशल मीडिया एक्स के जरिये अपनी शिकायत साझा की, जिस पर एयर इंडिया ने खेद व्यक्त करते हुए ऐसे मामले में सीधा संवाद करने का अनुरोध किया।केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर लिखा कि आज मुझे भोपाल से दिल्ली आना था, पूसा में किसान मेले का उद्घाटन, कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक और चंडीगढ़ में किसान संगठन के प्रतिनिधियों से चर्चा करनी है। मैंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक एढ्436 में टिकट करवाया था, मुझे सीट क्रमांक 8सी आवंटित हुई। मैं जाकर सीट पर बैठा, सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी। बैठना तकलीफदायक था। जब मैंने विमान कर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी तो आवंटित क्यों की उन्होंने बताया कि प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं।शिवराज ने आगे बताया कि सहयात्रियों ने मुझे बहुत आग्रह किया कि मैं उनसे सीट बदल कर अच्छी सीट पर बैठ जाऊं लेकिन मैं अपने लिए किसी और मित्र को तकलीफ क्यों दूं। मैंने फैसला किया कि मैं इसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी करूंगा। मेरी धारणा थी कि टाटा प्रबंधन के हाथ में लेने के बाद एयर इंडिया की सेवा बेहतर हुई होगी लेकिन ये मेरा भ्रम निकला। मुझे बैठने में कष्ट की चिंता नहीं है लेकिन यात्रियों से पूरा पैसा वसूलने के बाद उन्हें खराब और कष्टदायक सीट पर बैठाना अनैतिक है। क्या ये यात्रियों के साथ धोखा नहीं है? एक्स पर साझा की गई इस शिकायत के बाद एयर इंडिया प्रबंधन ने केंद्रीय मंत्री को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी।

### एयर इंडिया ने मांगी माफी

एयर इंडिया ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह से माफी मांगी। कंपनी ने ट्वीट किया,आपको हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। कृपया आश्वस्त रहें कि हम भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए इस मामले पर सावधानीपूर्वक विचार कर रहे हैं। हम आपसे बात करने का अवसर पाकर प्रसन्न होंगे।



### विमानन मंत्री ने एयर इंडिया को लगाई फटकार

नई दिल्ली : केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एयर इंडिया की भोपाल से दिल्ली की उड़ान में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को टूटी सीट दिए जाने की घटना पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है. इस मुद्दे को लेकर कृषि मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी असुविधा व्यक्त करते हुए एयर इंडिया प्रबंधन पर सवाल उठाया था.शिवराज सिंह चौहान की शिकायत के तुरंत बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एयर इंडिया प्रबंधन से इस मामले पर जवाब तलब किया और डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) को मामले की जांच कर सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया. राम मोहन नायडू ने कहा,हमने इस मुद्दे पर तुरंत एयर इंडिया से बात की और उन्हें आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए. हमारी तरफ से डीजीसीए भी मामले के विवरण पर तुरंत गौर करेगा. और मैंने व्यक्तिगत रूप से शिवराज जी से भी बात की है.

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय मंत्री शिवराज ने स्मार्ट सिटी पार्क में किया पौधरोपण

**भोपाल** : केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार सुबह प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में अपने परिवार के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर धरती को हरा-भरा व समृद्ध बनाएं, एक पौधा अवश्य लगाएं। पेड़-पौधे हमें जीवन देते हैं और हमारी धरती को हरा-भरा, सुंदर व समृद्ध बनाते हैं। आप भी विशिष्ट अवसरों पर पौधे अवश्य लगाएं।

### ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्री को कुचला, मां बेटा घायल

**जोधपुर** : शहर के निकटवर्ती आयुर्वेद विश्वविद्यालय स्थित निर्माणाधीन पुल पर बाइक सवार एक परिवार को ट्रक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पिता- पुत्री की मौत हो गई जबकि मां बेटा बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने कार्रवाई कर शव रिश्तेदारों को सौंपे। मामले घायल महिला की तरफ से एक ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। शवों का एमजीएच में पोस्टमार्टम कराया गया। मूलतः आसोप के मंगेरिया की रहने वाला धुलाराम प्रजापत अपनी पत्नी 30 वर्षीय शारदा, बेटी रितिका और पुत्र रितिक को लेकर बाइक से मंगेरिया गांव जा रहा था। यह लोग जब आयुर्वेद विश्वविद्यालय के समीप निर्माणाधीन पुल पर चढ़े तब पीछे से आ रहे एक ट्रक के चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में चारों लोग बाइक से नीचे गिर गए। ट्रक का पहिया धुलाराम और उसकी बेटी रितिका के सिर से निकल गया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### जम्मू संभाग के तीन दर्जन स्थानों पर सुरक्षाबलों ने चलाया आतंकवाद विरोधी अभियान

**जम्मू** : सुरक्षाबलों ने शनिवार को जम्मू संभाग में करीब तीन दर्जन जगहों पर आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि कुछ इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों के चलते और अन्य जगहों पर क्षेत्र पर नियंत्रण के लिए अभियान चलाया गया।अधिकारियों ने बताया कि अभी तक आतंकवादियों से सामना नहीं हुआ है। संदिग्ध गतिविधियों की आखिरी रिपोर्ट मिलने तक पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों, उधमपुर-कठुआ बेल्ट के ऊंचे इलाकों, डोडा और किश्तवाड़ के पहाड़ी इलाकों और जम्मू जिले में नियंत्रण रेखा के पास के जंगलों में अभियान चल रहा था।

### सीएम उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल में अखल-कंगन पुल का किया उद्घाटन

**जम्मू** : मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बहुप्रतीक्षित अखल-कंगन पुल का उद्घाटन किया, जो दर्जनों गांवों को उप-मंडल से जोड़ता है। उमर अब्दुल्ला ने कंगन विधायक मियां मेहर अली और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में पुल का उद्घाटन किया। सिंध नदी पर बना अखल पुल इस क्षेत्र की लंबे समय से जरूरत रही है क्योंकि यहां के निवासियों को उचित क्रॉसिंग न होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।84 मीटर लंबे इस पुल को 2008 में मंजूरी दी गई थी और इसका निर्माण कार्य जेकेपीसीसी ने 8.96 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से शुरू किया था।

### पूरे देश में विपक्ष को दबाया जा रहा : अशोक गहलोत

**जोधपुर** : प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को एयरपोर्ट पर मीडिया से मुखातिब होते हुए केंद्र व राज्य सरकार पर कई तरह से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र या राज्य हर जगह पर विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है, जबकि विपक्ष जनता की आवाज को सदन में रखते है। राज्य सरकार द्वारा जिन विधायकों का निलंबन किया गया है उसे तत्काल रद्द करें। विपक्ष को साथ लेकर कार्य करें। वे आज जोधपुर प्रवास पहुंचे और कई सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने आए है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मीडिया के सवालों के जवाब पर कहा कि केंद्र हो या राज्य हर जगह विपक्ष की आवाज को दबाने के साथ उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है। केंद्र व राज्य में विपक्ष के नेताओं को निलंबित किया जा रहा है जोकि देश की लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष जनता की आवाज को सदन में रखता है।उन्होंने बढ़ते अपराध पर कहा कि राज्य में सरकार और पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है। जोधपुर में बढ़ती मासूम बच्चियों के सवाल पर कहा कि लोगों में पुलिस का डर खत्म हो गया है, जिससे ऐसी घटनाएं ज्यादा हो रही है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## झारखंड में बारिश के दौरान बिजली व ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी




**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : भारत मौसम विज्ञान विभाग ने झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में गंगा के तटीय क्षेत्रों में बारिश के दौरान बिजली और ओले गिरने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। वहीं, बिहार, छत्तीसगढ़, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और असम समेत पूर्वोत्तर के सभी सातों राज्यों के लिए यलो अलर्ट जारी किया। आईएमडी के मुताबिक, उत्तर पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण 25-27 फरवरी के दौरान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में व्यापक बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। 26 और 27 फरवरी को हिमाचल प्रदेश में और 27 फरवरी को उत्तराखंड में मैदानी इलाकों में बारिश और चोटियों पर भारी हिमपात का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में हल्की बारिश और बर्फबारी हुई। पंजाब में ज्यादातर स्थानों पर, पश्चिम बंगाल में गंगा के तटीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, सिक्किम और पूर्वोत्तर के कई राज्यों गरत के साथ हल्की बारिश हुई, कुछ जगहो पर तेज हवाएं चलीं और कुछ जगहों पर बिजली गिरने की सूचना है। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में कुछ स्थानों पर इस दौरान ओलावृष्टि हुई। इस दौरान पूर्वोत्तर के राज्यों में रात के तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि देखी गई।हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर भी बर्फ गिरी है।

**आईएमडी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में हल्की बारिश और बर्फबारी हुई। पंजाब में ज्यादातर स्थानों पर, पश्चिम बंगाल में गंगा के तटीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, सिक्किम और पूर्वोत्तर के कई राज्यों गरत के साथ हल्की बारिश हुई, कुछ जगहो पर तेज हवाएं चलीं और कुछ जगहों पर बिजली गिरने की सूचना है।**

## महाकुंभ जा रहा वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : पश्चिम बंगाल से महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की वाहन धनबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई. जिसमें चार लोगों की मौत हो गई. इस हादसे में सात लोग घायल हुए हैं. जिनमें चार की हालत गंभीर है. घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. यह हादसा धनबाद के जीटी रोड पर राजगंज के दलुडीह के पास हुआ.सभी पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के हुगली के रहने वाले हैं. जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को महाकुंभ जाने के लिए सभी लोग स्कॉर्पियो से घर से निकले थे. इसी बीच करीब रात डेढ़ बजे एनएच 19 पर राजगंज थाना क्षेत्र के दलुडीह के पास स्कॉर्पियो खड़ी ट्रक से टकरा गई. जिसमें स्कॉर्पियो चकनाचूर हो गई. वहीं, पीछे से आ रही एक कार ने भी स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी. घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए. सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. स्कॉर्पियो में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. इनमें एक स्कॉर्पियो का चालक भी था. वहीं, मरने वाले अन्य तीन लोग सभी एक ही परिवार के थे. मृतकों के नाम हैं शेख राजन, पियाली साहा, सेमोली साहा और पनोवा साहा. सेमोली साहा और पनोवा साहा दोनों पति पत्नी हैं. शेख राजन चालक थे. सभी हुबली जिले के रहने वाले थे. घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया है.

## मॉब लिंचिंग : ग्रामीणों की पिटाई से 2 बकरी चोर की मौत




**घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला:** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत चाकुलिया थाना क्षेत्र के जोड़सा गांव में शुक्रवार को मॉब लिंचिंग की घटना हुई. ग्रामीणों ने गांव में बकरी चोरी करने घुसे दो युवकों को पकड़कर बेरहमी से पीटा. इस घटना में एक युवक कुशक बेहरा की मौके पर मौत हो गई,जबकि दूसरा युवक भोलानाथ महतो गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल व्यक्ति को इलाज के लिए जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. जिन बकरियों को युवकों ने चुराया था, उसमें से एक बकरी के गले में घंटी बंधी थी. घंटी की आवाज से बकरियों के मालिक हरगोविंद की नींद खुल गई. उसने चोरों को पकड़ लिया. घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## सीएम से मिला श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर का प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आगामी 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित शिव बारात में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल से महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात के आयोजन को लेकर महासमिति द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से सपरिवार शिवबारात में सम्मिलित होने का विनम्र आग्रह किया।इस अवसर पर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष राजेश साहू सहित दयाशंकर शर्मा, राजकुमार तनेजा, दीपक नंदा, राजीव वर्मा, शुभाशीष चटर्जी, राम सिंह, बादल सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

*** मुख्यमंत्री को श्री शिव बारात में सम्मिलित होने को किया आमंत्रित**

## पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बने पीएम मोदी के प्रधान सचिव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रधान सचिव-2 नियुक्त किया गया है। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा वर्तमान में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दास का कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, रहेगा। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रधान सचिव-2 नियुक्त किया गया है। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा वर्तमान में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं।एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दास का कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, रहेगा। बता दें कि दास को तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली का खास माना जाता था। जेटली ने कई मौकों पर उनकी तारीफ की थी। माना जाता है कि 8 नवंबर 2016 में पीएम का नोटबंदी का फैसला आने से पहले जिस टीम ने इस विषय पर काम किया था, उसमें शक्तिकांत दास ने भी अहम भूमिका निभाई थी। नोटबंदी मामलों पर शक्तिकांत दास तमाम मौकों पर मीडिया से बातचीत के दौरान हाईलाइट हुए थे। उनकी छवि एक जानकार अधिकारी के रूप में रही है।



## तेलंगाना में ढही सुरंग, 8 मजदूरों के फंसे होने की आशंका

**एजेंसी**

**हैदराबाद** : तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में शनिवार सुबह एक सुरंग ढह गई. बताया जा रहा है कि जिस समय सुरंग का हिस्सा ढहा, उस दौरान कई मजदूर उसके अंदर काम कर रहे थे. सुरंग में फिलहाल आठ मजदूरों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है. इस सुरंग का निर्माण कुछ दिन पहले ही फिर से शुरू हुआ था. अभी तक मिली सूचना के अनुसार सुरंग के अंदर से कई मजदूरों को बाहर निकाला गया है. सीएम रेवंत रेड्डी ने श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल दुर्घटना को लेकर कई विभागों के आला अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं. फिलहाल घटनास्थल पर राहत और बचाव का काम चल रहा है. बताया जा रहा है कि कर्मचारी पानी के रिसाव की मरम्मत के लिए गए अंदर थे. इसी दौरान इस सुरंग का एक हिस्सा ढह गया और इस वजह से आठ मजदूरों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है.नागरकुर्नूल कलेक्टर बी संतोष ने बताया कि सुरंग हादसे में आठ मजदूरों के फंसे होने की आशंका है. उन्होंने बताया कि फंसे लोगों से अभी तक कोई संपर्क नहीं हो सका है और अंदरूनी कम्युनिकेशन तंत्र भी फेल हो गया है.

**असर्फी कैंसर संस्थान**
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय पहुंचे डीडीसी सब्बीर अहमद, की योजनाओं की समीक्षा

## आवास योजना में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई : डीडीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद हुसैनाबाद पहुंचकर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज से संबंधित सभी योजनाओं की समीक्षा की। हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त ने मनरेगा, 15वीं वित्त आयोग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की प्रगति की गहणता से समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता बरने वाले पंचायत सचिव एवं संबंधित कर्मी का वेतन स्थगित करते हुए निलंबन का प्रस्ताव प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने का सख्त निदेश दिया। वहीं प्रखंड कर्मी को प्रखंड मुख्यालय में ही रहकर कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया। उप विकास आयुक्त ने तत्परता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर अग्रसर है। ऐसे में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता नहीं चलेगी। कार्यो में सक्रियता नहीं रहने के कारण मनरेगा, 15वीं वित्त आयोग एवं आवास संबंधी योजानाएं लंबित अवस्था में हैं।

**ग्राम रोजगार सेवक को अनुशासनात्मक कार्रवाई व वेतन रोकने का निदेश**

उन्होंने कहा कि मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन एवं योजना अभिलेखों का अंतिमीकरण के कार्य में पंचायत स्तर से शिथिलता बरतने से सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में बेहतर प्रदर्शन नहीं हो पा रहा है। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए हुसैनाबाद प्रखंड के पंचायत महुआरी, बेल बीघा, उपरी कला पंचायत में मानव दिवस सृजन करने में सुधार लाने का निदेश दिया। एक सप्ताह के अंदर अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर ग्राम रोजगार सेवक को अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया। साथ ही धीमी प्रगति करने वाले उर्दवार मझुराहा के पंचायत सचिव क्यूम अंसारी, जमुआ के ग्राम रोजगार सेवक शंभू तिवारी, पथरा खुर्द के पंचायत सचिव फेकन राम एवं महुअरी के ग्राम रोजगार सेवक छठ्ठु पासवान का मानदेय/वेतन पर रोक लगाने का निदेश दिया। पुरानी लंबित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि हुसैनाबाद प्रखंड में 2021-22 एवं पूर्व की वित्तीय वर्ष का 3890 योजना लंबित है, जिसमें से 1167 डंडिला पंचायत का पतराखुर्द का 669 तथा झरगड़ा पंचायत का 632 है, जो अत्यधिक है। इसके लिए योजना का स्थलीय एवं अभिलेख जांच कर एक माह के अंदर बंद करने हेतु जांच दल गठित की गई। 2021-22 एवं पूर्व की 14681 पुरानी लंबित योजनाओं को अविलंब मनरेगा सॉफ्ट में बंद करने का निदेश दिया।

**आवास योजना में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत करें कार्य**

समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने पाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत योजनाओं की स्वीकृति एवं लाभुकों को एफटीओ के माध्यम से किस्त भुगतान तथा योजना पूर्ण कराने में भी शिथिलता बरती जा रही है। उन्होंने 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत लाभुकों का निबंधन, जीयोटैग एवं स्वीकृत कराने का निदेश दिया। साथ ही आधार और खाता वेरीफाइड लाभुको को दो दिनों के अंदर प्रथम किस्त भुगतान का निदेश संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। साथ ही आवास प्लस 2.0 अंतर्गत सर्वे का कार्य पूर्ण कर सभी संबंधित पंचायत सचिव को 15 मार्च 2025 तक अच्छादन प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से समर्पित करने का निदेश दिया।

**प्रतिक्षा सूची में छूटे हुए योग्य लाभुकों का सर्वे कार्य में लाएं तेजी**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रतीक्षा सूची से छूटे हुए योग्य लाभुकों का सर्वे का कार्य धीमा रहने पर उप विकास आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने इसके लिए कार्य में तेजी लाकर प्रतिदिन अनुश्रवण करते हुए छूटे हुए लाभुकों का शत प्रतिशत सर्वे कर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

**लाभुक स्वयं भी कर सकते हैं सर्वे**

विदित हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) हेतु योग्य लाभुकों के चयन हेतु सर्वे का कार्य चल रहा है। आवास प्लस 2024 मोबाइल ऐप के माध्यम से लाभुक स्वयं भी सेर्वे कर सकते हैं। वैसे प्रत्येक पंचायत के लिए सर्वेयर को भी नामित किया गया है।

**अबुआ आवास अविलंब पूर्ण करने का निदेश**

अबुआ आवास योजना अंतर्गत तीसरा किस्त का भुगतान के बावजूद आवास पूर्ण नहीं कराने की स्थिति पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने भुगतान हो चुके लाभुकों का अविलंब आवास पूर्ण कराते हुए जीयो टैग करने का निदेश दिया। 15वीं वित्त आयोग संबंधी पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तरीय योजनाओं की प्रगति भी असंतोषजनक पाया गया। पूर्व की बैठकों में निर्देशित किए जाने के बावजूद लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गंभीर प्रयास नहीं किये जाने पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया।

**बैठक में ये रहे उपस्थित**

समीक्षा बैठक में 16 सदस्यी जिला स्तरीय गठित टीम में जिला ग्रामीण विकास शाखा के निदेशक रतन कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, लोकपाल आदि शामिल रहे। वहीं बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार, पंचायत सचिव, मुखिया, ग्राम रोजगार सेवक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, आवास योजना के प्रखंड समन्वयक, ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक, पंचायत के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

**प्रत्येक पंचायत में आवास के लाभुकों का लगाया जाएगा जनता दरबार**

उप विकास आयुक्त ने पूरे जिले में प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, पीएम-जनमन आवास आदि के लंबित लाभुकों का जनता दरबार लगाने का आदेश दिया। प्रत्येक सप्ताह बुधवार को पंचायत कार्यालय में सभी आवास संबंधी लाभुकों की समस्याओं को सुनने एवं लंबित योजनाओं में प्रगति लाने के उद्देश्य से प्रत्येक पंचायत में जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे। लाभुकों से सीधे सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा सार्वजनिक रूप से संवाद किए जाने से लाभुकों आवास निर्माण में आ रही कठिनाइयों एवं भ्रष्टाचार को दूर किए जाने में सहायता मिलेगी।

## मैट्रिक इन्टर का परीक्षा शांतिपूर्ण : केन्द्राधीक्षक



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद के अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला परीक्षा केन्द्र पर बुधवार को मैट्रिक एंव इन्टर विषय का परीक्षा लिया गया, जिसमे मैट्रिक 385 इन्टर 676 परीक्षार्थी शामिल हुए। जींस में एक अनुपस्थित मौके पर केन्द्राधीक्षक डॉ0 अशोक कुमार ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण तथा विभाग के गाइडलाइन के अनुसार लिया जा रहा है और परीक्षार्थियों और वीक्षकों के लिए बुखार, दर्द, सर्दी खांसी और ORS का घोल अपने निजी खर्च से जेनरिक दवा परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध किया है तथा परीक्षा को सफल संचालन के लिए मजिस्ट्रेट मनोज यादव शिक्षक महेन्द्र राम शंकर राम जीतेन्द्र बहादुर सिंह, अभयकांत पाण्डेय, राकेश कुमार, चंदन सिंह, मनीष राय, आशुतोष सिंह, आशीष कुमार पटेल, शैलेश कुमार शुक्ला, तथा वीक्षक अभिमन्यु पंकज, अनिल कुमार पासवान, राजकुमार राम, मो0 असलम, अवधेश प्रसाद, जीतेन्द्र राम, उपेन्द्र कुमार, अभय राम, अनिल कुमार सिंह राजकुमार पासवान विनोद कुमार चौधरी अभय सिह धर्मेन्द्र कुमार उपेन्द्र कुमार एसआई धर्मेन्द्र कुमार सिह चौकीदार जनेश्वर राम आदि मुस्तैदी के साथ तैनात थे।

## गोदरमाकला रेफ्रिजरेटर से लगी आग, एक लाख की संपति जलकर खाक



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमाकला निवासी सामाजिक कार्यकर्ता आशीष ठाकुर के सूने घर में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गयी. जिससे घर का सारा सामान जलकर राख हो गया. घटना के समय घर पर कोई नहीं था.पूरा परिवार आठ किमी दूर प्राचीन देवी स्थल चेड़ी देवीधाम पूजा अर्चना करने गया हुआ था. पड़ोसियों ने बताया कि बंद घर की खिड़की से धुआं निकलता देखकर आग लगने का अंदेशा हुआ. जिसके बाद पड़ोसियों ने घर का दरवाजा तोड़ा और अंदर गये. घर में रखे रेफ्रिजरेटर से आग की लपटें निकल रही थीं, जिससे कमरे में रखा सामान भी जल रहा था. डेढ़ घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका.लेकिन तबतक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था. आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. पीड़ित आशीष ठाकुर ने इसकी लिखित सूचना बिश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी को दी है. श्री ठाकुर ने बताया कि एक लाख से भी ज्यादा की संपति जलकर खाक हो गयी है. उन्होंने आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने का गुहार सीओ से लगाया है. सीओ राकेश तिवारी ने मामले के जांच के लिये अंचल निरीक्षक को आदेश दिया है।

## पलामू एसपी के निर्देश पर ब्लड उपलब्ध कराया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर अस्पताल में भर्ती सगालीम गांव के अत्यंत गरीब मुन्ना भुइया के पुत्र पीयूष कुमार थैलेसीमिया का बीमारी से ग्रसित है। जिसको शरीर में ए पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता थी। ब्लू का वैकल्पिक व्यवस्था नहीं रहने पर यह जानकारी पुलिस अधीक्षक पलामू रेशमा रमेशन को हुई। पलामू एसपी ने तत्काल पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्यों को निर्देश दिया कि तत्काल गरीबों निसहाय बच्चा को एक यूनिट ए पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध कराया जाए। तत्परता दिखाते हुए पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे सचिव लालू उरांव, संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार के द्वारा तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर एक यूनिट ब्लड सगालीम निवासी मुन्ना भुईया को उपलब्ध कराया। ब्लड मिलने पर बच्चा के माता-पिता के द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस के जवानों को नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

## मुखिया ने दो लाभार्थी के अबुआ आवास का गृह प्रवेश कराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** किशुनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता के द्वारा ग्राम मनिका में दो लाभुक के नवनिर्माण अबुआ आवास का गृह प्रवेश कराया। गृह प्रवेश कराने के उपरान्त मुखिया ने कहा कि झारखंड सरकार के कल्याणकारी योजना योग्य लाभुकों तक पहुंच रही है। जिसका लाभ गरीब वर्ग के लोग उठा रहे हैं। मोके पर उप मुखिया विकास साव, बबीता देवी, कबूतरी देवी, मनोरमा देवी, रूपेश उपाध्याय, शशिकांत दुबे, दिनेश सोनी उमेश सोनी, विनोद प्रजापति लव सोनी, प्रमोद सोनी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## नाबालिग को ट्रक ने कुचला, मौत

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को हुसैनाबाद प्रखण्ड के दंगवार में बस स्टैंड के समीप चौराहे पर दंगवार-कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन मोड़ पर भीषण सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें ट्रक की चपेट में आने से साइकिल चला रहे एक 12 वर्षीय नाबालिक युवक की मौत हो गया। मृतक दंगवार निवासी रिंकू विश्वकर्मा का 12 वर्षीय पुत्र दीपू विश्वकर्मा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक चालक को घेर लिया तभी दंगवार ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और उसे सुरक्षित दंगवार ओपी ले गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने दंगवार-जपला मुख्य सड़क को जाम कर दिया एवं मुआवजा की मांग कर रहे हैं।

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विभाग का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे आदेशपाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को कृषि व पशुपालन विभाग की ओर से ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुखिया गणों को संबंधित जानकारी दी जानी थी। कार्यक्रम में गव्य विकास की ओर से आदेशपाल विभाग का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे वह भी बिना किसी तथ्यों के इस पर कई मुखिया गणों ने आपत्ति जताई। कार्यक्रम में चैनपुर के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पशुपालकों को अनुदानित दर पर पशुधन उपलब्ध कराए जाते हैं। इससे संबंधित योजनाओं की जानकारी मुखिया गण अपने पंचायत वासियों को दें व जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम में मुखिया गणों ने आरोप लगाया कि गव्य विकास विभाग की ओर से क्षेत्र विशेष के लोगों को ही अधिक योजनाओं का लाभ दिया जाता है। चयन प्रक्रिया में अनियमितता बरती जाती है। यदि जांच हो तो अनियमिता स्वतः ही उजागर हो जाएगी।

## लेंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा 40 मरीजों का हुआ मोतियाबिंद का मुफ्त ऑपरेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पलामू डीबीसी व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट द्वारा शनिवार को मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में नेत्र विशेषज्ञों ने लेंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा 40 मरीजों का मुफ्त ऑपरेशन किया. इससे पहले शिविर का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार व संस्था के प्रबंध न्यासी अखिलेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया. डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि आंखों की रौशनी लौटना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है. उन्होंने शिविर आयोजित करने वाली दोनों संस्थाओं की जमकर तारीफ की.प्रबंध न्यासी अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पलामू डीबीसी व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट पलामू प्रमंडल के विभिन्न जगहों पर शिविर लगाकर लोगों का मुफ्त ऑपरेशन कराती है. बिश्रामपुर में शिविर लगाने में विलंब हुआ जिसके कारण लाभार्थियों की संख्या कुछ कम रही. अगली बार ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ प्रदान करने का प्रयास रहेगा. उन्होंने शिविर के सफल आयोजन में अहम योगदान देने वाले सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार, लेखा प्रबंधक मृगेंद्र कुमार, पंकज पांडेय, सहित सभी स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति आपभार व्यक्त किया. मौक पर कई लोग मौजूद थे।

## अपर समाहर्ता ने पाटन अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** जिले के अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने शुक्रवार को पाटन अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंनेदाखिल-खारिज, आय, जाति व आवासीय प्रमाण पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी दस्तावेजों को समय पर निर्गत करने का निर्देश दिया। इसके अलावे राजस्व वसूली के लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करने की बात कही।अपर समाहर्ता श्री कुमार ने म्यूटेशन स्वीकृति एवं भू मापी स्वीकृति से संबंधित मामलों की जांच की। उन्होंने सीओ को परिशोधन पोर्टल का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने की बात कही ताकि आमजन भूमि से जुड़े शिकायत इस पोर्टल के माध्यम से कर सकें। इसी तरह वे रिजेक्ट म्यूटेशन के कारणों से भी अवगत हुए।उन्होंने लैंड डिमार्केशन, नीलाम पत्र वाद, अवैध जमा बंदी, ई-रेवेन्यू कोर्ट, लगान रसीद निर्गत करने संबंधित आदि की जांच करते हुए सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार निष्पादन करने को लेकर सीओ को निर्देशित किया। मौके पर पाटन सीओ राकेश श्रीवास्तव, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज कुमार पांडेय, सीआई व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिरसा सिंचाई कूप योजना किसानों के लिए संजीवनी, अब किसानों की खेती नहीं रहेगी वर्षा पर निर्भर

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार की बिरसा सिंचाई कूप योजना किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार कर कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आजीविका में सुधार करना है।योजना का संचालन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और राज्य योजना मद के तहत किया जा रहा है। इसके तहत राज्य के पात्र किसानों को सिंचाई कूप (कुएं) के निर्माण की सुविधा दी जा रही है, जिससे उनकी खेती वर्षा पर निर्भर न रहे और जल संकट की समस्या दूर हो सके। इसके साथ ही, इस योजना के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। **किन्हें मिलेगा लाभ?** इस योजना का लाभ मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), घुमंतु जनजाति, गरीबी रेखा (BPL) से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों और शारीरिक रूप से अक्षम किसानों को मिलेगा। **योजना के तहत किए जाने वाले कार्य :** पात्र किसानों की भूमि पर सिंचाई कूप (कुएं) का निर्माण किया जाएगा। उन जमीनों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनका ढलान 3 प्रतिशत से कम हो। योजना के तहत मनरेगा मजदूरों को 100 दिनों का रोजगार मिलेगा। **कैसे करें आवेदन?** इच्छुक किसान ग्राम पंचायत, प्रखंड विकास कार्यालय (ब्लॉक) या जिला प्रशासन कार्यालय में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए भूमि दस्तावेज और पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक होंगे।यह योजना किसानों को सिंचाई के बेहतर साधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि लाने में अहम भूमिका निभा रही है ।

## गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर पीपरा बाजार बंद कर किया प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा (पलामू) :** पीपरा थाना क्षेत्र के तेंदूई पंचायत अंतर्गत होलया दुबटिया- जपला पथरा रोड पर बीते शुक्रवार की देर शाम हाइवा के चपेट में आने से बाइक सवार छात्र हिमांशु कुमार की मौत से गुस्साए लोगों ने पहले हाईवा को आग के हवाले कर दिया। बाद में घटना स्थल पर पहुंची पुलिस प्रशासन को भी ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा। बता दें कि मृतक पीपरा बाजार निवासी सुदर्शन गुप्ता का पुत्र है जो कि अपनी चचेरी बहन (सरोज गुप्ता) के पुत्री आदिति कुमारी को जपला से इंटर की परीक्षा दिला कर घर लौट रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार हाइवा के चपेट में आने से हिमांशु की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार आदिति कुमारी गंभीर रूप से घायल होने के बाद एमएमसीएच में इलाजरत है उधर आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि माइंस संचालकों की मनमानी और लापरवाही से सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रही है। इसका खामियाजा लोगों को जान गवांकर भुगतना पड़ रहा है। बावजूद इसके प्रशासन माइंस संचालकों और हाइव चालकों की बचाव में लगी रहती है। सड़क की हालत बदतर है। सूचना के बाद पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, पीपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजन सिंह, सरैया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विकाश तिवारी रंजीत गुप्ता उमेश सिंह शिवआश्रय सिंह भीम प्रजापति अभिमन्यु चंद्रवंशी अरुण मिश्रा सिकेनदर गुप्ता सुजीत गुप्ता राहुल गुप्ता रवि रोशन निरंजन सिंह छोटू ठाकुर सहित सैंकड़ों लोग इस दुख की घड़ी में मृतक के परिजनों के साथ दिखे और मुआवजे की मांग पर जोर दिया। इसके पहले घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवा में आग लगा दी और टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। शनिवार को पीपरा बाजार बंद कर दुबटिया-जपला-पथरा रोड पीपरा बाजार के पास जाम कर प्रशासन से मुआवजे सहित कई मांग रखी। मौके पर मौजूद छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव ने मृतक के परिजनों को मुआवजे दिलाने और जख्मी छात्रा की समुचित इलाज कराने, हाइवा के द्वारा ओवरलोडिंग बंद कराने सहित सभी जायज मांगों को पूरा करने का भरोसा देते हुए सड़क जाम को हटवाया। इस दौरान पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता और प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने कहा कि यदि सभी मांगे शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी। इस अवसर पर सर्किल इंस्पेक्टर द्वारिका राम, पीपरा सीओ जितेंद्र कुमार, बीडीओ विनय कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर सह हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार, पत्थरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी जगह जगह पर कैंपिंग किए हुए हैं।

## हाथियों भगाने को लेकर वन विभाग की स्पेशल टीम कर रही कड़ी मशक्कत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के सोहर कला, केवटा जंगल में रात्रि को बांकुड़ा बंगाल से आए स्पेशल टीम ने हाथियों को भागने को लेकर कड़ी मशक्कत किया। इस दौरान टीम ने अपने तरीके से प्रयास किया। इस संदर्भ में प्रभारी वनपाल अजीत कुमार ने बताया कि लातेहार, बालूमाथ होते हुए केंदु, कसारी, सोहर, टूटीलावा पिरी होते हुए एलिफेंट कॉरिडोर है जो हजारीबाग की ओर निकल जाता है। वर्तमान में इंसानों के द्वारा हुए भौगोलिक छेड़छाड़ के कारण हाथी अपने कॉरिडोर को पहचान नहीं पा रहे हैं और रास्ता भटक जा रहे हैं। जिस कारण वह गांव के समीप वाले जंगल में अपना डेरा डाल दिये हैं। हाथी रातों में गांव में घुसकर फसलों को खाते हैं और दिन में जंगलों में ही छुप जाते हैं?। इस वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। वन विभाग काफी दिनों से लगातार प्रयास कर रहा है की हाथियों को अपने कॉरिडोर की रास्ता दिखा सके परंतु सफलता हाथ नहीं लग पा रही है। फिलहाल बंगाल से एक स्पेशल टीम बुलाई गई है जो हर रात हाथियों को रास्ता दिखाने का प्रयास कर रहा है फिलहाल अभी तक सफलता प्राप्त नहीं हुई है। इस दौरान ढोल, मसाला लेकर एवं बम पटाखा आतंकवादी कर कई तरह के प्रयास किया जा रहे हैं कि हाथियों को उनके रास्ते पर लाकर आगे बढ़ाया जा सके। मौके पर स्पेशल टीम के अलावे वन विभाग के विकास यादव, आशीष तुरी, राकेश सिंह सहित वन विभाग के कई कर्मी मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संक्षिप्त खबरें

### चैती दुर्गा पूजा महासमिति,भुताहा तालाब इस वर्ष करेंगी भव्य पूजा का आयोजन

**रांची :** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुताहा तालाब इस वर्ष 2025 श्री चैती दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू कर दी गई है उसकी पहली शुरुआत मां भवानी की प्रतिमा बनाने के लिए महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू द्वारा मूर्तिकार रामपाल जी को प्रतिमा का फोटो दिया गया और एडवांस किया गया। मुख्य संरक्षक किशोर साहू के द्वारा कही कई है इस बार 2 मार्च को श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की एक आम बैठक रखी गई है, जिसमें आय व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह) के द्वारा किया जाएगा और साथ ही पूरानी कमेटी भंग करनी है अथवा वही सुचारु रूप से चलेगी उस पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।इस उपलक्ष्य में महासमिति के संजय कुमार सिंह (लल्लू सिंह), नमन भारतीय, आकाश रजक, करण सिंह, मोहित रजक, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह, पवन रजक, यश वर्मा, प्रियांशु वर्मा आदी कार्यकर्त्ता मौजूत थे।

### पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क कैंसर जांच मेगा कैंप का समापन 23 फरवरी को

**रांची :** विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल, एचइसी में दो दिवसीय निःशुल्क कैंसर जांच मेगा कैंप लगाया जा रहा है। इस कैंप का समापन 23 फरवरी दिन रविवार को होगा। कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक लगेगा। कैंसर के मरीज या जिन लोगों में कैंसर से संबंधित लक्षण दिख रहे वो इस कैंप में निःशुल्क जांच करवा सकते है। सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसे ब्लड शुगर आदि की जांच भी निःशुल्क होगा। स्वास्थ्य पैकेज पर भी विशेष छूट दिया जायेगा। पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने कहा पारस हॉस्पिटल में कैंसर मरीज के दो दिन निशुल्क कैंप लगाया गया।

# अचानक थाने पहुंच गये एसएसपी थानेदार को कर दिया सस्पेंड

**पिठोरिया थानेदार गौतम राय को लेकर पिछले कई दिनों से पुलिस उपमहानिरीक्षक सह रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के पास शिकायतें लगातार आ रही थी।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पुलिस उपमहानिरीक्षक सह रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार की देर रात्रि अचानक निरक्षण करने पिठोरिया थाने पहुंचे, तो थाना को देखकर दंग रह गये। थाने में न तो थानेदार नजर आए और न ही कोई अन्य पुलिस कर्मी। थाने में अव्यवस्था का आलम ये था कि स्टेशन डायरी भी अपडेट नहीं किया गया था। बताया जा रहा है कि पिठोरिया थानेदार गौतम राय को लेकर पिछले कई दिनों से पुलिस उपमहानिरीक्षक सह रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के पास शिकायतें लगातार आ रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाने के निरीक्षण के दौरान कई खामियां दिखी इसके बाद शनिवार को उन्होने थाना प्रभारी गौतम राय पर कार्रवाई करते हुए उन्हे निलंबित कर दिया। पुलिस उपमहानिरीक्षक सह रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्टेशन डायरी तक मेंटेन नहीं की गयी थी।


ऐसे में यह माना जाता है कि पिठोरिया थानेदार अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाह, अनुशासनहीन, कर्तव्यहीन तथा एक अयोग्य पुलिस पदाधिकारी हैं। इसी वजह से उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

# झारखंड में फिल्म की शूटिंग करने का काफ़ी अनुकूल माहौल है : बीरु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चेन्नई/रांची :** फिक्की द्वारा 21 और 22 फ़रवरी को चेन्नई में आयोजित मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिज़नेस कॉनक्लेव में झारखंड फ़िल्मि डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड ने भी भाग लिया है । इस कॉनक्लेव में झारखंड, महाराष्ट्र और गुजरात पार्टनर स्टेट की भूमिका में हैं । कॉनक्लेव का उद्घाटन तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा किया गया । इस अवसर पर साउथ के प्रसिद्ध फ़िल्मिकलाकार कमल हसन , तृषा कृष्णन सहित दक्षिण भारत के कई फिल्मकार और कलाकारों ने भाग लिया ।

**फ़िल्मिकारों को झारखंड में फ़िल्मि की शूटिंग के लिए किया गया आमंत्रितः** कॉनक्लेव में झारखंड की ओर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक बीरू कुशवाहा और जेएफडीसीएल के सहायक कंपनी सचिव अमन कुमार ने भाग लिया। बीरू कुशवाहा ने बताया कि नॉलेज




सीरीज सेशन के दौरान उपस्थित सभी फ़िल्मिकारों को झारखंड में फ़िल्मि की शूटिंग के लिए आमंत्रित किया गया । बताया गया कि झारखंड में फ़िल्मि की शूटिंग करने का काफ़ी अनुकूल माहौल है । झारखंड की खूबसूरत वादियाँ और कई मनमोहक पर्यटक स्थल है जो फ़िल्मि की शूटिंग के लिए बेहतरीन हैं। इस दौरान झारखंड के पर्यटक स्थल, कला संस्कृति ,माइंस सहित झारखंड की विशेषताओं पर आधारित एक वीडियो डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। झारखंड में फ़िल्मि बनाने के लिए सरकार दे रही है अनुदान कुशवाहा ने बताया कि मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिज़नेस कॉनक्लेव में उपस्थित फ़िल्मिकारों को जेएफडीसीएल द्वारा फ़िल्मिकारों को दिए जाने वाले अनुदान के संबंध में जानकारी दी गई । उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार, झारखंड में फ़िल्मि को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है। झारखंड में फ़िल्मि के बनाने के लिए सरकार अनुदान भी दे रही है । झारखंड में फ़िल्मि और फ़िल्मिकारों एवं कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए झारखंड फ़िल्मि डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड(छ्व्स्न्ष्ठष्टरु) की स्थापना की गई है ।

## कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी मूलवासी का केवल शोषण और दमन शामिल है : समीर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद समीर उरांव ने झारखंड कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी सी के राजू के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उरांव ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी का बयान पूरी तरह दिखावा है। सच्चाई से कोसों दूर है। कहा कि सच्चाई तो यह है कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास आदिवासी मूलवासी के विरोध से भरा हुआ है।कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी मूलवासी का केवल शोषण दमन शामिल है।कहा कि झारखंड की जनता तो कांग्रेस का चाल चरित्र से पूरी तरह अवगत है। कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने झारखंड अलग राज्य आंदोलन की बोली लगाई। स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा से लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा तक के आंदोलन को कुचलने ,खरीदने का काम कांग्रेस पार्टी के इतिहास में काला अध्याय है। कहा कि आजाद भारत में कांग्रेस शासन की शुरुआत ही आदिवासियों के दमन से हुआ है। खरसावां गोलीकांड आदिवासी समाज कैसे भूल सकता है। कांग्रेस सरकार ने कैसे हजारों आदिवासियों को गोलियों से भूंजा यह आदिवासी समाज के दिलों में दर्ज है।

# रूफटॉप बार,रेस्टोरेंट को निगम ने बंद करने का दिया आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अपर प्रशासक संजय कुमार के कोर्ट में रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित कुल 36 रूफटॉप बार/ रेस्टोरेंट के संचालकों के विरुद्ध अनधिकृत निर्माण वाद चल रहा था। जिसके जांच क्रम में तीन रूफटॉप बार/ रेस्टोरेंट का स्वीकृत नक्शा पाया गया एवं शेष 33 रूफटॉप संचालकों के द्वारा संतोषप्रद साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में रूफटॉप बार/ रेस्टोरेंट को तत्काल प्रभाव से पूर्ण रूपेण बंद करने का आदेश पारित किया गया।संबंधित रूफटॉप के संचालक द्वारा अनधिकृत संरचना के पुनरीक्षण हेतु भवन प्लान आवेदन, आदेश की तिथि से 30 दिनों के



अंदर झारखण्ड भवन उपविधि 2016 के अंतर्गत विहित प्रक्रिया BPAMS के तहत, देने हेतु निदेश दिया गया है। पुनरीक्षण भवन प्लान आवेदन हेतु इस आदेश से 30 दिनों के अन्दर यदि भवन उपविधि के विहित प्रपत्र में आवेदन नहीं दिया जाता है तब संबंधित संरचना को 30 दिनों के अन्दर हटाना सुनिश्चित किया जाएगा। 30 दिनों की अवधि के अन्दर यदि स्वयं संचालक के द्वारा नहीं हटाने पर रांची नगर निगम द्वारा संरचना को हटाया जाएगा एवं उसके हटाने में हुए व्यय की वसूली संबंधित संचालक से की जाएगी।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन चुनाव को लेकर उम्मीदवार मांग रहे हैं वोट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 28 फरवरी को तय है। सभी उम्मीदवार झारखंड के सभी जिले का भ्रमण कर रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। शनिवार को झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार मुर्मू हैं और इनके साथ उपाध्यक्ष पद के लिए पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार रजक, संगठन सचिव पुलिस अवर निरीक्षक मंटू कुमार साहू, संयुक्त सचिव संतोष कुमार महतो, उपाध्यक्ष पद पर सहायक अवर निरीक्षक अशोक कुमार तिवारी, महामंत्री सहायक अवर निरीक्षक संजीव कुमार, संयुक्त सचिव राकेश पाण्डेय शामिल हैं। अपनी टीम के साथ पुलिस कर्मियों के लिए आने वाले समय में क्या क्या कर सकते हैं, उन वादों को पूरा करने के लिए पुलिस कर्मियों से मिल रहे हैं।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** लिटिल गार्डन हाई स्कूल नेज़ाम नगर , हिंदपीढ़ी रांची में 25 व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह और विज्ञान /सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।। 25 वां वार्षिकोत्सव में समारोह पूर्वक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय रंजन सिंह, पूर्व आईपीएस, आबिद अली अंसारी अध्यक्ष जेपीएमसी ,प्रोफेसर आरिफ अली, देवेंद्र महतो सामाजिक कार्यकर्ता, अयूब अली सामाजिक कार्यकर्ता,



तारिक हुसैन वरिष्ठ शिक्षक,हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी ,पूर्व वार्ड पार्षद मो. असलम, अफरोज आलम, शादाब खान ,मिल्लत पंचायत, ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी, पेंटिंग, चित्रकला तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार कि गए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की लोगों ने सराहना की।सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं का एक से बढ़कर एक प्रस्तुति लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर विद्यालय के तरफ से मेघावी छात्र छात्राओं को विद्यालय के मुख्य अतिथि संजय रंजन सिंह के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया। अतिथियों को टोकन ऑफ लव प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल मोहम्मद शकील ने कहा कि विद्यालय द्वारा छात्र छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण स्तरीय शिक्षा और संस्कार देने के कारण आज विद्यालय कई विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर, सीए और कई ऊंचे पद पर हैं।

# न्यूरोसर्जरी विभाग में स्पाइन सर्जरी को मिली सफलता : डॉ प्रभात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल, रांची के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। शनिवार को न्यूरोसर्जरी विभाग में पहला ऑपरेशन सफल रहा । रोगी दो महीने से पैर को हिला डोला नहीं पा रहा था। स्पाइन सर्जरी के तुरत बाद रोगी का पैर में ताकत आ गया, लेकिन अभी आराम करने को कहा गया है। डॉ प्रभात कुमार ने आगे बताया कि बोकारो के चंदनक्यारी के रहने वाले 64 वर्षीय अशोक भगत का पैर में सूजन आ गया था



जिस कारण से उसके दोनों पर किसी तरह से काम नहीं कर रहा था और वह काफी परेशान थे। ऐसे में वह सदर अस्पताल आए और हम लोगों ने एक टीम बनाई । जिसमें सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार के अलावा डॉक्टर अखिलेश झा ,डॉ अशोक कुमार मुंडा, डॉ विकास कुमार ,डॉक्टर वसुधा गुप्ता ,डॉ नीरज कुमार सहित ओटी असिस्टेंट में प्रणव, लखन, वसीम, नीरज की टीम थी और सभी ने सहयोग किया और अच्छे तरीके से ऑपरेशन को सफल बनाया गया । सफल ऑपरेशन होने के बाद न सिर्फ मरीज संतुष्ट हुए, बल्कि इसके परिजनों के भी चेहरे में मुस्कान देखने को मिली।

# सरकारी स्कूलों में छात्रों को सामान्य ज्ञान की शिक्षा जरुरी : बादल राज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** शिक्षा अधीक्षक रांची जिला बादल राज ने सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं सामान्य ज्ञान के प्रति जानकारी रखने के लिए सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है । शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों के प्रिंसिपलों से मिले और उन्हें यह जानकारी दें कि सोमवार से लेकर शनिवार तक प्रत्येक दिन सुबह 9 से 3 बजे के बीच सामान्य ज्ञान से जुड़े पचास प्रश्नो की सूची भेजी गई है ये सभी छात्र-छात्राओं को याद कराना है, इस सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी को फोन से कभी भी पूछा जा सकता है। आगे कहा है कि स्कूल में सभी छात्र-छात्राओं से सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्नोत्तरी विशेष रूप से कक्षा में याद कराये, ताकि छात्र-छात्राओं को सामान्य ज्ञान के प्रति जानकारी हो सके। खासकर झारखंड से जुड़े चीजों की जानकारी छात्र-छात्राओं को अवश्य होनी चाहिए । इस उद्देश्य से एक सूची भी तैयार की गई है , जिसमें झारखंड के राज्यपाल कौन हैं,मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष से लेकर झारखंड का राजकीय फूल ,राजकीय पशु सहित अन्य तरह की जानकारियां छात्र-छात्राओं को देने के लिए निर्देश दिया है, ताकि छात्र-छात्राओं से कोई भी सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे तो तुरंत जवाब दे सके । साथ ही साथ जिला शिक्षा अधीक्षक ने यह भी बताया कि छात्र-छात्राओं कोई भी कहीं भी उससे सवाल करें तो वह स्पष्ट रूप से निडर होकर पूछे गए सामन्य ज्ञान के सवालों का जवाब दे सके।

# अंबेडकर जयंती पर होगा रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** दिशा समिति, रांची की बैठक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सेठ ने केंद्र प्रायोजित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा किया। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से जुड़ सकें, इस दिशा में काम करें। ससमय योजनाओं को पूर्ण करें और उपयोगिता प्रमाण पत्र भारत सरकार को भेजें। इसके बाद ही आगे विकास के कार्य हो सकेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की योजनाओं की समीक्षा के दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर के गति प्रगति की समीक्षा की और निर्देशित किया कि अप्रैल माह में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती के दिन इसका लोकार्पण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही एनएच के अधिकारियों ने बताया कि जून में नयासराय आर ओबी का उद्घाटन कर दिया जाएगा और 4 माह के बाद नगड़ी आर ओबी का भी उद्घाटन होगा। मुर्गू में डायवर्सन के समीप बना रहे पुल को लेकर आ रही समस्या पर रक्षा राज्य मंत्री ने चिंता जताई और एनएच के अधिकारियों से इस पर त्वरित गति से काम करने को कहा। अधिकारियों ने मंत्री को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही इसका एक फेज का निर्माण पूर्ण हो जाएगा और आवागमन शुरू कर दिया जाएगा।रक्षा राज्य मंत्री ने जल जीवन




मिशन की धीमी प्रगति पर चिंता जताई और इस योजना के प्रति गंभीरता बरतने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़कों के निर्माण पूर्ण होने को लेकर रक्षा राज्य मंत्री ने गंभीरता दिखाने का निर्देश दिया। अरगोड़ा कटहल मोड सड़क दोनों तरफ से ढाई ढाई मीटर चौड़ी की जाएगी।

वहीं रांची में इस वर्ष गर्मी में पेयजल की समस्या नागरिकों को नहीं हो, इस निमित होली के बाद जुडको, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की बैठक होगी; जिसमें रांची के जल संकट से समाधान पर चर्चा की जाएगी। मंत्री ने निर्देशित किया कि सभी योजनाएं गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूर्ण हों, यह तय करें। इस अवसर पर खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत, विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, रांची के डीसी मंजुनाथ भंजनत्री सहित सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हत्या के आरोप में दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** ग्रामीम एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि ईटकी थाना क्षेत्र से दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि श वादी नरेश लोहरा जो उरूगुटू करमा टोली पतरातु, थाना ठाकुरगाँव, जिला राँची के निवासी है उसने अपने फर्दव्यान में उल्लेख किया गया है कि सुन्दर जो तिलकसूती, थाना इंटकी, जिला राँची एवं अन्य अभियुक्तों ने इनके पुत्र रविन्द्र लोहरा, उम्र करीब 16 वर्ष की हत्या गोली मारकर कर दिया गया है। उक्त कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उप-महानिरीक्षक -सह-वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक बेड़ों राँची के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना एवं तकनिकी सहयोग के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त सुन्दर दास, तिलकसूती, थाना इंटकी, जिला राँची को राँची-गुमला रोड स्थित ग्राम चचगुरा मध्य विद्यालय के पास से घटना में प्रयुक्त 09 एम0एम0 का एक देशी पिस्तौल, 02 जिन्दा गोली एवं एक रामपुरी



चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

**बरामद सामान का विवरणः** घटना में प्रयुक्त 09 एम0एम0 का एक देशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा,दो जिन्दा गोली,एक रामपुरी चाकू,एक खोखा

**छापामारी दल के सदस्यः** अशोक राम, पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो राँची, पु0अ0नि0 अभिषेक कुमार, थाना प्रभारी इंटकी, पु0अ0नि0 देव प्रताप प्रधान, थाना प्रभारी बेड़ो,पु0अ0नि0 संतोष कुमार यादव, थाना प्रभारी लापुंग, पु0अ0नि0 नागेश्वर साव, थाना प्रभारी नरकोपी,पु0अ0नि0 सुमित कुमार दास, अनुसंधानकर्ता इंटकी थाना, पु0अ0नि0 विवेक कुमार दूबे, इंटकी थाना, पु0अ0नि0 शुभम कुमार, नगड़ी थाना, पु0अ0नि0 देवानन्द कुमार यादव, नगड़ी थाना, स0अ0नि0 मणीभूषण कुमार, इंटकी थाना, स0अ0नि0 बालकिशोर हेम्ब्रम, ईटकी थाना, स0अ0नि0 सुनील कुमार मुर्मू, ईटकी थाना सशस्त्र बल ईटकी थाना शामिल थे।

## राज्य सरकार और चैंबर के बीच संवाद हमेशा बना रहना चाहिए : पांडेय

**रांचीः** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर के तत्वावधान में शनिवार को चैंबर भवन में संवाद 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने राज्य सरकार की ओर से व्यवसाय और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न पहलुओं पर ध्यान दे रही है, जैसे उद्योगों के लिए उपयुक्त नीति बनाना, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और कारोबारी माहौल को सरल बनाना।


## झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

### आवश्यक सूचना

**सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि षष्टम् झारखण्ड विधान सभा का द्वितीय (बजट) सत्र दिनांक-24/02/2025 (सोमवार) से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

(माणिक लाल हेम्ब्रम)
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, रांची।

ज्ञाप संख्याः- जनसम्पर्क-02/2025-295/वि0स0, रांची, दिनांकः- 13/02/25

# अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पिपरवार पुलिस का छापेमारी अभियान जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के न्यू मंगरदाहा गांव से अगवा हुए कोयला कारोबारी आशिक अली के 12 घंटे के बाद घायल अवस्था में बरामदगी के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पिपरवार पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान जारी है।गुप्त सूचना के आधार पर पिपरवार पुलिस के द्वारा करीब दो दर्जन से अधिक संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा चुकी है,जिसमें पिपरवार पुलिस को कई अहम सुराग भी मिलने की सूचना हैं।चतरा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय और टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।इस दौरान पिपरवार पुलिस सीमांत एरिया पर व्यापक स्तर पर अभियान चला रही है।वहीं आसपास के जंगलों में भी पुलिस का अभियान जारी है।इसके अलावा पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।आसपास के थाना क्षेत्रो की पुलिस का भी सहयोग इसमें लिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।इधर अपराधियों के चंगुल से मुक्त हुए घायल कोयला कारोबारी आशिक अली की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है।वही इस तरह की घटना के बाद न्यूमंगरदाहा गांव के लोगों में भी दहशत का माहौल देखा जा रहा है।पिपरवार पुलिस पूरे मामले पर गंभीर होकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# पिपरवार के होशिर गांव में आयोजित पांच दिवसीय महायज्ञ में शामिल हुए विधायक रोशनलाल चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के होशिर गांव में पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरुआत शनिवार से कलश यात्रा के साथ की गई।इस कलश यात्रा में गांव के सैकड़ो महिला एवं पुरुष शामिल हो गया।यह कलश यात्रा गांव का भ्रमण कर पास के नदी में पहुंची,जहां विधि विधान से पूजा के बाद श्रद्धालु कलश में जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पहुंचे।इधर महायज्ञ के पहले दिन निकाले गए कलश यात्रा में बड़कागांव के भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी भी शामिल हुए।इस दौरान महायज्ञ समिति एवं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर विधायक रोशनलाल चौधरी का स्वागत किया।महायज्ञ में शामिल हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने क्षेत्र राज्य एवं देश की सुख शांति एवं खुशहाली की कामना की।इस संबंध में विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से गांव का वातावरण शुद्ध होता है और लोगों मे धार्मिक ज्ञान की भावना बढ़ती है।गांव की सुख शांति और खुशहाली के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जाता है,जिससे गांव का वातावरण भी भक्तिमय रहता है।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से भी इस तरह के धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा,अरुण कुमार सिंह,दिलेश्वर महतो, चुरामन महतो,जगदीश मुंडा, नंदकिशोर साव सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं महायज्ञ समिति के लोग मौजूद थे।

## मारंगहादा बाजार में झामुमो द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान




**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को पूर्व प्रखंड अध्यक्ष खूंटी सह संयोजक मंडली सदस्य प्रखंड खूंटी शंकर सिंह मुंडा की अध्यक्षता में खूँटी प्रखण्ड के मारंगहादा पंचायत के मारंगहादा बाज़ार में समय 11 बजे से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा सदस्यता अभियान चलाया गया। काफी संख्या में पंचायत के अलग-अलग ग्राम से आए हुए लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान झामुमो खूंटी जिला संयोजक मंडली सदस्य मगन मनजीत तिडू, डॉ? हेमन्त तोपनो एवं खूंटी प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य शंकर सिंह मुंडा, प्रकाश नाग मुंडा, विजय संगा, विमल पहान, विक्की श्रीवास्तव, सीमा कुमारी, संदीप तिडू,मंगल होरो,प्रहलाद ठाकुर,नंदराम मुण्डा, विजय टूटी, सिंगराय टूटी,ओबेद टुटी, विजय मुंडा, महादेव मुंडा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर में मां का सांतवा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा मुरी रेलवे मार्केट के समीप शुक्रवार को श्री श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर में मां का सांतवा स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष मंदिर परिसर पहुंचे। पुरोहित आचार्य यज्ञानंद मिश्रा द्वारा महाजलाभिषेक किया गया एवं षोड़षोपचार पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ (पंचम अध्याय) पुष्पांजलि, सामुहिक हवन एवं आरती की गई। एवं भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस पूजन में काफी महिलाएं बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।शाम के समय मां अम्बे की आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने में श्री श्री वैष्णवी दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्य का काफी सरहानिय योगदान रहा।

## डहु प्रीमियर लीग क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट के बरियातू टीम बना चैंपियन



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र स्थित डहु में आयोजित द्वितीय वर्ष डहु प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच टूर्नामेंट का समापन हुआ। फाइनल मुकाबला ईरबा बनाम बरियातू के बीच खेला गया। ईरबा को हरा कर बरियातू की टीम चैंपियन बनी। समापन समारोह के अतिथि जेएलकेएम पार्टी के नेता शाकिर अंसारी,समाजसेवी कलाम अंसारी, कांग्रेस के जिला महासचिव नईम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि खाद आपूर्ति विभाग के सफीउल्लाह अंसारी रहे। विजेता बरियातू की टीम को प्रथम पुरस्कार 50 हजार रूपए व बड़ा ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम ईरबा को 30 हजार रुपए व ट्राफी प्रदान किया गया। मैन ऑफ द मैच शादाब आफ द टूर्नामेंट शाकिब को मिला। इस मौके पर अतिथि समाजसेवी कलाम अंसारी ने कहा कि सरकार खेल को बढ़ावा देने प्रतिबद्ध है। खेल से भाईचारे व अपनापन की भावना जागृत होती है। जेएलकेएम नेता शाकिर अंसारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार जीत लगी रहती है निराश नही होने चाहिए। खेल को अनुशासन व भाईचारे के साथ खेलें। असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। खेल जीवन मे संघर्ष करना सीखाती है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सफीउल्लाह अंसारी उपाध्यक्ष, संचालनकर्ता सहित ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

## झारखंड में मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक, जेएलकेएम नेता शाकिर अंसारी ने सरकार पर साधा निशाना

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**झारखंड में मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले पर जेएलकेएम नेता सह समाजसेवी शाकिर अंसारी ने वर्तमान सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है और जेपीएससी, जेएसएससी के बाद अब जैक बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक होना राज्य के लिए गंभीर विषय है। यह घटना राज्य के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। श्री अंसारी ने कहा कि छात्र-छात्राएं सालों तक मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन परीक्षाएं रद्द हो जाती हैं, जिससे उनकी मेहनत व्यर्थ जाती है। उन्होंने वर्तमान सरकार को पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं आयोजित करने में विफल बताया और छात्र हित में हर परीक्षा में असफल होने का आरोप लगाया।

# मानवता की सेवा में अहम है नर्सों की भूमिका : सुनेश्वर महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड क्षेत्र स्थित हुटूप ईरबा में अमृता कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज में लैंप लाइटिंग व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वक?ताओं ने कहा कि नर्सिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो सीधे इंसानियत की सेवा से जुड़ा है। पीड़ि?त मानवता की सेवा, ईश?वर की सेवा है। इससे पूर्व जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग छात्रों के लिए नाइटिंगल 2025 समारोह का शुभारंभ किया गया। एसीबी विभाग के एसपी सहदेव साहू ने सेवा भावना को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही कहा कि यह संस?थान रांची के श्रेष्ठतम संस्थानों में से एक है। कॉलेज का अनुशासन और यहां के शिक्षकों एवं छात्रों की प्रतिभा सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अमृता नर्सिंग कॉलेज एक आने वाले समय में अमिट छाप छोड़ेगा।संस्थान के निदेशक सुनेश्वर महतो ने अपने संबोधन में कहा कि अमृता नर्सिंग कॉलेज में अध्ययन करने वाले छात्रों को एक दिन भी इंतजार किए बिना रोजगार प्राप्त होने का रिकॉर्ड बना है। पिछले वर्ष यहां के 500 छात्र सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में सेवारत हुए हैं जो कि गर्व का विषय है। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज की प्रबंधक निदेशक इंदु कुमारी ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम में अमृता नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचाया व सबका मन मोह लिया।

# बिरदा मैदान में दो दिवसीय नाईट सर्कल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** कर्रा प्रखंड के बिरदा मैदान में दो दिवसीय नाईट सर्कल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शान क्रिकेट क्लब बिरदा के तत्वधान में किया गया था जिसमे मुख्य अतिथि खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा, विशिष्ट अतिथि तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, एवं जिला संयोजक प्रमुख जुबैर अहमद उपस्थित रहे. सभी सम्मानित अतिथियों के द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सामूहिक फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया. जिसका उद्घाटन मैच ब्लैक टाईगर बनाम् ब्लू पैंथर सिलमा के बीच खेला गया.आयोजक समिति की ओर से सभी सम्मानित अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया. टुर्नामेंट पर अथिति के रूप में झामुमो केन्द्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, सुशील पहान, राहुल केशरी, शेख फिरोज, बिरेन्द्र सिंह, महादेव मुंडा मौजूद रहे. वही टुर्नामेंट को सफल बनाने में शान क्रिकेट क्लब अध्यक्ष तौकीर आलम, सचिव इम्तियाज आलम, संचालक महफूज आलम, मोकिम अंसारी, अंसार खान, अरफाद आलम, बिलगु केशरी, छोटू, असजद अंसारी के अलावे अन्य ग्रामवासी का मुख्य योगदान रहा।

# बचरा खेल मैदान में 28 फरवरी को होगा वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समापन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल के मगध संघमित्रा एरिया की मेजबानी में आगामी 28 फरवरी को पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में सीसीएल स्तरीय वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समापन सह पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम को लेकर मगध संघमित्रा एरिया प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे भव्य पंडाल और स्टैज का निर्माण कराया जा रहा है।पंडाल और स्टैज बनाने को लेकर कारीगर के द्वारा दिन रात काम किया जा रहा है। शनिवार को मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ ने विभागीय अधिकारियों के साथ बचरा चार नंबर खेल मैदान का औचक निरीक्षण कर इसकी तैयारी का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को समारोह की तैयारी को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।इस संबंध में महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने बताया कि 28 फरवरी को मगध संघमित्रा एरिया की मेजबानी में बचरा चार नंबर खेल मैदान में सीसीएल स्तरीय वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में खान सुरक्षा महानिदेशक,खान निदेशक, सीसीएल सीएमडी,निदेशक, आईएसओ सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रो की टीम व एनटीपीसी,डीवीसी और हिन्डाल्को की टीम इस समारोह में शामिल होंगे।उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में सीसीएल के सभी क्षेत्रों में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का समापन किया जाएगा, जबकि बेहतर प्रदर्शन एवं सुरक्षा के साथ कार्य करने वाले क्षेत्रों व मजदुरो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।समारोह को सफल बनाने के लिए मगध संघमित्रा एरिया प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।जीएम नृपेंद्र नाथ ने क्षेत्र के सभी अधिकारी,कर्मचारी, श्रमिक प्रतिनिधि के अलावा विस्थापित ग्रामीणों से भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### विकास इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग नेवरी विकास में विदाई समारोह का किया आयोजन

# छात्रों के समर्पण और शैक्षणिक यात्रा को सम्मान देने का एक मौका होता है : राधा चरण सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शनिवार को विकास इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग नेवरी विकास रांची में जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा सीनियर छात्र-छात्राओं को गुलदस्ता देकर एवं चीफ गेस्ट विकास सेवा निकेतन के अध्यक्ष राम लखन मेहता, विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूटशंस के डायरेक्टर राधा चरण सिंह, प्रिंसिपल डॉ0 ए0पी0 सिंह, डॉ0 एस0पी0 सिंह, डॉ0 सुमन व सभी फैकल्टी एवं स्टाफ द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित फेयरवेल पार्टी कार्यक्रम का सुभारम किया। इस विदाई समारोह में एएनएम सत्र 2022-24 के 50 छात्रओं को विदाई दिया गया।अवसर पर जूनियर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इस कार्यक्रम के माध्यम से सीनियर छात्रों ने कॉलेज में बिताये अपने अनुभव साझा किये और बताया कि विकास इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग अन्य शिक्षण संस्थानों की अपेक्षा बेहतर शिक्षण एवं प्रिशिक्षण कराती है संस्था में सभी तरह की सुविधा छात्र-छात्राओं को मिलती है। सभी शिक्षक एवं छात्रों के आपस में अच्छा व्यवहार रहता है जिसके चलते छात्रों का रिजल्ट शत प्रितिशत रहता है संस्था से पढ़कर निकलने वाले छात्रों का प्लेसमेंट अच्छे अस्पतालों में होता है इस मौके पर विकास इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग, नेवरी विकास रांची के निदेशक राधा चरण सिंह ने सभी छात्रों के बेहतर भविष्य के कामना करते हुए कहा की आप लोग जहाँ भी रहें, पुरे इमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वाहन करें और संस्था तथा अपने माता पिता का नाम रौशन करें। वहीं समारोह के चीफ गेस्ट राम लखन मेहता ने छात्रों की उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए कहा की संस्था में शिक्षण एवं प्रिशक्षण बहुत ही सुचारू रूप से चल रहा है यहाँ के छात्र-छात्राएं बहुत ही अनुशासन के साथ अपने कार्य का निर्वहन करते हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की संस्था में अच्छे से शिक्षा ग्रहण करें और जहाँ भी जाएँ अच्छे से अपने कार्य का निर्वहन करें एवं अपने अन्दर सेवा भावना का विकास करें, इस अवसर पर मिस फेयरवेल को ट्राफी देकर समानित किया गया साथ ही पूर्व में आयोजित प्रोग्राम एवं उल्लेखनीय कार्यों, अनुशासन के लिए छात्राओं को प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकास इंस्टीच्यूट के प्राचार्य डा0 ए0पी0 सिंह, निदेशक, राधा चरण सिंह, डा0 शिव प्रसाद सिंह, डॉ0 सुमन कुमारी, एस0 के0 तिवारी, राम लखन मेहता, सतेन्द्र सिंह, अनील सिंह, मो0 इरशाद, मो0 नाज़िश, मोनिका कुमारी, अनुराधा कुमारी, अनूपा खलखो, श्रेया झा, नीता कुमारी, शालिनी कुमारी, अलिया कुमारी, सुमित कुमार एवं समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ठाकुरगांव के खिजूर टोला स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण से निकली तीन दिवसीय भव्य कलश यात्रा

**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजूर टोला में तीन दिवसीय हनुमान मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाला गया। महोत्स्व के पहले दिन सुबह 5¬30 बजे हनुमान मंदिर का पट



खोला गया, और मंदिर परिसर को सफाई करने के बाद पूरे विधिविधान से सुबह 9¬00, बजे बजरंगबली का आरती किया गया। साथ में सभी कलश यात्रियों के नामांकन और कलश दिया गया और दोपहर 12¬30 बजे गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी, जो खिजुर टोला हनुमान मंदिर से लगभग दो से तीन किलोमीटर भुर नदी से जल लेकर वापस श्री हनुमान मंदिर प्रांगण पहुँचने पर कलश यात्रा कर आ रही 511 महिलाओं पर मंदिर के पदाधिकारीओं एवं सदस्यों के द्वारा पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया गया। पंडित जी ने पूजा संपन्न करायी। उसके बाद गौरी गणेश पूजन, वेदी पूजन, आरती और पुष्पाजली हुई और भोग का प्रसाद 4¬00 बजे शाम में वितरण किया गया। इस कलश यात्रा अवसर में उपस्थित गुरुगाई मुखिया जयंती देवी ने भगवान का प्रार्थना किया और कलश यात्रा में शामिल महिलाओं और पुरुषों को चुनरी ओढ़कर सम्मानित किया साथ ही फीता काट कर कलश यात्रा निकालने में सहयोग किया इस कलश यात्रा में विशेष रूप से योगदान देने में अध्यक्ष अजय यादव, उपाध्यक्ष रामलखन गोप,सचिव दीपक गोप, सचिव दिनेश गोप, गिरधारी गोप, महामंत्री अशोक गोप, महामंत्री संतोष गोप, उपसचिव विनय मुंडा ने बढ़ चढ़ पूजा में हिस्सा लिया ।

## टाटीसिलवे में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन शनिवार को हुआ। श्रद्धालुओं से खचाखच भरे पंडाल में कथा के अंतिम दिन पूज्य इंद्रेश जी उपाध्याय ने कथा के दौरान मधुमंगल के हास्य प्रसंग, केशी वध, कंस उद्धार, सुदामा की मित्रता, रुक्मिणी विवाह और 16108 विवाह जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया। मधुमंगल और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में भक्तों ने हास्य रस का आनंद लिया, जब मधुमंगल ने श्रीकृष्ण से उनके मुकुट और पीतांबर मांगे ताकि गोपियां उनसे प्रेम करें। वहीं, केशी राक्षस के वध की कथा ने भगवान की शक्ति का परिचय कराया, जब श्रीकृष्ण ने अपने हाथों से राक्षस का संहार किया। कंस वध के प्रसंग में भगवान के बाल्यकाल की अद्भुत लीलाओं और अत्याचारी कंस के अंत की कथा सुनाई गई। इसके बाद सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता ने भक्ति और प्रेम का भाव उत्पन्न किया, जब गरीब ब्राह्मण मित्र को श्रीकृष्ण ने अपार वैभव प्रदान किया। इंद्रेश जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह और 16108 विवाह प्रसंग में बताया गया कि भगवान ने रुक्मिणी को हरण कर विवाह किया और बाद में नरकासुर से मुक्त कराई गई 16108 कन्याओं से विवाह कर उन्हें सम्मान दिया। भक्तों ने इस कथा को सुनकर जयकारे लगाए और भक्ति भाव में डूब गए। कथा के उपरांत इंद्रेश जी महाराज ने भक्तों के बीच जाकर 45 मिनट तक होली खेली। इस दौरान पूरे पंडाल में फूलों की बौछार होती रही। महाराज जी स्वयं पुष्प टोकरी से फूल उठाकर भक्तों पर बरसाते रहें, जिससे माहौल पूरी तरह वृंदावन की होली जैसा हो गया। उन्होंने वृंदावन की होली का जिक्र करते हुए कहा, भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में प्रेम, आनंद और उत्सव का संदेश दिया। वृंदावन की होली प्रेम और भक्ति का प्रतीक है, जहां राधा-कृष्ण संग गोपियां भी आनंदित होती थीं। इस भव्य समापन समारोह में सुबह 7 बजे से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटने लगी थी। जैसे-जैसे समय बढ़ता गया 9 बजे तक पूरा पंडाल 10 हजार से अधिक भक्तों से भर गया। श्रद्धालुओं ने कथा, भजनों और होली के उत्सव में पूरी श्रद्धा और आनंद के साथ भाग लिया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 162 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कथा के चौथे दिन पूज्य इंद्रेश जी महाराज ने भी स्वयं रक्तदान कर लोगों से इस नेक कार्य में भाग लेने की अपील की थी। यह रक्तदान शिविर रिम्स ब्लड बैंक और हेल्थ पॉइंट ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया था। महाराज जी ने व्यास पीठ से कहा था- रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इससे हम न जाने कितनी जिंदगियों को बचा सकते हैं। यह भी एक सच्ची भक्ति है। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति टाटीसिलवे के अध्यक्ष रासेश्वर नाथ मिश्रा ने कहा कि इस आठ दिवसीय कथा महोत्सव में भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान किया और उनके जीवन से जुड़े गूढ़ रहस्यों को समझा।श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। इसमें समस्त मानव जाति के कल्याण का मार्ग है। टाटीसिलवे में हुए इस पावन आयोजन ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति, प्रेम और सेवा का संदेश दिया, जो लंबे समय तक उनकी स्मृतियों में अंकित रहेगा।

## हेसल नाईटेंगल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव धूम धाम से मनाया गया

**अनगडा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसल पुरुलिया सड़क के समीप संजीवनी में नाइटेंगल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव बहुत ही धूम धाम से सह विदाई समारोह आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पश्चिमी जिला परिषद अनुराधा मुंडा विशिष्ट अतिथि पूर्वी जिला परिषद राजेंद्र शाही मुंडा रामशाय मुंडा नरेश साहू शामिल हुए सभी अतिथि को अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया गया इस कार्य क्रम में छोटे छोटे बच्चो के द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर अनुराधा ने कहा कि आज इस प्रोग्राम में आकर मुझे बहुत खुशी हो रहा की इतने छोटे से स्कूल में बच्चो को इतनी अच्छी तालीम दी जा रही मैं इस स्कूल के संस्थापक और शिक्षकों को बधाई के पात्र हैं कि आपने इन बच्चो का भविष्य को संवारने का बीड़ा उठाया है आगे इस कार्यक्रम में बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया मौके पर स्कूल के डायरेक्टर रेयाज नूर आलम प्रिंसिपल सलेहा आजमी वाइस प्रिंसिपल मनीष राय डॉ गुलजार अंसारी फारूक अंसारी सकील अंसारी कुदुश अंसारी मुबारक अंसारी इलयाश अंसारी प्रेम दीपक और सभी शिक्षक पेरेंट्स आदि शामिल थे ।

## रमजान के पूर्व मानगो क्षेत्र की साफ- सफाई समेत स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करे निगम : अंसार खान



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक पूर्व प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में मानगो क्षेत्र का प्रतिनिधि मंडल मानगो नगर निगम के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार को तीन सूत्री मांग सौंपा गया। अंसार खान ने बताया मानगो क्षेत्र में कई जगह पर नालियां जाम पड़ी हुई हैं जिससे गंदा पानी रोड पर बहता है। कई जगह पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। दूसरी ओर मानगो क्षेत्र में 50 परसेंट स्ट्रीट लाइट खराब हो चुकी है। रमज़ानुल मुबारक महीना जल्द शुरू होने जा रहा है उसको देखते हुए मानगो क्षेत्र में जल्द से जल्द नालिया साफ़ कराया जाए और कचरे को उठाया जाए और स्ट्रीट लाइट बनवाया जाये। अरविंद कुमार अग्रवाल ने आश्वासन दिया है रमजान आने से पहले नालियों की सफाई और कचरे को उठा दिया जाएगा साथ ही खराब स्ट्रीट लाइट का सर्वे करा कर हमें दिया जाए जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटों को ठीक करा दिया जाएगा। आज प्रतिनिधि मंडल में अली इमाम, आफताब आलम, आदिल खान, छोटू, खुर्शीद आलम, मोहम्मद शमसी, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद हसन आदि शामिल हुए।

## चोर के संदेह में ग्रामीणों ने एक को पकड़ कर किया धुनाई, निकला विक्षिप्त



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सालुकडीह गांव में शनिवार को ग्रामीणों ने चोर के संदेह में एक को दबोच लिया एवं धुनाई कर दिया। ग्रामीणों ने पुछताछ करने पर वह अपना नाम अलग अलग बताया गया, जिससे ग्रामीणों का संदेह और बढ़ गया और धुनाई कर दिया। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस गांव पहुंचे और चोर के संदेह में पकड़े व्यक्ति को कब्जे में लेकर चिकित्सा हेतु अस्पताल भेज दिया। पुछताछ में वह अपना नाम अहखर बताया, हालांकि अपना पता नहीं बता पाया। बताया जा रहा है कि वह विक्षिप्त है और भटकते हुए सालुकडीह गांव पहुंच गया था, जहां ग्रामीणों ने चोर के संदेह में पकड़ लिया। मालूम हो कि ईचागढ़ में कई गांवों में चोरी का घटना से लोग भयाक्रांत है। गांवों में लोग रात्रि पहारा कर चोरी का घटना को रोकने में प्रयासरत हैं। वहीं थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति विक्षिप्त है। उन्होंने कहा कि विक्षिप्त का इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चोरी का घटना को रोकने के लिए ग्रामीण रात को सतर्क है ,यह अच्छा पहल है।

## शोभा सहाय ट्रस्ट ने चलाया फाइलेरिया मुक्ति अभियान



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शोभा सहाय ट्रस्ट के तत्वाधान में आज एमडीए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का पहला दिन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जमशेदपुर पूर्वी के डीसीसी, जिला मलेरिया ऑफिसर ए. मित्रा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, अनु कुमारी, खुशबू सहाय, सुनील सहाय, एमडीए फलेरिया अवेर्नेस की टीम मौजूद थे। इस अवसर पर महिला, पुरुष, स्कूल, मॉल सभी जगह दवाई खिलाई गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे शोभा सहाय ट्रस्ट के सदस्यों की भागीदारी रही। लोगो से आग्रह किया कि फाइलेरिया रोधी दवा खाना है, झारखंड को फ्लेरिया मुक्त बनाना है।

## बोड़ाम में बासूली बाबा की वार्षिक पूजा कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु, खुशहाली की कामना



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत बोंटा - बोड़ाम मुख्य सड़क पर चिमटी गांव के समीप स्थित बाबा बासूली थान में हर साल की भांति इस साल भी क्षेत्र की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हुए पूजा अर्चना की गई। इस दौरान करीब एक किमी तक दोनों ओर से श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगी और व्रतियों ने शांतिपूर्ण तरीके से बासुली ठाकुर की आराधना की। इसमें लोगो ने अपने परिवार की सुख, शांति व समृद्धि की कामना करते हुए मन्नतें मांगी जबकि मन्नतें पूरी होने पर सैकड़ों लोगों ने बकरे, मुर्गी व कबूतर की बलि चढ़ाई। इसमें खास बात यह है कि इसके पुजारी पहाड़िया (आदिम जनजाति समुदाय) जाति से आते हैं और उनके द्वारा ही पूजा की जाती है। मान्यता है कि मुख्य सड़क के किनारे स्थित पूजा स्थल पर शीश झुकाकर पार होने से संकट टल जाते हैं। इसमें बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों के अलावा पटमदा, जमशेदपुर, नीमडीह समेत आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इसमें मुख्य पुजारी के रूप में डमन पहाड़िया हैं जबकि उनके सहयोगी के रूप में धनुराम पहाड़िया हैं। रविवार को बासुली देवी की पूजा होगी जो इस पूजा स्थल से कुछ दूरी पर हैं।

## अंचल कार्यालय में राजस्व विभाग का एक दिवसीय शिविर आयोजित



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ अंचल कार्यालय में शनिवार को राजस्व विभाग कि ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से भूमि सुधार उप समाहर्ता विकास कुमार राय उपस्थित थे। झारखंड सरकार के द्वारा सभी अंचल कार्यालयों में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं श्री राय ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर सभी अंचलों में शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य खारिज दाखिल, पंजी 2 में नाम व प्लाट नंबर जोड़ने, रसीद कटाने व लगान वसूली आदि का आवेदन जमा करने और उस पर त्वरित कार्रवाई करना है। उन्होंने कहा कि आवेदनों का निष्पादन भी कैम्प में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। मौके पर अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, बीडीओ एकता वर्मा, अंचल निरीक्षक राजेश्वर पंडित, राजस्व कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल, दो वाहन क्षतिग्रस्त

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांड्रा थाना क्षेत्र में दो अलग अलग जगहों पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक घायल हो गया जबकि दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पहली घटना कांड्रा-चौका मुख्य मार्ग के पुराना पोस्ट ऑफिस जाने वाली सड़क पर घटी जहां एक टेम्पो द्वारा बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी गई जिससे युवक घायल हो गया। इस घटना में बाइक के आगे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया है कि बाइक सवार युवक चांडिल से कांड्रा होते हुए गम्हरिया स्थित किसी कंपनी में ड्यूटी जा रहा था। टक्कर मारने के बाद चालक टेम्पो लेकर फरार हो गया। दूसरी घटना कांड्रा-चौका मार्ग पर ही रेलवे ओवर ब्रिज के पास घटी जिसमें टाटा अल्ट्रोज़ कार को पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे हाइवा द्वारा ठोकर मार दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टाटा अल्ट्रोज़ कार और हाईवा दोनों एक ही दिशा से आ रहे थे। कांड्रा रेलवे ओवर ब्रिज के पास कार की गति धीमी करते ही पीछे से आ रहे हाइवा उससे टकरा गया।

# जैक बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचे एडीएम और एसडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर:** जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संचालन को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा पदाधिकारियों को भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण एवं परीक्षा के सफल संचालन का निर्देश दिया गया है. इसी क्रम में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार, एसडीओ घाटशिला सुनिल चंद्र, एलआरडीसी घाटशिला नीत निखिल सुरीन, एलआरडीसी धालभूम गौतम कुमार, सभी बीडीओ और सीओ द्वारा परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा। औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को भी कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया है । गौरतलब है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा पहली पाली में प्रातः 9:45 बजे से 1:00 बजे तक वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) द्वितीय पाली में अपराह्न 2.00 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित की जा रही । मैट्रिक परीक्षा को लेकर घाटशिला अनुमंडल में 26 तथा धालभूम अनुमंडल में 45, कुल 71 परीक्षा केन्द्र तथा इंटर की परीक्षा घाटशिला अनुमंडल में 12 और धालभूम अनुमंडल के 23, कुल 35 परीक्षा केन्द्र में हो रही हैं। इस वर्ष 10वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के 25380 परीक्षार्थी तथा इंटर के कला संकाय में 13595, विज्ञान में 4697, वाणिज्य में 3964, कुल 22256 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

## हुडको एकादश ने डिमना एकादश को हराया, खरकई एकादश को मिली जीत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मीडिया कप 2025 में खेले गए मैच में हुडको एकादश ने डिमना एकादश को और खरकई ने कालीमाटी एकादश को हरा दिया। कीनन स्टेडियम में खेले गए मैच में हुडको एकादश ने डिमना एकादश को 35 रनों हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हुडको एकादश ने 15 ओवर में 6 विकेट पर 146 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए डिमना एकादश की टीम 15 ओवर में आठ विकेट पर 111 रन ही बना सकी। रोहन कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे मैच में खरकई एकादश ने कालीमाटी एकादश को छह विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कालीमाटी एकादश ने सात विकेट पर 127 रन बनाए। खरकई एकादश ने 13.2 ओवर में चार विकेट पर 132 रन बनाकर मैच जीत लिया। बाबू वसीम को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इससे पहले कल टाई हुए सुवर्णरेखा एकादश और डिमना एकादश के मैच का फैसला करने के लिए शनिवार को सुबह सुपर ओवर का सहारा लिया गया।

## कांग्रेस के कोल्हान प्रमण्डल स्तरीय संगठनात्मक बैठक में शामिल हुये नवनियुक्त प्रदेश के राजू

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चाईबासा :** कोल्हान प्रमण्डल स्तरीय कांग्रेस संगठनात्मक बैठक का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आह्वान पर चाईबासा कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी के. राजू , विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सीएलपी लीडर प्रदीप यादव, उप सीएलपी लीडर राजेश कच्छप, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक सोनाराम सिंकू सहित नेतागण शामिल हुए। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, पूर्वी सिंहभूम के सभी प्रखंड अध्यक्ष और सभी मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष मुख्य रूप शामिल हुए। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने बैठक को संबोधित करते हुए सुझाव दिया कि कांग्रेस पार्टी के चारों विभागीय मंत्री का प्रत्येक जिला में एक एक प्रतिनिधि का नियुक्ति होने से आम जनता का कार्य में तेजी आएगी। जिससे कांग्रेस पार्टी आम जनता से जुडेगी। संगठन मजबूत होगा। जिसपर प्रदेश प्रभारी के. राजू ने आश्वासन दिया। पूर्वी सिंहभूम जिला से वरिष्ठ नेतागण में रामाश्रय प्रसाद, अशोक चौधरी, विजय खान, के के शुक्ल, काल्टु चक्रवर्ती, प्रिंस सिंह, परितोष सिंह, तापस चटर्जी, शमशेर खान, कार्यकारीअध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर, अमित राय, शिवजी यादव, एल बी सिंह, अखिलेश सिंह यादव, भरतयात्री अमरजीत नाथ मिश्र, किशन लाल महतो, जयराम हाँसदा, राहुल गोस्वामी भी शामिल हुए। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस से प्रबंधन कार्य संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र तिवारी ने सम्पादित किया।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन चुनाव 28 को, राहुल एवं संतोष की टीम पहुंची जमशेदपुर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** झारखंड पुलिस एसोसिएशन जमशेदपुर (महासंघ) की आगामी 28 फरवरी को होनेवाले केंद्रीय पदाधिकारियों के चुनाव प्रचार हेतु प्रांतीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार मुर्मू अपनी टीम के साथ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी रोहित कुमार रजक एवं अशोक कुमार तिवारी, महामंत्री पद के प्रत्याशी संजीव कुमार, संयुक्त सचिव पद के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो एवं राकेश कुमार पांडेय तथा संगठन सचिव पद के प्रत्याशी मंटू कुमार साहू शनिवार को जमशेदपुर पहुंचे। जहां जमशेदपुर जिला, रेल जमशेदपुर, जैप 6 जमशेदपुर, सीटीसी मुसाबनी, आईआरबी 2 मुसाबनी के शाखा पदाधिकारी, सदस्य एवं प्रतिनिधियों ने सबों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान राहुल कुमार मुर्मू एवं संतोष कुमार महतो के टीम को जमशेदपुर के वोटरों ने प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रांतीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार मुर्मू समेत टीम के सभी प्रत्याशियों ने बारी-बारी से बैठक के दौरान अपने विचारों को रखें। राहुल कुमार मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि सभी सदस्यों के मान सम्मान, लंबित मामलों का निष्पादन, सदस्यों के क्वालिटी लाईफ, आधारभूत संरचना आदि पर विशेष फोकस करना टीम की प्राथमिकता है। उन्होंने अपने टीम के सदस्यों को जीत दिलाने की अपील की।

## विधायक संजीव सरदार की पहल पर 7 साल बाद करनडीह में स्टेडियम निर्माण को मिली हरी झंडी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** ग्रामीण खेल प्रतिभाओं के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है. पोटका विधानसभा क्षेत्र के करनडीह में वर्षों से लंबित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम का निर्माण कार्य आखिरकार फिर से शुरू हो गया है। इस ऐतिहासिक पहल पर स्थानीय युवाओं और कई पंचायत के लोगो ने विधायक संजीव सरदार का जोरदार स्वागत किया और लड्डू वितरण किया। लोगों का कहना है कि इस स्टेडियम से आस पास के कई पंचायत जैसे हारहरगुटू, करनडीह, कीताडीह, बागबेड़ा, सुंदरनगर समेत कई इलाकों के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगा. इस स्टेडियम का निर्माण झारखंड सरकार की स्वीकृति के बाद 8.42 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जो पहले 4.64 करोड़ रुपये प्रस्तावित था। इस स्टेडियम में फुटबॉल, एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, हैंडबॉल और टेबल टेनिस समेत कई खेलों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही, 4,000 दर्शकों की बैठने की क्षमता वाला गैलरी और पवेलियन भी बनाया जाएगा। यह निर्माण कार्य 18 महीनों के भीतर पूरा होने की संभावना है। इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना एक सौभाग्य की बात है। यह स्टेडियम क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को बेहतरीन खेल सुविधाएं प्रदान करेगा।

## शिक्षा में बहुभाषावाद को बढ़ावा दे रहा टाटा स्टील फाउंडेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सुकिंदा :** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर, टाटा स्टील फाउंडेशन ने शिक्षा में बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया। टाटा स्टील के सुकिंदा क्रोमाइट माइन कैंपस स्थित सबल केंद्र में स्थानीय शिक्षकों के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में भाषाई विविधता के संरक्षण और समावेशी शिक्षा प्रणाली के महत्व पर गहन चर्चा हुई। इस सत्र में स्थानीय क्षेत्र के करीब 30 स्कूल शिक्षक, जिनमें कालियापानी, रंसोल, कंसा और चिंगुदीपाल पंचायतों के शिक्षक शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कक्षा शिक्षण में बहुभाषावाद को प्रभावी रूप से लागू करने पर विचार-विमर्श किया। सत्र में खदान परिसर स्थित स्टुअर्ट स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और श्रम शक्ति हाई स्कूल के शिक्षक भी शामिल हुए। इस अवसर पर टाटा स्टील के फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के एक्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज सतीजा ने कहा, भाषा और संस्कृति एक-दूसरे के पूरक हैं और किसी भी समाज की मूलभूत संरचना का हिस्सा हैं। समृद्ध भाषाओं के बिना एक प्रगतिशील समाज की कल्पना अधूरी रह जाती है।

# दशकों पुरानी मांग हुई पूरी, बड़ौदा घाट पर बॉक्स ब्रिज निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**- नया बस्ती, बाबाकुटी, रिवर व्यू कॉलोनी, रेलवे सोसायटी, बड़ौदा घाट, प्रधान टोला, रानीडीह के करीब डेढ़ लाख लोगों को मिलेगा फायदा**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बागबेड़ा वासियों की दशकों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई। पथ निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत टाटानगर रेलवे स्टेशन से बड़ौदा घाट पथ पर बॉक्स ब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास पोटका विधायक संजीव सरदार ने किया। 4.69 करोड़ की लागत से बनने वाला यह 150 फीट लंबा पुल अगले 18 महीनों में तैयार होगा। पुल के बन जाने से नया बस्ती, बाबाकुटी, रिवर व्यू कॉलोनी, रेलवे सोसायटी, बड़ौदा घाट, प्रधान टोला, रानीडीह के करीब डेढ़ लाख लोगों को फायदा मिलेगा। दो साल पूर्व से ही इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों का आवागमन बाधित था, जिससे अस्पताल और स्कूली वाहनों को आने जाने में काफी दिक्कत हो रही थी। पुल बनने के बाद इन परेशानियों से अब जनता को निजात मिलेगा। विधायक संजीव सरदार ने मौके पर कहा कि यह सिर्फ एक पुल नहीं, बल्कि जनता की वर्षों पुरानी उम्मीदों की पूर्ति है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी विकासशील सोच और दृढ़ निश्चय से झारखंड में बुनियादी ढांचे का विस्तार हो रहा है। यह पुल न केवल लोगों की परेशानी दूर करेगा बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास को भी रफ्तार देगा।

**जनता की मांग हुई पूरी :** विधायक संजीव सरदार ने बताया कि ठीक एक वर्ष पूर्व तत्कालीन मंत्री बसंत सोरेन के समक्ष पुल निर्माण की मांग रखी गई थी। पुल के संदर्भ में झारखंड विधानसभा में भी इस मामले को विधायक संजीव सरदार ने उठाया था. सरकार की प्रतिबद्धता और जनता की जरूरतों को प्राथमिकता देने के कारण अब यह कार्य धरातल पर उतर रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पोटका विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति तेज हो रही है। इस शिलान्यास के अवसर पर पूर्व जिला पार्षद किशोर यादव, बहादुर किस्कू, मनोज नाहा, नितेश सरकार, मायावती टुडू, संतु कर्मकार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## राशन कार्डधारी 28 फरवरी तक करा ले परिवार के सभी सदस्य का ई-केवाईसी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित सभी लाभुकों का ई-केवाईसी पूर्ण करने का लक्ष्य 28 फरवरी तक निर्धारित किया गया है। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी राहुल जी आनंद जी ने शहरी अनुमंडल क्षेत्र के लाभुकों से तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने ग्रामीण क्षेत्र के सभी राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा कि अपने पीडीएस संचालक से संपर्क कर राशन कार्ड में उल्लेखित परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी जरूर करायें अन्यथा आने वाले समय में खाद्यान्न उठाव नहीं कर सकेंगे। वहीं, अपात्र राशन कार्डधारियों से भी कार्ड सरेंडर करने की अपील की गई है। अन्यथा जांच के क्रम में पकड़े जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# तीन दिवसीय 'रेडियंट झारखंड' मेगा प्रदर्शनी का समापन

**● अतिथियों ने आयोजक संस्था व प्रतिभागियों की सराहना की**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** विजुअल मिथ्स की ओर से लोहगणी (होटल रमाडा) में पहली बार आयोजित तीन दिवसीय 'रेडियंट झारखंड' मेगा प्रदर्शनी का शनिवार को समापन हो गया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि जमशेदपुर के सांसद विद्युत बरण महतो तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, सम्मानित अतिथि के रूप में करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. रियाज, अलकबीर पॉलिटेक्निक के डॉ. वारिश इमाम तथा कुलदीप संस ज्वेलर्स के निदेशक सुनील वर्मा मौजूद रहे. समापन संबोधन में सांसद ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी आयोजित होने से लोगों को सरकार के विभिन्न विभागों एवं योजनाओं से अवगत होने का अवसर मिलता है. रेडियंट झारखंड की ओर से आयोजित तीन दिन की प्रदर्शनी से हजारों लोग लाभान्वित हुए. इसके लिए उन्होंने आयोजक संस्था विजुअल मिथ्स तथा प्रतिभागी संस्थाओं को साधुवाद दिया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को प्रदर्शनी ने साकार करने में कदम बढ़ाया है. कई स्टॉल पर जहां आधुनिक एवं विकसित भारत की झलक देखने को मिली. वहीं कई ऐसे स्टॉल लगाए गए थे. जहां पर युवाओं को सिखने एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली. इससे पहले स्वागत संबोधन विजुअल मिथ्स की नीतू पाल गुप्ता ने किया. जबकि कार्यक्रम का संचालन उदय चंद्रवंशी ने किया. गौरतलब हो कि प्रदर्शनी की शुभारंभ 20 फरवरी को किया गया था.




**बेस्ट स्टॉल को किया गया सम्मानित :** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, बोस संस्थान, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI), राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, परमाणु ऊर्जा विभाग, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (DFCCIL), लघु उद्योग विकास बैंक ऑफ इंडिया (SIDBI), भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), CSIR-केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान, CSIR- दक्षिण पूर्वी रेलवे, जन-औषधि, पौध किस्म और किसान अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित एवं विकास निगम (NSTFDC), खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC), कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA), जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (TRIFED), केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (CIPET), कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) और आधार (UID)।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

# हिस्सेदारी की सरहद

**हिस्सेदारियों** की सरहद पर फैसला हुआ भी तो क्या, हम तो सर्द हवाओं से बचने के लिए पहुंचे थे। पहाड़ को जानने की कोशिश जब न होगी, तब यूं ही मुकद्दर के पांव जख्मी होंगे। बात हिमाचल के जख्मी हालात की है, तो दर्द के लम्हें कैसे भरे जाएंगे। पूछता है हिमाचल कि आपदा राहत के पैमाने क्यों टूट रहे हैं, बार-बार। क्यों केंद्र की अंगुलियां मुक्का बन गईं, राहत का वार्तालाप सुनकर। कुछ अर्जियां सामने हैं, तो परियोजनाओं का सामान बिखरा है। ऐसे में अचानक रेल परियोजनाओं ने हिमाचल के आर्थिक कद से हिस्सेदारी को निचोडऩे की जिरह का प्रक्षेपण किया है। केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू अपना हिसाब लेकर आए या केंद्र की बिसात पर भानुपल्ली-बिलासपुर, तलवाड़ा-नंगल और चंडीगढ़-बद्दी रेल परियोजनाओं का मूल उद्देश्य अब केंद्र के मानदंडों में उलझ गया है। कभी इन्हीं रास्तों पर अटल सरकार का औद्योगिक पैकेज आया था, तो आज रेल पैकेज क्यों नहीं। केंद्रीय रेल राज्यमंत्री जरा जम्मू-कश्मीर से गुजरती पटरियों की ओर देखें कि उनकी लागत में देश की प्राथमिकताएं तो जिरह नहीं करती थीं। वहां तो किसी ने नहीं पूछा कि राज्य की भागीदारी कितने किलोमीटर चली। मसला पर्वतीय राज्यों का है तो यह हक उस मोहल्ले का भी है जहां परिवेश के मायने आर्थिक नहीं, पर्यावरणीय विकास है। अगर सारे मानक हिमाचल पर लाद कर पूछा जाता कि तुम चल कितने कोस सकते हो, तो शायद यह राज्य यहां नहीं पहुंचता। अगर तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार केंद्र की नरसिम्हा राव की कांग्रेस सरकार से बिजली उत्पादन पर मुफ्त बिजली का अधिकार न पाते, तो आज राज्य के कोष में 1744 करोड़ न आते। बात राज्यों को नगीना बनाने की है और इसीलिए पिद्दी से हिमाचल को केंद्र से इतनी सडक़ें मिलीं कि यह पहाड़ी राज्यों का आदर्श बन गया। हिमाचल के हर कदम के साथ केंद्र का कदमताल था और यह बतौर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के बयान से भी जाहिर होता है। ऐसे में क्या हिमाचल खुशफहमी का शिकार है या डबल इंजन सरकार की दरकार है। अभी तो दो-ढाई साल गुजरे हैं, लेकिन अमानत में खयानत होगी, तो राजनीति का ढर्रा और बिखराव करेगा। हो हल्ला होना चाहिए, ताकि ऊर्जा का पता चले, मगर हर वाक युद्ध से फैसला हो, यह मुमकिन नहीं। केंद्र और राज्य के संबंधों में आ रही खटास के कारण अनेक हो सकते हैं, लेकिन इसकी कीमत हिमाचल की जनता चुका रही है। आपदा में अवसर खोजने के मायने अगर विद्रूप हो जाएंगे, तो हिमाचल की उफनती नदियां आहें भरेंगी और हम अपने डूबते मुस्तकबिल को कोसते रहेंगे। आखिर जनता तो देश की है। वह चाहे एक पल एक दल, दूसरे पल दूसरा दल हो जाए। इसी जनता के सामने अगर पहाड़ चीर कर वंदे भारत ट्रेन कश्मीर पहुंच जाए, तो वह यह भी चाहेगी कि बिलासपुर और इधर कांगड़ा, हमीरपुर और मंडी तक भी पहुंच जाए। अगर शिमला में कांग्रेस की सत्ता और कांग्रेस का रुतबा है, तो दिल्ली में लोकसभा और राज्यसभा के सातों भाजपाई सांसद भी तो इसी भूमिका में हैं। अगर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और रेल मंत्री रवनीत बिट्टू अपने आंकड़ों की गंभीरता और ईमानदारी का जिक्र हिमाचली सांसदों से कर पाएं, तो इस बहस में से 'खामख्वाह' का प्रसंग निकल जाएगा। अगर कांगड़ा-चंबा के सांसद डा. राजीव भारद्वाज रेल मंत्रालय से वंदे भारत जैसी सेवाओं पर धार्मिक पर्यटन का नक्शा मुकम्मल करने की अरदास कर रहे हैं, तो यहां भी पूरे हिमाचल की संवेदना है। दूसरी ओर राज्यपाल के ओहदे के नीचे हिमाचल का इनसाफ और हिमाचलीयत का पैगाम अगर असर करता है, तो राज्य सरकार को भी अपने तरीकों को सुलह के अरमान देने चाहिएं। जिस संवाद की जरूरत राज्यपाल महसूस कर रहे हैं उसकी सिफारिश में अगर केंद्र को भी बताया जाए तो बात बननी चाहिए।

पहाड़ को जानने की कोशिश जब न होगी, तब यूं ही मुकद्दर के पांव जख्मी होंगे। बात हिमाचल के जख्मी हालात की है, तो दर्द के लम्हें कैसे भरे जाएंगे। पूछता है हिमाचल कि आपदा राहत के पैमाने क्यों टूट रहे हैं, बार-बार। क्यों केंद्र की अंगुलियां मुक्का बन गईं, राहत का वार्तालाप सुनकर। कुछ अर्जियां सामने हैं, तो परियोजनाओं का सामान बिखरा है। ऐसे में अचानक रेल परियोजनाओं ने हिमाचल के आर्थिक कद से हिस्सेदारी को निचोडऩे की जिरह का प्रक्षेपण किया है। केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू अपना हिसाब लेकर आए या केंद्र की बिसात पर भानुपल्ली-बिलासपुर, तलवाड़ा-नंगल और चंडीगढ़-बद्दी रेल परियोजनाओं का मूल उद्देश्य अब केंद्र के मानदंडों में उलझ गया है। कभी इन्हीं रास्तों पर अटल सरकार का औद्योगिक पैकेज आया था, तो आज रेल पैकेज क्यों नहीं। केंद्रीय रेल राज्यमंत्री जरा जम्मू-कश्मीर से गुजरती पटरियों की ओर देखें कि उनकी लागत में देश की प्राथमिकताएं तो जिरह नहीं करती थीं।

### दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं

# मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां

ललित गर्ग

रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है।

**भारतीय** जनता पार्टी ने फिर एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म



हरियाणा के जींद में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफर शुरु करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभाव, खुशमिजाज, संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफ एवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है। निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्रराज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं, इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं, कपिल मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है। मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी। इसके साथ ही रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए भी ये संदेश भी देना होगा कि वे कठपुतली मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला और सुषमा का उदाहरण सामने रखकर नयी रेखाएं खिंचनी होगी। भले ही मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ रेखा गुप्ता दिल्ली के दिलों पर छा गईं हो, एकाएक उनके फॉलोअर्स की रफ्तार देख हर कोई हैरान हो, उन्होंने दिग्गजों को पछाड़ा हो, लेकिन असली परीक्षा अब होगी और वह परीक्षा है उनका काम करने का तरीका एवं दिल्ली को दुनिया की अव्वल राजधानियों में शुमार कराने का। रेखा गुप्ता के सामने विपक्ष आम आदमी पार्टी के आक्रामक विरोध से निपटने की भी चुनौती होगी। 22 विधायक और 43 फीसदी मत प्रतिशत वाली आप विधानसभा के भीतर बाहर सरकार के विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन बाहरी चुनौतियों के साथ ही पार्टी के भीतर वो नेता जिनकी नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी, उनके भीतरघात से भी सजग रहने व निपटने की चुनौती होगी। हालांकि, मौजूदा भाजपा नेतृत्व के दौर में भीतरघात बहुत असरदार नहीं बचा है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेताओं की ही एक जमात उन्हें विफल होते भी देखना चाहेगी। मुख्यमंत्री को उन पर भी नजर रखनी होगी। आखिरी सबसे बड़ी चुनौती नौकरशाही पर सार्थक नियंत्रण और उसे जनोन्मुखी बनाने की होगी। साथ ही दिल्ली के सभी वर्गों समूहों और क्षेत्रों में संतुलन साधते हुए विकास करने की होगी। दिल्ली देश की राजधानी और केंद्र के सीधे नियंत्रण में है, इसलिए उनके हर काम पर देश एवं दुनिया के मीडिया के साथ-साथ केन्द्र की नजर रहेगी, इसलिए उन्हें फूंक फूंक कर कदम रखने होंगे। दिल्ली का विकास केजरीवाल सरकार के दौर में अवरुद्ध रहा है। जीत के बाद विजयी भाषण में प्रधनमंत्री मोदी ने यमुना को लेकर कई बड़े वादे किए हैं, जिनपर रेखा गुप्ता सरकार को खरा उतरना होगा।

दृष्टि कोण

# चिट्टे की लत यानी मौत को दावत

**हिमाचल** प्रदेश में पिछले एक वर्ष में मादक पदार्थों और चिट्टे को लेकर पुलिस की दबिश बढ़ी है और बड़ी संख्या में ड्रग पेडलर्स, तस्कर और चिट्टा इस्तेमाल करने वालों के पकड़े जाने की खबरें आए दिन प्रिंट एवं सोशल मीडिया की सुर्खियां बनी हुई हैं। ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रदेश सरकार वास्तव में ही नशा तस्करों के खात्मे की ओर बड़ी तेजी से अग्रसर है और प्रदेश के युवाओं के हित में यह अनिवार्य भी है। हिमाचल में कुछ जिलों के पुलिस कप्तान भी नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ एक्शन लेते नजर आ रहे हैं जिनमें शिमला के एसपी संजीव गांधी का नाम प्रमुख है। लेकिन नशे के खिलाफ इस लड़ाई के दौरान शिमला पुलिस को उस वक्त जिला अदालत से मायूसी हाथ लगी जब चिट्टा तस्करी के मामले में हाल ही में शाही महात्मा गैंग के गिरफ्तार किए 46 आरोपियों में से अब तक 41 को जमानत दे दी गई। हिमाचल में नशा तस्करों ने हिमाचली युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है क्योंकि इस धंधे में मोटा मुनाफा है। आज भी बड़ी संख्या में हिमाचल के गांवों और कस्बों में नशे की चपेट में आए युवाओं के कारण उनके परिवारों में बिखराव, तनाव और अराजकता का माहौल है और युवाओं को इससे बचाने के लिए यह बेहद आवश्यक है कि सरकार, पुलिस और प्रशासन नशीले पदार्थों एवं चिट्टा बेचने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन ले और हमारी जुडिशियरी भी समस्या की गंभीरता को समझे। यह बेहद चिंतनीय विषय है कि हिमाचल प्रदेश में ड्रग ओवरडोज से आए दिन युवाओं की मौतों के समाचार पढने-सुनने को मिलते रहते हैं। हालांकि नशे के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियानों के चलते पुलिस को खासी सफलता भी मिल रही है। इसकी तस्दीक खुद बीते छह महीनों के आंकड़े कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने प्रदेश भर के अलग-अलग हिस्सों से बीते छह महीने में ही करीब 50 करोड़ का चिट्टा पकड़ा है। पुलिस विभाग के आंकड़ों की बात करें, तो वर्ष 2016 में प्रदेशभर में विभिन्न मामलों में महज 634654 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। सात सालों में तस्करी इतनी बढ़ गई कि वर्ष 2023 में पुलिस ने 14.705 किलोग्राम चिट्टा/हेरोईन बरामद की। नशे की जब्ती में वर्ष 2016 के मुकाबले वर्ष 2023 में 20 गुना से अधिक दर्ज की गई। इस नशे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों में आंकी गई है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह भी मानते हैं कि मादक पदार्थों एवं चिट्टा का दुरुपयोग एक वैश्विक चुनौती बन गया है जिसके लिए कड़े उपायों की आवश्यकता है। इसके लिए राज्य सरकार व्यसन उपचार और करुणामय पुनर्वास कार्यक्रमों तक पहुंच का विस्तार करके दंडात्मक उपायों की तुलना में पुनर्वास को बढ़ावा दे रही है और हिम वीर एवं हिम दोस्त जैसी पहलों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों में राज्यव्यापी जागरूकता अभियान चलाकर सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाया जा रहा है। त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए, सरकार एनडीपीएस मामलों के लिए विशेष अदालतें स्थापित करने और फास्ट ट्रैक जांच और अभियोजन पर ध्यान केंद्रित करने की योजनाओं पर भी काम कर रही है। चिट्टे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार सिक्किम की तर्ज पर एंटी ड्रग विधेयक लाने जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा भी नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) की शुरुआत 32 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों के लिए की गई है, जिन्हें देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे कमजोर माना गया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किए गए राष्ट्रीय व्यापक सर्वेक्षण के अनुसार, देश में 60 मिलियन से अधिक नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता 10-17 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के जरिए युवाओं को नशे से दूर रखने और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करने का प्रयास किया जाता है। इस अभियान के तहत नशे के खिलाफ शपथ दिलवाई जाती है, नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, नशे के खिलाफ खेलों का आयोजन किया जाता है। नशे के खिलाफ सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं और परिचर्चाएं आयोजित करना, मानव श्रृंखला बनाना, नुक्कड़ नाटक करना शामिल हैं। इस अभियान के तहत नारकोटिक्स ब्यूरो, राज्य और जिला सरकार, पुलिस, गैर सरकारी संगठन, अस्पताल वगैरह मिलकर काम करते हैं। नशा मुक्ति के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन 14446 की सुविधा है। नशा मुक्त भारत अभियान की वेबसाइट भी लॉन्च की गई है।

कुछ अलग

# धुंध भरे बदलाव का इंतजार

**कल** तक जो आपके घर में दूध में पानी मिलाकर बेचते थे, उन्हें अगर आज मिलावट के विरुद्ध और कुपोषण के खिलाफ जंग छेड़ते देखते हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं कि आपके इलाके में जल संकट गहरा हो गया है और आपके दूध में भी पानी नहीं मिला पाते। दूध को गाढ़ा करने वाले पाउडर के दाम बढ़ गए हैं, इसलिए उनके मन में बिना मिलावट दूध बेचने का पुण्य कमाने का जज्बा पैदा हो गया है। आज शायद 'हींग लगे न फिटकड़ी रंग भी चोखा आए' का नया चलन पैदा हो गया है। अब दूध में पानी मिलाने का झंझट काहे पालना, जबकि इसके विरुद्ध विशुद्ध संस्कृति का नारा लगाने से ही आपकी नेतागिरी की पालकी को किराये के कहार उठा लेते हैं। दाम चुकाओं तो आज क्या नहीं मिल जाता। पहले किराये पर रैलियां सजती थीं, भीड़ जुटती थी, मंच सजते थे, मतदान बूथों के बाहर जाति और धर्म के नाम पर बिके वोटरों की कतारें सजती थी, अब तो बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया में सेंध लग जाती है। आपका व्हाट्सएप बिकने लगा। मोहल्ले में वोट मांगते नेता अब अपने जूते क्यों चटखायें, आपकी चिरौरी करते नज़र क्यों आएं? व्हाट्सएप से आपके मन और रुझान की खाना तलाशी करते हुए मनभावन घोषणाओं से अपने वोटरों का मन जीत लें, और राजनीति में वंशवादी परम्पराओं को स्थापित कर लें। बंधु, ज़माना बदल गया है। नई सदी ने नई समझ दे दी है। अब सदियों से पिछड़े हुए इस देश की गुरुतर आबादी को हर समस्या का हल वृहद परिप्रेक्ष्य में करना सीखना होगा। अब समझ का व्याकरण ही न बदलो, अपने नये शब्दकोषों में शब्दों के अर्थ भी बदल डालो। वर्तमान से असंतुष्ट लोगों को अतीत की गरिमा से सराबोर कर दो। आंकड़े बताते हैं कि मिलावटी दूध के कुपथ्य ने पांच साल की उम्र के आधे से अधिक और बारह साल की उम्र तक आधे से कम नौनिहाल मौत के या अपहरण के हवाले कर दिए, तो लोगों को वर्तमान के प्रति असंतोष की ज्वाला में दहकने न दो। बल्कि उन्हें बताओ कि हमारे यहां तो शुद्ध पवित्र वातावरण में काम धेनु गायों के मिल जाने की परम्परा है। इस देश में उसी परम्परा को जीवित करने का महती प्रयास हो रहा है। तब आम के आम और गुठलियों के दाम मिलेंगे। लेकिन बंधुवर, हथेलियों पर सरसों तो नहीं जमायी जा सकती न। देश में अतीत का वैभव लौटाने के लिए इंतजार करना ही होगा। इस देश में कामधेनु और कल्पवृक्ष का युग भी लौट कर आएगा। तब यह जीवन, समाज और गलत भौतिकवादी मूल्यों का गंदलापन छंट जाएगा। इन दिनों का इंतजार करो, तब तुम्हें नहीं कहना पड़ेगा कि 'हर शाख पर उल्लू बैठे हैं, इस चमन का यारो क्या होगा?' फिलहाल इस उजड़ते चमन की सूखी डालियों पर महंगाई, भ्रष्टाचार, नौकरशाही और गाल बजाते मसीहाओं के उलूकनुमा व्यवहार को सहन करो, क्योंकि कल तो इन्हीं डालियों पर सोने की चिड़िया चहचहाएंगी। देश में सतयुग की वापसी चाहते हो न, तो आज के इस कलियुग और अंधेरनगरी चौपट राजा के माहौल को सहन करो। बड़े बूढ़ों ने भी कहा तो है कि सहज पके सो मीठा होय। इस काल में अगर राम राज्य की वापसी चाहते हो, तो आज इस दानव राज को असाध्य बीमारी की तरह स्वीकार करो। देखो, उच्छृंखलता की निशानी है, यह विशुद्ध संस्कारित समाज की परिभाषा में नहीं आता। बड़े बूढ़े बोले, हमें इन परिभाषाओं को बदलना नहीं है, इनमें संयम, धीरज और अनुशासन के नए अर्थो को स्थापित करना है।

देश दुनीया से

# क्या है शिखर योग?

**जब** हम योग की बात करते हैं तो दिमाग में जो तस्वीर बनती है वह व्यायाम से मिलते-जुलते किसी आसन की तस्वीर बनती है जिसमें हम शरीर को किसी निश्चित आसन में मोड़ते हैं और साथ में सांस को भी उसके साथ समन्वित करते हैं। निश्चित आसनों में शारीरिक व्यायाम के साथ सांस की लय के संगम को ही हम योग के रूप में जानते हैं, परंतु योग की यह परिभाषा सीमित परिभाषा है। योग का अर्थ ज्ञान भी है, और यह सिर्फ ज्ञान ही नहीं बल्कि बुद्धिमता या चैतन्य का प्रतीक है। ज्ञान, यानी नॉलेज जब बुद्धिमता, यानी विजडम में परिवर्तित हो जाए तो वह योग कहलाता है, और जब हम शिखर योग की बात करते हैं तो उसका मतलब व्यवहार में उतरे हुए, जीवन में उतरे हुए सर्वोच्च ज्ञान से है। वह ज्ञान जिसके बाद कुछ और जानना बाकी नहीं रह जाता है और वह ज्ञान जब हमारे व्यवहार में उतर जाता है, हमारे चरित्र में उतर जाता है, हमारे हर काम में उतर जाता है, हमारे जीवन में उतर जाता है तो वह शिखर योग बन जाता है। यह वैसे ही है जैसे कोई पर्वतारोही अगर किसी पर्वत पर चढऩा शुरू करे और वह उस पर्वत की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंच जाए, जहां से और ऊपर जाने को कुछ भी न हो, तो वह सर्वोच्च शिखर है, और शिखर योग भी वही ज्ञान है जिसके बाद कुछ और जानने को बाकी ही न रह जाए, लेकिन शिखर योग सिर्फ जानने तक ही सीमित नहीं है। जान लेना आसान है। पढ़ लिया, सुन लिया, समझ लिया, इतना कुछ कर लिया तो सिर्फ 'जान लिया' और जब उसे व्यवहार में भी उतार लिया, जीवन का हिस्सा बना लिया तो ही योग से शुरू की गई यात्रा शिखर योग तक पहुंचती है। सहज संन्यास मिशन के अनुयायी संन्यासी के रूप में हम सीखते हैं। कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर महाभारत के युद्ध के समय जब अर्जुन शत्रु सेना में अपने मित्रों और रिश्तेदारों को देखकर परेशान हो गए और युद्ध करने की उनकी इच्छा ही डांवाडोल हो गई तो उनके सारथी के रूप में उनके साथ चल रहे भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का जो उपदेश दिया, उसके एक छोटे से हिस्से को भी समझ लें तो हम शिखर योग की परिकल्पना तक पहुंच सकते हैं। तब भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा था कि सृष्टि के शुरुआत में मैंने अविनाशी योग का यह ज्ञान सबसे पहले सूर्य को दिया था। सूर्य ने वह ज्ञान मनु को दिया, मनु ने वह ज्ञान इक्ष्वाकु को दिया। इस प्रकार पीढ़ी-दर-पीढ़ी यह ज्ञान आगे चलता रहा, पर धीरे-धीरे अगली पीढ़ी इससे विरक्त हो गई और यह अविनाशी ज्ञान लुप्त हो गया। भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत युद्ध के समय अर्जुन को देते हुए इसे फिर से पुनर्जीवित किया। योग का अर्थ केवल आसन करने भर से नहीं, बल्कि अपने शुद्ध स्वरूप को जानने और उसमें टिक जाने से है। इसके बाद आज से लगभग 2200 वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने भी योग के इस बिखरे ज्ञान को समेटने का एक सफल और सार्थक प्रयास किया और इसे इक_ा करके 'योगसूत्र' में लिपिबद्ध किया। शिखर योग का यह अविनाशी ज्ञान कुंतीपुत्र अर्जुन को देते समय भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि मैं यह ज्ञान तुम्हें इसलिए दे रहा हूं क्योंकि तुम मेरे अनन्य भक्त हो और मित्र भी हो। अनन्य भक्त और मित्र नाम की इन दो विशेषताओं को समझना आवश्यक है जिन्होंने अर्जुन को इस अविनाशी रहस्य को सुनने और समझ पाने का पात्र बनाया। अनन्य भक्त की इस शर्त को समझना तो बहुत आसान है, जिसका मतलब है, बिना शर्त पूर्ण समर्पण। समर्पण हो, पूरा हो और बिना शर्त हो, तो व्यक्ति अनन्य भक्त हो सकता है। जब दो व्यक्तियों में परस्पर पूर्ण विश्वास हो, एक-दूसरे की नीयत पर संदेह की कोई गुंजायश न हो, बिना शर्त और किसी भी हद तक जाकर एक-दूसरे का साथ देने की इच्छा हो तो ही मित्रता सच्ची है। अर्जुन में ये सभी गुण थे। वे भगवान श्री कृष्ण के अनन्य भक्त थे, उनका समर्पण पूरा था। वे भगवान श्री कृष्ण के हर आदेश का पालन करते थे और हर सलाह पर पूरा विश्वास करते हुए उस पर अमल करते थे तथा भगवान श्री कृष्ण के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार तो वे थे ही। यह समझना फिर से आवश्यक है कि हमने शिखर योग के बारे में पढ़ लिया और यह हमें समझ में भी आ गया, पर क्या इतना काफी है? क्या हम भगवान को प्रिय हो गए? क्या हम इस काबिल हो गए कि हम भगवान के मित्र हो सकें? एक छोटी सी कहानी से इसे समझने की कोशिश करते हैं। कहते हैं कि किसी राजा ने एक संत से प्रार्थना की कि वे उन्हें जीवन बंधन से मुक्त होने की शिक्षा दें। संत ने कहा कि कल मैं आपके दरबार में आकर आपको इसकी शिक्षा दूंगा। अगले दिन नियत समय पर संत जब दरबार में आए तो वे दरबार के एक खंभे से लिपट गए। अपने दोनों हाथों से उन्होंने उस खंभे को जकड़ लिया और जोर-जोर से चिल्लाने लगे, 'अरे देखो, यह खंभा मुझे छोड़ नहीं रहा है। कोई मुझे बचाओ, बचाओ।' यह दृश्य देखकर राजा हंसने लगा और बोला कि मैं तो समझता था कि आप बहुत ज्ञानी हैं, पर आप तो निपट मूर्ख मालूम होते हैं। खुद ही आपने खंभे को जकड़ रखा है और खुद ही चिल्लाये जा रहे हैं। खंभे से हाथ हटा लीजिए, आप मुक्त हो जाएंगे। संत ने खंभे से हाथ हटा लिये और राजा से बोले, 'जो बात आपने मुझे अभी कही है, यही बात मैं आपको बताने आया हूं। दुनियादारी का मोह छोड़ दीजिए, आप मुक्त हो जाएंगे।' सहज संन्यास मिशन में शिखर योग की व्याख्या ही यही है कि परमात्मा के प्रति हमारा समर्पण पूर्ण हो। सुख हो, दुख हो, संघर्ष हो, कठिनाई हो, मान हो, अपमान हो, स्वास्थ्य हो, बीमारी हो, अमीरी हो, गरीबी हो, हर हाल में परमात्मा का शुक्रिया ही करना है। परमात्मा चाहें जिस हाल में रखें, परमात्मा पर विश्वास में कमी न हो। कोई शिकायत न हो, बस शुक्रिया ही शुक्रिया हो। यह विश्वास भी कभी न डिगे यह पूरा ब्रह्मांड परमात्मा की ही अभिव्यक्ति है और इस ब्रह्मांड की हर जड़-चेतन वस्तु में परमात्मा का ही नूर है।

निश्चित आसनों में शारीरिक व्यायाम के साथ सांस की लय के संगम को ही हम योग के रूप में जानते हैं, परंतु योग की यह परिभाषा सीमित परिभाषा है। योग का अर्थ ज्ञान भी है, और यह सिर्फ ज्ञान ही नहीं बल्कि बुद्धिमता या चैतन्य का प्रतीक है। ज्ञान, यानी नॉलेज जब बुद्धिमता, यानी विजडम में परिवर्तित हो जाए तो वह योग कहलाता है, और जब हम शिखर योग की बात करते हैं तो उसका मतलब व्यवहार में उतरे हुए, जीवन में उतरे हुए सर्वोच्च ज्ञान से है।

आप का नजरीया

# भीड़-भगदड़ वाला देश

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ को 'मृत्यु-कुंभ' करार दिया है। यह राजनीतिक, सांप्रदायिक और सनातन-विरोधी बयान है। इसे नजरअंदाज करना ही बेहतर है, क्योंकि हर अनर्गल बयान का पलटजवाब देना उचित और जरूरी नहीं है। ममता हिंदू-विरोधी बयान तो दे सकती हैं, लेकिन इस्लाम या किसी अन्य धर्म, संप्रदाय, मत, आस्था-विश्वास के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करके दिखाएं, तो बंगाल में दंगों के आसार बन सकते हैं। बहरहाल महाकुंभ के संदर्भ में भीड़ और भगदड़ की चर्चाएं खूब हैं और ऐसे दृश्य भी देखने को मिल रहे हैं, लेकिन आजकल ऐसा लगता है मानो पूरा देश जाम में फंसा है और आम आदमी भीड़ में दबा-कुचला अपनी सांसों के लिए संघर्ष कर रहा है! यह महाकुंभ का ही नहीं, भारत का भी यथार्थ है, क्योंकि आबादी 146 करोड़ को पार कर चुकी है, लेकिन संसाधनों में उतनी आनुपातिक बढ़ोतरी नहीं हुई है। हमने शोध के जरिए कुछ आंकड़े हासिल किए हैं, जो देश की संकरी और असहाय व्यवस्था को बयां करते हैं। दरअसल जब भारत की आबादी 36 करोड़ के करीब थी, तब देश में करीब 6000 रेलवे स्टेशन थे, लेकिन आज आबादी के 146 करोड़ के पार पहुंचने के बावजूद 8495 रेलवे स्टेशन ही हैं। औसतन 2 लाख लोगों पर मात्र 1 ही रेलवे स्टेशन है, तो भीड़ क्यों न जमा हो और भगदड़ के हालात क्यों न बनें? औसतन एक लाख लोगों पर मात्र 1 ही यात्री रेलगाड़ी (900 सीट की) है। औसतन 10,000 लोगों पर एक ही सरकारी बस (70 सीट) उपलब्ध है। औसतन 1 करोड़ लोगों पर एक ही हवाई अड्डा है। देश के 4 करोड़ नागरिकों पर सर्वोच्च अदालत का एक ही न्यायाधीश है, जबकि औसतन 18 लाख लोगों को उच्च न्यायालय का एक ही न्यायाधीश न्याय देने की स्थिति में है। औसतन 7-10 साल की जिंदगी आम आदमी लाइनों में खड़े रहने में बिताने को विवश है, क्योंकि भीड़ ही इतनी है, लिहाजा मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि आम आदमी का क्रोध, तनाव बढ़ता रहता है। उन मानसिक स्थितियों में वह कुछ भी कर सकता है! भारत में जन्म से पहले ही लाइन लगानी पड़ती है, क्योंकि अस्पतालों में भीड़ है और डॉक्टरों की संख्या बेहद कम है। स्कूल में प्रवेश लेने, पढऩे और उसके बाद नौकरी लेने, राशन प्राप्त करने और अपनी राष्ट्रीय पहचान के लिए आधार कार्ड बनवाने के लिए, अंततः, लाइनों से ही गुजरना पड़ता है। मृत्यु प्रमाणपत्र हासिल करना है, तो भी लाइन लगती है। इन लाइनों का बुनियादी कारण भीड़ ही है। महाकुंभ के लिए कोई लाइन नहीं है, बल्कि बेतहाशा, बेलगाम भीड़ है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि भीड़ का भी आनंद लेना चाहिए। जब भीड़ भगदड़ बन जाती है, तो कुचलन में कौनसा आनंद मिलेगा या मौत मिलेगी? भगदड़ सिर्फ महाकुंभ की भीड़ के कारण ही नहीं हुई थी, बल्कि नई दिल्ली के अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन पर भी हुई थी। यह गंभीर मानवीय समस्या है। सरकार इस समस्या का समाधान जरूर तलाशे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 का हुआ भव्य व शांतिपूर्ण समापन

➲गायक के सुरों पर थिरकते दिखे श्रोता, हास्य कवि सम्मेलन में हंसी और ठहाकों की सुनाई दी गूंज

➲आतिशबाजियों के साथ हुआ महोत्सव का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 का भव्य व शांतिपूर्ण शुक्रवार को संपन्न हुआ। 19, 20 एवं 21 फरवरी को देश के जाने माने एवं स्थानीय कलाकारों ने अपने सुरों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और महोत्सव को एक यादगार शाम बनाया। वहीं कवि सम्मेलन, पाइका नृत्य, छाउ नृत्य, नाटक समेत अन्य प्रस्तुति को देख दर्शकों ने खूब मनोरंजन किया। वहीं कवि सम्मेलन में राजकीय इटखोरी महोत्सव के अंतिम व आखिरी दिन 21 फरवरी 2025 शुक्रवार को प्रसिद्ध हास्य कवि डॉ0 सर्वेश अस्थाना, कवियित्री पद्मिनी शर्मा, स्वंय श्रीवास्तव एवं राजेश अग्रवाल अग्रवाल ने अपने कविताओं से बनाया यादगार शाम। डॉ0 सर्वेश अस्थाना के हास्य कविताओं को सुन श्रोताओं ने खूब मनोरंजन किया साथ ही हंसी और ठहाकों से कार्यक्रम स्थल गूंजा। वहीं पद्मिनी शर्मा ने नारी पर आधारित शब्दों से पिरोई कविता सुनाई और नारी सम्मान का एक अच्छा संदेश दिया। जिसका श्रोताओं ने खूब सराहना किया और तालियों से कवियित्री का उत्साहवर्धन किया। प्रेम कवि राजेश अग्रवाल और स्वयं श्रीवास्तव ने भी अपनी कविताओं के प्रस्तुति से शमा बांधे रखा, तालियों के गड़गड़ाहट से गूंजा राजकीय इटखोरी महोत्सव। चतरा जिले के लोकगायिका अनुज्ञा शर्मा, सोनी टीवी के सुपर स्टार सिंगर सीज़न 3 के विजेता अथर्व बक्सी, दिवस कुमार धनबाद, अभिषेक प्रधान,आर्यन रॉय ने अपने सुरों के जादू से जलवा बिखेरा और लोगों ने आमंत्रित सभी गायक के सुरों को सुन खूब मस्ती किया, इस पल के साक्षी उपस्थित सभी दर्शक/ श्रोता बनें। जिले के रहने वाले गायक आर्यन रॉय के गानों का ऐसा जादू चला कि लोग होली गाने को लेकर मांग करने लगे, जिसपर गायक आर्यन रॉय ने पारिवारिक फिल्म बागवान के गाने होरी खेले रघवीरा अवध में जो संयुक्त रूप से अमिताभ बच्चन, अलका याग्निक, सुखविंदर सिंह और उदित नारायण के द्वारा गाया गया है। उस गाने को आर्यन रॉय ने गाकर श्रोताओं का दिल जीता।चतरा जिले के स्थानीय सिमरन डांस एकेडमी एण्ड ग्रुप के द्वारा डांस की प्रस्तुति की गई। वर्षा ऋतु एण्ड ग्रुप के द्वारा नागपुरी एवं खोरठा डांस की प्रस्तुति की गई जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। और दर्शकों ने नृत्य ग्रुप का स्वागत तालियों के गड़गड़ाहट के साथ किया।

# आत्मा विभाग ने किसान गोष्ठी का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के गांव मायाडीह में आत्मा राज्य सहाय अनुदान अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता वैज्ञानिक शिवेंद्र दुबे और संचालन बिटीएम प्रभात कुमार ने किया। शिवेंद्र दुबे ने बताया कि गेहूं, आलू, प्याज, लहसुन में जैविक खाद का उपयोग करें। ताकि उजाए गए फसल काफी समय तक हरा भरा रहेगा।एवं खेत की भी ऊर्जा बची रहेगी। आगे उन्होंने बतलाइए की रासायनिक दवा खाद की उपयोग करने से दिन प्रतिदिन किसानों की जमीन बंजर होती जा रही है। और आने वाला दिन में रासायनिक दवा खाद इस्तेमाल हो रहे जमीन बंजर हो जाएगा। जहां कोई भी फसल नहीं उगाया जा सकता है। तथा कई अन्य विस्तार से जानकारियां किसानों को बताएं। मौके पर कृषक मित्र प्रसादी पासवान अवध कुमार दांगी अनिल कुमार सोनी देवी आरती देवी अंजू देवी कामेश्वर पासवान रंजन पासवान श्यामलाल रविदास सहीत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## प्रखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न, विभिन्न योजनाओं पर चर्चा



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री मैयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत आधार आधारित भुगतान, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, स्कीम क्लोजिंग,एरिया ऑफिसर ऐप, एटीआर आदि की समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा योजना अंतर्गत आम बागवानी योजना का विशेष ध्यान रखने, एरिया ऑफिसर ऐप करने, आधार आधारित भुगतान करने का निर्देश बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने दिया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वे के माध्यम से योग्य लाभुको को जोड़ने तथा सेल्फ सर्वे हेतु लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत लंबित आवासों को अविलंब पूर्ण करने, आवास पूर्ण करने में कोताही बरत रहे लाभुको को नोटिस करने,लंबित रजिस्ट्रेशन मंगलवार तक पूर्ण करने, लंबित भुगतान अविलंब करने का तथा अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों को नोटिस करने का निर्देश सभी पंचायत सचिव को दिया गया। साथ हीं 15 वें वित्त योजना अंतर्गत सभी पंचायत सचिव को नियमानुसार राशि व्यय करने को कहा गया। बैठक में कार्यालय कर्मी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, बीएफटी कर्मी शामिल थे।

## आम रास्ते की हुई अवैध जमाबंदी पर सीओ से कार्रवाई की मांग

टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता): अंचल क्षेत्र में अवैध जमाबंदी कराये जाने के सनसनीखेज आरोप इन दिनों थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार कई मामले सामने आने से लोगों को सरकारी दफ्तरों में अभिलेख सुरक्षित नहीं होने का डर सताने लगा है। ताजा मामला शनिवार को सेरनदाग का सामने आया है, जहां देवी मंड़प जाने वाले आम रास्ते की जमाबंदी होने का दावा करते हुवे अंचल अधिकारी विजय दास को दर्जनों ग्रामीणों ने लिखित आवेदन सौंपकर निरस्त करने की मांग की है। बताया गया कि हल्का तीन अंतर्गत मौजा सेरनदाग के खाता 49 प्लौट संख्या 364 में लगे सरकारी बोर्ड को भी शरारती तत्वों ने उखाड़ कर फेंक दिया। जबकि सेरनदाग निवासी हिरामन भुईयां पिता स्व. रुदन भुईयां व सेवक भुईयां पिता स्व. बुधन भुईयां द्वारा अवैध बंदोबस्ती कागजातों के जरिए कब्ज़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त मामले में ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच व कार्रवाई की मांग की जा रही है। आवेदन पत्र में सुबोध कुमार, बाबुलाल साहु, उत्तम राम, सुरेश प्रसाद साहु, धनिक लाल कश्यप, त्रिवेणी साव, पारष गुप्ता, प्रदीप राम, कमल राम, अनिता देवी समेत अन्य के हस्ताक्षर मौजूद हैं। **किसुनपुर के भी ग्रामीणों ने जताया विरोध :** देवी मंड़प व बौलिया तालाब जाने वाले उक्त आम रास्ता के जमाबंदी होने की सनसनीखेज भनक लगने पर किसुनपुर के मनोज पाठक, अरविंद पाठक, प्रभु महतो, विजय पाठक, महेंद्र महतो समेत अन्य लोगों ने ग्रामीणों का हस्ताक्षरित पत्र सीओ विजय दास को सौंपकर तीखा विरोध जताया है। ग्रामीणों की मानें तो दशकों से मूर्ती विसर्जन समेत मंडप में पूजन अराधना के लिए ग्रामीण आम सड़क के तौर पर उपयोग जमाबंदी होने वाले उक्त रास्ते से करते रहे हैं। बता दें कुछ वर्ष पहले हीं उक्त विवादित भू-खंड पर सरकारी मद से सड़क का निर्माण कराया गया था। ऐसे में दावा किया जाता है कि अगर मामले गहराई से जांच हुई बेहद चौंकाने वाला दिलचस्प तथ्यों के साथ संलिप्त बिचौलिये और कई राजस्वकर्मी कठघरे में खड़े नजर आ सकते हैं। बहरहाल, उक्त मामले को लेकर चहुंओर चर्चा छाया है। सूत्रों के अनुसार अंचल क्षेत्र में पुनः बिचौलिये पूरी तरह से अपना पैर जमा चुके हैं।

# दो पंचायत के समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय मधानियां में करमा और मझगावां पंचायत के प्रतिष्ठित समाजसेवी सर्जन प्रसाद दांगी और धर्मेंद्र कुमार दांगी की गरिमामयी उपस्थिति में व विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉक्टर विकास कुमार पांडे के अगुवाई में विद्यालय परिसर में चार तरह के फल वाले पौधों का पौधारोपण किया गया। इस मौके पर द्वय समाजसेवियों ने कहा प्रखंड का सबसे पुराना विद्यालय राजकीय मध्य विद्यालय में मधनिया है जहां पर प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्र के बच्चों ने शिक्षा पाई है और अपने जीवन को बेहतर किया है। उक्त समाज सेवियों ने कहा इसी विद्यालय में पढ़ाई करके आज हम सभी एक प्रतिष्ठित समाज का हिस्सा हैं मुझे गर्व है कि अपने शिक्षा प्राप्त किए हुए विद्यालय में पौधारोपण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. विकास कुमार पांडे ने कहा कि विद्यालय में पहले से भी कई खूबसूरत पौधे हैं जो आकर्षण का केंद्र है और इस बार चार तरह के नए किस्म के पौधों का पौधा रोपण करके मुझे आंतरिक खुशी मिल रही है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में और भी अन्य तरह के पौधों का पौधा रोपण किया जाएगा ताकि हरियाली, पर्यावरण और विद्यालय परिसर को स्वच्छ भारत का हिस्सा बनाए जा सके।

# अखिल भारतीय भुइयां समाज के लोगों ने किया मां शबरी की पूजा

## लोगों ने कहा मन नेक हो तो सभी कार्य सिद्ध होगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत बारियातू पंचायत के भुरकुंडा गांव में अखिल भारतीय भुइयां समाज के लोगों ने माता शबरी की पूजा अर्चना शनिवार को धूमधाम से किया। पूजा में पहले ब्राह्मण के द्वारा मंत्रोचार स्वस्तिवाचन एवं शंख ध्वनि के साथ पूजा संपन्न हुई।उसके बाद माता शबरी की जीवनी का व्याख्या किया गया। जिसमें लोगों ने बतलाया कि श्री राम चंद्र जी के इंतजार में माता शबरी संपूर्ण जिंदगी इंतजार करती रही।और जब भगवान उनके आश्रम में विराजमान हुए। तब माता शबरी ने भगवान को मीठे प्रसाद के रूप में बैर खिलाई थी। अपने से चक्ख कर खिलाई थी। ताकि भगवान को कोई भी बैर का फल खट्टे व खराब ना लगे। जिसका गुणगान आज भी धर्म ग्रंथ के रामायण में किया जाता है।साथ ही साथ समाज के लोगों ने अपने समाज से कुरीतियों को हटाने की बातें किया। एवं शराब मुक्त को लेकर चर्चा किया।तथा शिक्षा को बढ़ावा देने की भी बातें की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव दिनेशवर भुइयां एवं चमारी राम मौजूद हुए। तथा पूजा कामेश्वर भुइयां के नेतृत्व में किया गया। एवं संचालन भुइयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष विजय भारती ने किया।इस पूजा कार्यक्रम में गांव से लेकर प्रखंड से लगभग 100 लोग मौजूद थे।

# विधायक ने किया कृषि मशीन का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छिपादोहर :** छिपादोहर पंचायत सचिवालय भवन में शनिवार को सादे समारोह का आयोजन कर मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह ने कृषि से आधारित धनकूटी मशीन का वितरण किसानों के बीच किया। कार्यक्रम के दौरान रामचंद्र सिंह ने कहा कि इस मशीन के जरिए किसानों को काफी फायदा होगा। किसानों को खेती कर इस मशीन के जरिए स्वावलंबन को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर प्रेम सिंह (पिंटू), छिपादोहर मुखिया बेरोनिका कुजूर, पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार सिंह, राजू प्रसाद, नंदू प्रसाद, निजाम अंसारी, कृष्णा प्रसाद, समेत अन्य ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगन में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से सभी आए मरीजों का इलाज निःशुल्क किया गया। वही लोगों को डाक्टरों के द्वारा जागरूक भी किया जा रहा है। ताकि लोग शिविर में आकर मुफ्त इलाज कराए। आयुष्मान आरोग्य शिविर में मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर, शुगर, नॉन कम्यूनिक कैलबल डिजीज (NCD), टी बी, कुपोषण की जांच एवं इलाज डॉ सीमा कुमारी के द्वारा निःशुल्क किया जा रहा है। साथ ही दवा का वितरण भी किया गया। डॉक्टरों ने आए मरीजों को परिवार नियोजन, शिशु स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य एवं किशोरी स्वास्थ्य के बारे जानकारी दी गई। शिविर मे आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड का वितरण किया गया। डॉ विनीत मुकेश ने बताया कि टी बी का इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध है। जिला यक्ष्मा नियंत्रण समिति लातेहार के द्वारा टी बी मरीजों को इलाज के दौरान पोषाहार के लिए पांच सौ रुपए सीधे बैंक खाते में दिया जा रहा है। शिविर में एएनएम रौशन गिद्ध भी उपस्थित थी।

# बारिखाप में जीपीडी ग्राम सभा का आयोजन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत सालवे के ग्राम बारिखाप में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बारिखाप के प्रांगण में ग्राम प्रधान राजदेव भगत के अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई। इस ग्राम सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के ज्ञापांक 367 दिनांक 18 फरवरी 2025 के आलोक में वार्षिक कार्य योजना 2025-2026 तैयार करने तथा इसकी प्रविष्टि ग्राम स्वराज को पोर्टल में की जाएगी जिसमें सबकी योजना सबकी विकास अभियान 2024 में विशेष का नौ (9) थीम में पंचायत स्तरीय विकास लक्ष्यों तथा ग़रीबी मुक्त और आजिविका युक्त पंचायत, स्वस्थ्य पंचायत,बाल हितैषी पंचायत जल प्रयाप्त पंचायत, स्वस्थ और हरित पंचायत, आत्म निर्भर और बुनियादी ढांचे वाला पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन वाली पंचायत, महिला हितैषी पंचायत का स्थानीयकरण करते हुए योजनाऐं ली जानी हैं। इस ग्राम सभा में मुखिया राजीव भगत पंचायत सचिव प्रकाश कुमार रोजगार सेवक सुरेंद्र पासवान पंचायत सहायक मनोज ठाकुर, फौजदार गंझु, आवास मित्र महावीर उरांव, आरिफ अंसारी व भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुए।

## हनी मिशन: 50 ग्रामीणों को मिला 10 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सरयू प्रखंड के गणेशपुर एवं अमवाटिकर गांव में हनी मिशन के तहत 10 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण 20 फरवरी 2025 दिन शनिवार को संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण नव जागरण सेवा केंद्र रामगढ़ के सौजन्य से खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग रांची द्वारा आयोजित किया गया था। गणेशपुर पंचायत में 11 फरवरी से शुरू हुए इस कार्यक्रम के दौरान खादी आयोग रांची के कर्मी एस. डी. चौधरी एवं प्रशिक्षक मनरखन महतो ने 25-25 के बैच में प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में सरयू प्रखंड के गणेशपुर पंचायत के प्रशिक्षु शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में नव जागरण सेवा केंद्र रामगढ़ के स्टेट कोऑर्डिनेटर रौशन कुमार एवं जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह का अहम योगदान रहा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी लाभार्थियों को 10-10 मधुमक्खी बॉक्स, आवश्यक कीट एवं मधु निकालने का यंत्र प्रदान किया जाएगा।इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ना है।धर्मेंद्र सिंह, जिला समन्वयक, नव जागरण सेवा केंद्र रामगढ़ ने कहा कि यह प्रशिक्षण ग्रामीणों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मधुमक्खी पालन न केवल किसानों की अतिरिक्त आय का स्रोत बनेगा, बल्कि इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इस कौशल से जोड़ना और पलायन को रोकना है।

# विधायक रामचंद्र सिंह ने किया योजनाओं का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शनिवार को क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के बेतला पोखरी कला पंचायत में विभिन्न योजनाओं का विधि-विधान से नारियल तोड़ कर शिलान्यास किया। वहीं पोखरी खुर्द में सामुदायिक अंबेडकर भवन निर्माण कार्य का उद्घाटन फीता काट कर किया। मौके पर संबंधित समुदाय के लोगों ने ढोल बाजे के साथ विधायक का स्वागत करते रामचंद्र सिंह जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि समाज के हर वर्गो के सुख-दुख में हम साथ हैं। उनके आस्थाओं को सम्मान करना हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में सुमार कब्रिस्तान घेराबंदी, सरना देव स्थल घेराबंदी समेत अन्य धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के मद्देनजर निर्माण कार्य, आदिवासियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु भवन निर्माण कार्य सहित क्षेत्र के ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को देखते हुए विकास कार्यों को गति दिया जा रहा है। मौके पर उन्होंने क्षेत्र के लोगों से उनकी छोटी बड़ी समस्याओं को लेकर सीधे संवाद करने की बात कही है। मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह समाजसेवी शिवानंद तिवारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, रविन्द्र राम, झामुमो नेता अफजल अंसारी मुखिया मंजू देवी, संजय सिंह, अलीहसन अंसारी, उमेश रजक, राजू प्रसाद, हलीम अंसारी, मंसूर अली,असलम अंसारी भगवान प्रसाद समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिया निर्माण में भारी अनियमितता, घटिया सामग्री का हो रहा इस्तेमाल

## तैयार होने से पहले धसने लगी है पिलर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखंड के चुटिया गाँव से आगे बेलवार जाने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन छोटी पुलिया में संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे पुलिया की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। **गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ :** पुलिया की ढलाई में प्रयुक्त बालू घटिया किस्म का होने के कारण लाल दिखाई दे रही है। बालू, छर्री और सीमेंट का उपयोग भी प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। जिससे कभी बालू ज्यादा तो कभी छररी ज्यादा होने की बात सामने आ रही है. घटिया सामग्री के कारण पुलिया के जल्द क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है। यहीं नहीं पुलिया पूरा होने से पहले ही उसमें बनी पिलर धसने लगी है. वहीं संवेदक द्वारा वेवरेटर मशीन तो लिया गया है परन्तु उसका उपयोग काम मे नहीं किया जा रहा है. **प्रशासन से कार्रवाई की मांग :** स्थानीय ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो पुलिया निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच कर उचित कार्रवाई की अपील की है, ताकि निर्माण कार्य को सही तरीके से संपन्न कराया जा सके।

## बीआरसी कार्यालय में आधार कार्ड बनाने के नाम पर अवैध उगाही, पदाधिकारी मौन

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ बीआरसी कार्यालय में सरकार द्वारा लगाए गए बच्चों के आधार कार्ड में त्रुटि के सुधार के लिए शिविर में कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा प्रत्येक बच्चों से 200 से ?300 की अवैध उगाही धड़ल्ले से की जा रही है।छात्र रोशन कुमार पिता रघु तुरी ग्राम नगडा अंकुर साव पिता फुलदेव साव,मो. सोहेल समेत कई लोगों ने बताया कि हम लोग अपना आधार कार्ड सुधरवाने के लिए गए थे ।वहां कंप्यूटर ऑपरेटर ने 200 से ?300 ले रहा है पैसा नहीं देने पर वह आधार कार्ड में त्रुटि को सुधार नहीं कर रहा है ।बालूमाथ बीआरसी कार्यालय में पिछले दो से तीन महीने में यह आधार कार्ड सुधारने का शिविर लगाया गया है। और निरंतर जारी है लोगों ने बताया कि इस शिविर में प्रत्येक दिन 50 से 100 लोग अपना आधार कार्ड सुधार करवा रहे हैं ।और इस तरह से अवैध उगाही देखा जाए तो 10 से 20,000 प्रत्येक दिन अवैध उगाही की जा रही है ।और इसकी भनक बगल में बैठ रहे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को नहीं है ।वही इस संबंध में आधार कार्ड बना रहे कंप्यूटर ऑपरेटर से पूछे जाने पर कहा की यह आधार कार्ड बनाने में 100 लेना था लेकिन हम लोग अपना खर्चा ?100 बढ़ा कर ले रहे हैं। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता ने कहा कि इस तरह की शिकायत अगर आ रही है तो मैं इसकी जांच करूंगी वही लातेहार डीएससी गौतम कुमार साहू ने कहा कि यह कार्य जिला शिक्षा पदाधिकारी देखते हैं ।मैं उनसे डिस्कस करने के बाद ही कुछ कर पाऊंगा। बरहाल जो भी हो सरकारी कार्यालय में शिविर लगाकर महीने में 3 से 5 लाख रुपए की अवैध उगाही होना एवं पदाधिकारी को मौन रहना कई प्रश्नों को जन्म दे रहा है।

## पेपर लीक व परीक्षा रद्द होने के पश्चात भ्रामक ख़बर फैलाने वालों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के द्वारा वर्तमान में हजारीबाग जिला में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा संचालित किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर मैट्रिक के हिंदी और साइंस प्रश्नपत्र के लीक मामले पर जैक के द्वारा उक्त परीक्षा रद्द कर दिया गया है। वहीं इस मामले में असमाजिक तत्वों द्वारा गलत इरादे से भ्रामक खबर फैलाये जाने की आशंका को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने पदाधिकारियों को अलर्ट पर रहने व सोशल मीडिया के गहन निगरानी का निर्देश दिया गया है।

**पुलिस प्रशासन की अपील**

हजारीबाग पुलिस सभी जिला वासियों से यह अपील करती है कि झारखण्ड राज्य में चल रहे मैट्रिक /इन्टर परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में अफवाह न फैलाये। अगर आपके पास किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो तुरंत हमारे साइबर थाना हजारीबाग मो0 नं0-9430165939 पर जानकारी साझा करें अथवा डायल 100/112 पर कॉल करें। किसी प्रकार की भ्रामक सूचना यदि किसी व्यक्ति / YouTube / Telegram /Facebook/Instagram / Twitter (x) के माध्यम से फैलायी जा रही है तो ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई BNS एवं IT Act की सुसंगत धाराओं में की जायेगी। जिससे 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। इसलिए आप सभी से निवेदन है की परीक्षाओं को कदाचार मुक्त एवं भ्रामक सूचना फैलाये बिना सम्पन्न कराने में हजारीबाग पुलिस का सहयोग करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जायेगी। आपकी हर सूचना पर हजारीबाग पुलिस अविलंब कार्रवाई करेगी। शांति एवं विधि - व्यवस्था बनाए रखने के लिए हजारीबाग पुलिस आपसे सहयोग की अपेक्षा रखती है।



**उपायुक्त के निर्देशानुसार एसडीओ सदर की अगुआई में शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में चलाया गया जांच अभियान**

उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार सदर एसडीएम लोकेश बारंगे की अगुआई में शहरी क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कोर्रा,बाबूगांव और मटवारी क्षेत्र के कोचिंग संस्थानों पर जांच चलाया गया। उन्होंने बताया कि मैट्रिक इंटर की परीक्षा पेपर लीक मामला अत्यंत गंभीर मामला है। उपायुक्त के निर्देशानुसार आज जांच अभियान चलाया गया है। सभी से अपील है कि सोशल मीडिया में किसी प्रकार की कोई भ्रामक सूचना न डालें।

## वृद्ध तिलक साव ने बिरहोर समुदाय व अनाथ बच्चों को खिलाया पकवान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के केवाल बिरहोर टोला व धोबियाडीह स्थित अनाथ आलय के बच्चों को धनबाद रोड के 89 वर्षीय तिलक साव ने अपने जन्म दिन पर पकवान खिलाया। इस कार्यक्रम में बिरहर समुदाय के बीच तिलक साव खुद बैठ कर पकवान रूपी भोजन ग्रहण किया। तिलक साव की देख रेख में यह आयोजन किया गया। जिनमें पूड़ी सब्जी, चटनी, बुंदिया और गुलाब जामुन सहित अन्य लज्जिज व्यंजन बनाए गए। तिलक साव के पुत्र विनोद साव मुख्य रूप से शामिल थे। इस मौके पर तिलक साव ने कहा कि आज गरीब बिरहोर समुदाय को भर पेट खाना खिला कर हमें बहुत सकून मिल रहा है। मुझे बहुत दिनों से दिली इच्छा थी कि गरीब बिरहोर समुदाय के लोगों को खाना खिलाएं। आज यह कार्य सफल हुआ। वहीं उन्होंने कहा कुंभ जाने वाले की अपार भीड़ उमड़ रही है, इस भीड़ भाड़ में जाने से बेहतर समझा की गरीब असहाय को भर पेट खाना खिलाना कोई तीर्थ से कम नहीं है और जीते जी अपने पुत्र के सहयोग से यह कार्य करने का हमें अवसर मिला है। वहीं बताया कि जिस तरह देव लोक में देवों ने पूरा ब्रह्मांड का परिक्रमा करने के बावजूद सफल नहीं हो सके और श्री गणेशजी माता पिता का परिक्रमा कर सिद्धि प्राप्त किया। इस तरह की सोच विचार से मैं पहले भी कई बार अतिम, गरीब और असहाय लोगों को खाना खिलने का कार्य करता रहा हूं। मौके पर तिलक साव के पुत्र विनोद साव, रवि कुमार, डीलर प्रतिनिधि सुरेश राणा, देवधारी यादव, बिपिन मधेशिया, दिनेश साव, प्रख्यात उर्फ सेतु सहयोग किया।



## विधायक मनोज कुमार यादव ने महायज्ञ महोत्सव में भक्ति जागरण का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही डीह स्थित सूर्य घाट में आयोजित श्री श्री 1008 सूर्य मंदिर नौ दिवसीय महायज्ञ महोत्सव के संध्या आयोजित भक्ति जागरण का बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि धार्मिक जागरण से लोगों के जीवन में सुख, शांति व समृद्धि आती है। वहीं, जागरण मंडली के कलाकारों ने देवी-देवताओं पर आधारित भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को रात-भर झुमाया। कलाकारों ने जीवंत झांकी भी पेश किए। मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किसुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, समिति अध्यक्ष राजसिंह चौहान, स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, यज्ञ समित पदाधिकारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए।

## मौलाना अबुल कलाम आजाद की 76 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में स्वाधीन भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न से सम्मानित मौलाना अबुल कलाम आजाद की 67 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि स्वाधीन भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद जो अरबी फारसी के विद्वान थे स्वाधीनता संग्राम मे युवावस्था में ही कूद पड़े थे । प्रथम महायुद्ध 1914-1918 और द्वितीय महायुद्ध 1939-1945 दोंनो महायुद्धों के काल में कारावास भुगतने वाले संभवतः वे ही एक मात्र नेता थे । राष्ट्र में अमूल्य योगदान के लिए 1992 में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया । मौके पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ओबीसी के प्रदेश सचिव नेत्री रेणु कुमारी वरिष्ठ कांग्रेसी संजय तिवारी, मकसुद आलम, डॉ.प्रकाश कुमार, राजू चौरसिया, ललितेश्वर चौधरी, सुनिल सिंह राठौर, जावेद इकबाल, संजय कुमार यादव, सलीम रजा, मिथिलेश दुबे, विजय कुमार सिंह, सेवा दल जिला अध्यक्ष गुड्डु सिंह, सहकारिता विभाग के जिला अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, परवेज अहमद, ओ बी सी सेल के दीपक गुप्ता, सदरूल होदा, अनिल भुईया, अर्जुन नायक, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी प्रखंड अध्यक्षों में अजीत कुमार सिंह, नरसिंह प्रजापति के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।




## विजैया बैंक मोड पर कैफ मुंबई व बर्थ डे केक शॉप का उद्घाटन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया बैंक मोड के पास कैफ मुंबई व बर्थ डे केक शॉप का उद्घाटन मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो. क्यूम ने किया। मौके पर उन्होंने दुकान संचालक को बधाई दी। साथ ही कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक ब्यापार नहीं बढ़ेगा, किसी भी क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है। हमारी सरकार भी ब्यापार को बढ़ावा देने के लिये कई योजनाएं चला रही है। दुकान संचालक ने बताया कि विजैया बैंक मोड के पास दुकान है, हमारे पास अनेक प्रकार के केक ताजा बनाकर तुरंत मिलता है, और मेरे पास पार्टी का भी ऑडर लिया जाता है। सभी प्रकार के जैसे शादी केक, बर्थडे केक सहित अन्य पार्टी के सामग्री बनाई जाती है। मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ यादव,पंसस सदस्य रमजान अंसारी, हाजी हाशिम रघु मोदी, मुख्तार मियां, मंसूर आलम, डॉ कलाम, अजीम अंसारी, करू भगत, दाऊद अंसारी, वीरेंद्र दास, मुस्तकीम अंसारी, रहीम मियां, सोबरती मियां, विनोद राणा, विमलेश मोदी, राजेंद्र मोदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का अलपिटो में स्वागत



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधुवन से लौटने के क्रम में शुक्रवार की रात को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो तथा माण्डू विधायक का अलपिटो एन एच-522 के किनारे होटल आशीर्वाद में बालेश्वर यादव,धानेश्वर यादव समेत अन्य लोगो ने पुष्पगुच्छ देकर अगुवानी करते हुए स्वागत किया।इस मौके पर मुख्य रूप से रमेश यादव,भीखन रविदास,राकेश यादव,कन्हाई यादव,छोटी यादव,प्रदीप यादव,बबन रविदास,रमेश पंडित के अलावा बड़ी सँख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य कलश यात्रा एवं यज्ञ का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर प्रखण्ड अंतर्गत ओरिया पंचायत स्थित ग्राम बिरबिर में नवनिर्मित माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर का प्रथम वर्षगांठ के अवसर आयोजित यज्ञ कार्यक्रम दिन शनिवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ शुरूआत हुई। माता शबरी मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप से 251 कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर ढोल नगाड़ा, गाजे-बाजे एवं पारंपरिक परिधानों के साथ भव्य व विराट शोभायात्रा निकली। महिलाओं एवं पुरूषों ने भगवा गमछा एवं माथे में जय श्री राम का पट्टा धारण कर भगवत जयकारा जमकर लगाया। पारंपरिक भक्ति गीतों की गुनगुनाहट के साथ भक्तिमय महौल बन गया। कलश यात्रा बिरबिर माता शबरी मंदिर से लेकर ओरिया, नुतन नगर, लाखे, कोर्रा एंव जबरा पहुंची। जहाँ जबरा स्थित डैम से जल लेकर सिंघानी फोरलेन एवं ओरिया होते हुए कलश यात्री पूणः शबरी माता मंदिर के लिए रवाना हुए। जिसके बाद कलश यात्री माता शबरी मंदिर पहुंचकर कलश रखा एवं प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित यज्ञ कार्यक्रम शुभारंभ हुई। पूजन कार्य संपन्न होने के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान कई प्रमुख लोग शामिल होकर कलश यात्रियों का स्वागत व अभिनंदन किया। मौके पर मुख्य रूप से ओरिया पंचायत समिति सदस्य जीतु यादव, शबरी सेना से रोहित राम, माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर के अध्यक्ष नन्कु राम, सचिव जुगल यादव, कोषाध्यक्ष विक्रम कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश साव, उपसचिव अरविंद बक्शी, उपकोषाध्यक्ष सिता राम वर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गौतम वर्मा, अजय कुमार, प्रकाश यादव, अशोक यादव, पप्पू वर्मा, कमेश्वर वर्मा, अजित वर्मा, जगदीश राम, बीरबल कुमार, बिजय राम, सुनील यादव, तपेश्वर यादव, रुपेश राम, नरेंद्र यादव, विकाश यादव, प्रकाश कुमार, गौतम यादव, कार्तिक यादव, बहादुर राम, ऋषू कुमार, जीवन कुमार, माइकल कुमार, बचन कुमार, गौतम कुमार, प्रेम कुमार एवं साजन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फूड सेफ्टी ऑफिसर ने कई खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसीएमओ पदाधिकारी डॉ शशि जायसवाल के निर्देशानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी के द्वारा शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उत्तम स्वीट्स,वन भोजन रेस्टोरेंट, ग्रिल इन, लस्सी कॉर्नर, स्ट्रीट कॉफी एवं झीनझरिया पुल के समीप बैंक्वेट हॉल आदि खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी होटल एवं रेस्टोरेंट के संचालको द्वारा उनके यहाँ कार्यरत कर्मियों का नियमानुकुल वार्षिक स्वास्थ्य जाँच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र रखने को कहा। साथ ही पानी की गुणवत्ता की जाँच ससमय करवाना सुनिश्चित करने को कहा। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा संचालकों को निर्देश दिया कि अपने रसोईघर को अच्छी तरह से हाईजीन कंडीशन में रखें। फूड विक्रेता आदि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए अवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य/औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया।

## मंडई कला में डेंटल कॉलेज एवं मिशन अस्पताल द्वारा लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

● **स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निःशुल्क शिविर लगाया जा रहा है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड अस्पताल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन शनिवार को मंडई कला में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर मे जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। इसमें 72 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, दांत एंव आरबीएस सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य हर जरूरतमंद को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाना है। शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह-जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो। मौके पर स्थानीय लोगों कहा कि वाकई मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज काफी अच्छा पहल है। इससे गरीब परिवार एवं माध्यमिक परिवारों को काफी राहत मिल रहा है। उन्होंने मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज परिवार का सरहाना किया। मौके पर डॉ फोरम, डॉ अश्विनी, सिस्टर रेशमी रोज़ी, प्रयोगशाला विभाग राकेश कुमार, नेत्र विभाग राहुल कुमार, छात्रा शाज़िया आयशा सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

## स्व. बद्रीनाथ गोस्वामी फुटबॉल टूर्नामेंट में पहुंचे सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** फुटबॉल रेफरी संघ एवं स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ियों के संयुक्त प्रयास से प्रथम स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन गांधी मैदान में किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित करने से हुई। इस अवसर पर विधायक श्री प्रसाद ने कहा की स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी का योगदान हजारीबाग के खेल जगत के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने फुटबॉल को केवल एक खेल के रूप में नहीं, बल्कि एक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया। यह टूर्नामेंट उनके सम्मान में किया गया एक सराहनीय प्रयास है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने आए खिलाड़ियों से विधायक श्री प्रसाद ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा की खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है। हजारीबाग की धरती ने कई बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं, और मुझे विश्वास है कि यहां के युवा भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी और जीत-हार की चिंता छोड़कर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर ध्यान देने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा विधायक श्री प्रसाद को सम्मानित किया गया। इस पर उन्होंने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की खेल एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा। खेल से युवाओं में अनुशासन, संघर्षशीलता और टीम वर्क की भावना विकसित होती है। सरकार एवं समाज को मिलकर खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करना चाहिए। इसके बाद विधायक श्री प्रसाद ने खिलाड़ियों के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई और टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हजारीबाग में खेल के विकास के लिए और अधिक प्रयास किए जाएंगे, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सके। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिहं, भैया मुरारी सिन्हा, नजरूल हसन, बहादूर राम, सुरज कुमार, सरफराज अहमद, गुड्डु मटवारी के सभी स्थानीय व स्व बद्रीनाथ गोस्वामी के परिजन सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।



## श्याम फाल्गुन निशान पूजा का भव्य आयोजन 24 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्याम भक्तों के लिए एक हर्षोल्लास से भर देने वाला अवसर आ रहा है। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार, हजारीबाग द्वारा 24 फरवरी को मुनका बगीचा प्रांगण में श्री श्याम फाल्गुन निशान पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस भक्तिमय संध्या की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। यह आध्यात्मिक आयोजन संध्या 6:00 बजे से प्रारंभ होगा और प्रभु की इच्छा तक चलेगा। इस विशेष आयोजन में फूलों की होली, अखंड ज्योत, बाबा श्याम का भोग, इत्र वर्षा, अखंड कीर्तन एवं भव्य श्रृंगार जैसे अनूठे आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे, जो श्रद्धालुओं को एक अलौकिक भक्ति अनुभव प्रदान करेंगे। बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे।



**भजन संध्या में अनुभव अग्रवाल की विशेष प्रस्तुति :** इस पावन अवसर को और अधिक भक्तिमय बनाने के लिए टाटानगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुभव अग्रवाल अपनी सुमधुर वाणी में भजनों की विशेष प्रस्तुति देंगे। उनकी संगीतमय प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो जाएगा और श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन होकर श्री श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। फाल्गुन महीना श्री श्याम प्रभु को समर्पित होता है, और इस दौरान पूरे देश-विदेश में बाबा श्याम की भव्य आराधना की जाती है। इसी श्रृंखला में हजारीबाग में यह दिव्य आयोजन किया जा रहा है, जो श्याम भक्तों को प्रभु श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने और उनकी कृपा प्राप्त करने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करेगा। इस आयोजन को श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के नौ समर्पित सदस्य पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ सफल बनाने में लगे हुए हैं। यह टीम समय-समय पर बाबा श्याम के धार्मिक एवं भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्याम परिवार तुलसी धाम, कोलकाता का विशेष सहयोग एवं आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार सभी श्याम भक्तों से आग्रह करता है कि वे इस भक्तिमय संध्या में अधिक से अधिक संख्या में पधारें और बाबा श्याम की कृपा एवं आशीर्वाद प्राप्त करें। यह भक्ति संध्या न केवल आध्यात्मिक शांति और भक्ति का अनुभव कराएगी, बल्कि सभी को प्रभु श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने का सुअवसर भी प्रदान करेगी।

## 08 श्रद्धालुओं का शव पहुंचा कण्डसार, सांसद व विधायक ने गांव पहुंचकर जताया गहरा शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कटकमसांडी प्रखंड स्थित ग्राम कंडसार पहुंचे और बीते दिनों सड़क दुर्घटना का शिकार हुए यहां के 08 लोगों के शोकाकुल परिवारों से मिलकर गहरा शोक प्रकट किया ।पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है और लोग मर्माहत हैं। बीते दिनों कुम्भ स्नान के पश्चात् अयोध्या दर्शन कर लौटने के क्रम में यूपी के जौनपुर जिले के थाना बदलापुर क्षेत्र में एक अत्यंत ही हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में इस क्षेत्र के 8 जनों का आकस्मिक निधन हो गया। आज सभी का शव गांव पहुंचा तो उनके परिजनों का क्रंदन और चीत्कार सुन कलेजा फट रहा था। इस घटना के अन्य इलाजरत घायलों का भी नेताद्वय ने सुध ली और ईलाज में हरसंभव मदद का भरोसा भी जताया । सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद ने गांव वालों और मृतकों के परिवारजनों को ढांढस बंधाया और हिम्मत बढ़ाया साथ ही एक बेटा/भाई के रूप में हमेशा इस विकट परिस्थिति में आपके साथ खड़े रहने का भरोसा जताया । सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर मृतकों की आत्मा की अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवारजनों को इस विकट दुःख से उबरने हेतु संबल प्रदान करें ।


**कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा।**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निर्गत ज्ञापांक –63(ii)/जि0प0 दिनांक –11.02.2025 डाक बंगलों की नीलामी संबंधी सूचना (PR No.–346428(Simdega) 2024-25) को अपरिहार्य कारणों से तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

उप विकास आयुक्त,–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, सिमडेगा।

PR 346982 Simdega(24-25)D

# 30 लाख के अवैध शराब सहित 12 लोग गिरफ्तार





❍ प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 22 फरवरी को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को अहले सुबह में गुप्त सूबना प्राप्त हुई कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के गंडके जाने वाली सड़क पर राधागोविंद यूनिवर्सिटी के पीछे जंगली क्षेत्र में बने भवन में कुछ शराब माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर नकली शराव तैयार कर होली पर्व के अवसर पर बिहार भेजने की तैयारी की जा रही है। इस गिरोह में बिहार के कुछ शराब माफिया स्थानीय लोगों को मिलाकर अवैध रूप से नकली शराब तैयार कर कई खेप भेज चुके है। तत्पश्चात सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के सदस्यों द्वारा गंडके जाने वाली सड़क पर राधागोविंद यूनिवर्सिटी के समीप स्थित रूपेश महतो के पक्का मकान में छापामारी की तो वहां रूपेश महतो एवं अन्य तीन युवक पकड़े गये । पूछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि जहानाबाद (बिहार) के रहने वाले व्यक्ति राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद द्वारा नकली शराब लाकर विभिन्न ब्रांड के बोतलों में भरकर उपर से स्टीकर, रैपर साट कर ढक्कन पर झारखण्ड सरकार लिखा हुआ सील एवं वारकोड लगाकर पैकिंग कर कई थैलों में भरकर दिपक मुंडा के एलवेस्टर के मकान में रखा गया है । जिसे एक-दो दिन में बिहार भेज दिया जायेगा। तत्पश्चात उपस्थित टीम के साथ पकड़ाये व्यक्तियों के बतायेनुसार दिपक मुंडा के एलवेस्टर के मकान में छापामारी किया गया तो उसके घर से विभिन्न ब्रांड 1. सिग्नेचर 2.8 पीएम के नकली शराब की बोतल जिसमें नकली शराब भरा हुआ पाया गया साथ हीं विभिन्न ब्रांड के शराब का स्टीकर, सील एवं खाली बोतल दो बड़े कमरे में रॉ मेटेरियन पाया गया तथा तैयार नकली शराब जो कई थैलों में बंद पाया गया। साथ हीं रूपेश महतो के बतायेनुसार इस गिरोह के मुख्य सरगनाराहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद को रांची जिला के ओरमांझी थाना अन्तर्गत जतराटांड, ओएना से गिरफ्तार किया गया इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता में दी। बताया कि इस कांड में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है तथा नकली शराब के परिवहन में प्रयोग किये जाने वाले कुल 03 वाहन, दो मोबाईल एवं 14 मोबाईल फोन, पानी का जार, सिन्टेक्स टंकी, शराब बनाने वाला स्प्रीट आदि को बरामद कर जब्त किया गया है। इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार व्यक्तियों का नाम-पताः**

1. राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद उम्र 31 वर्ष पिता मोहन कुमार स्थायी पता-पुरूषोत्तम पुरथाना-घोंसी जिला-जहानाबाद (बिहार) वर्तमान पता आदर्श नगर, टाटी सिलवे थाना-टाटी सिलवे जिला-रांची।

2. रूपेश महतो उम्र-26 वर्ष पिता सुरेश महतो सा0-गंडके नियर राधा गोविंद यूनिवर्सिटी थानाजिला-रामगढ़

3. राकेश कुमार महतो उम्र-28 वर्ष पिता स्व0 भोला महतो सा0-बाजार टांड पारसोतिया थानाजिला-रामगढ़

4. गौरव कश्यप उम्र 22 वर्ष पिता-सुनिल शर्मा सा0 रामपुर थाना-देवकुंठ जिला-अरवल (बिहार)

5. रणविजय सिंह उम्र 32 वर्ष पिता-सतराजीत सिंह सा0-रांगाटांड, रेलवे कॉलोनी जिला-धनबाद

6. निखिल कुमार उम्र 21 वर्ष पिता-नित्यानंद शर्मा सा0-बैगनी थाना-उलासगंज जिला-जहानाबाद (बिहार)

7. राज कुमार उम्र-29 वर्ष पिता-अरविंद कुमार सा0-बरियातु जोड़ा तलाब थाना-बरियातु जिला-रांची।

8. आर्दश सिंह उम्र करीब 23 वर्ष पिता गोपी रमण सा0-महावीर नगर, डुमरदगा बुटीमोड़ थाना-खेलगांव जिला-रांची।

9. प्रवीण महतो उम्र करीब 26 वर्ष पिता-विष्णु चरण महतो सा0-झाबरी थाना-सिल्ली जिला-रांची।

10. निठु नंदी उम्र 32 वर्ष पिता-नठु नंदी सा0-सुगना उत्तर पाड़ा थाना-कल्याणी जिला-नदिया (प0 बंगाल)

11. समरेश कुमार उम्र-19 वर्ष पिता महेश प्रसाद सा0-पकाड़िया बीघा थाना-हिलसा जिला-नालंदा (बिहार)

12. मनीष कुमार उम्र 23 वर्ष पिता मनोज बिंद सा0-पकाड़िया बीघा थाना-हिलसा जिला-नालंदा (विहार)

छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद,पुनि सह थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, पुअनि मंजेश कुमार सिंह, पुअनि उपेन्द्र कुमार, पुअनि ओमकार पाल, पुअनि सुमंत कुमार राय,आरक्षी 48 मनीष कुमार यादव, आरक्षी 67 श्रवण कुमार, आरक्षी 44 रवि शंकर कुमार, आरक्षी 554 अर्जुन पासवान, आरक्षी 226 जितेन्द्र कुमार, आरक्षी 432 अजय कुमार आदि शामिल थे।

# खोरठा विभाग द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस धूमधाम से मनाया गया

❍ अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमे अपनी मातृभाषाओं के संरक्षण,संवर्धन और विकास के प्रति जागरूक करता है : कुलाधिपति बी एन साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़ खोरठा भाषा विभाग के द्वारा अंतराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि , कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल , परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार , रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रध्यापक डॉ बी एन ओहदार , शिक्षाविद बासुदेव महतो , समाजसेवी डॉ डी सी राम , खोरठा विभाग के विभागाध्यक्ष अनाम ओहदार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत खोरठा विभाग की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव प्रो (डॉ)निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ और उन्होंने कहा की इस तरह के आयोजन से लोगों को अपनी मातृभाषा के प्रति लगाव बढ़ेगा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने अंतराष्ट्रीय मातृभाषा



की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमें अपनी मातृभाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और विकास के प्रति जागरूक करता है।सचिव सुश्री प्रियंका ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की हार्दिक बधाई दी। प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने संबोधन में बताया कि आज का दिन मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाव देने के महत्व को बताता है।कार्यक्रम का संचालन खोरठा विभाग के विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम ने किया और अपने संबोधन में कहा की मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान का एक अभिन्न हिस्सा है व मातृभाषा में शिक्षा बच्चों के सीखने और विकास के लिए अत्याधिक प्रभावी होती है। धन्यवाद ज्ञापन परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वित एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण , एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।बतौर मुख्य वक्ता खोरठा साहित्य संस्कृति के निर्देशक डॉ बी. एन. ओहदार ने कहा कि मातृभाषा और संस्कृति ही हमारी पहचान है।संस्कृति को बचाने के लिए मातृभाषा को बचाना जरूरी है। डॉ डी. सी. राम ने संबोधन करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में भी मातृभाषा का अपना महत्व है। चित्तरंजन महतो चित्रा को मिला गोविन्द महतो जंगली स्मृति सम्मान .जिनगिक टोह, छाँहईर,और महराई लोकगाथा के लेखक हैं चित्रा।अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया । जिसमें खोरठा भाषा के वयोवृद्ध साहित्यकार ,कथाकार उपन्यासकार चितरंजन महतो चित्रा को गोविन्द महतो जंगली स्मृति साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। चित्रा रांची विश्वविद्यालय के खोरठा के पहले प्रध्यापक हैं, जिन्होंने 80 के दशक में अपनी मातृभाषा खोरठा में जिनगिक टोह उपन्यास लिखकर तहलका मचाया था। खोरठा गीतों से सराबोर रहा महफिल खोरठा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खोरठा लोकगीतों से सराबोर रहा । खोरठा विभाग के छात्राओं द्वारा लोकगीतों की प्रस्तुति की गई उसके बाद हेमली ग्रुप के कलाकारों ने एक से एक झूमर गीत गाकर सभी को झूमाया ।

# बुढ़ाछत्तर धाम में महाशिवरात्रि के मद्देनजर हुई एक महत्वपूर्ण बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** शिनिवार 22/2/2025 को बाबा बुढ़ाछत्तर धाम, रायपुरा (गोला) में महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचम महतो ने की। महाशिवरात्रि महोत्सव 26.02. 2025 को है, जिसे लेकर पुरी तरह से तैयारी को लेकर कमेटी का विस्तार भी किया गया। कमिटी में संरक्षक बिनू कुमार महतो, सह् संरक्षक मितन महतो, संयोजक महेश महतो, सह् संयोजक गणेश महतो अध्यक्ष पंचम महतो,उपाध्यक्ष करण करमली, सचिव रामविलास महतो, उपसचिव दिलीप महतो, कोषाध्यक्ष लखेश्वर महली, उपकोषाध्यक्ष गौरी महतो, मिडिया प्रभारी बिनू कुमार महतो, उप राजेश महतो, उद्घोषक सतीश महतो उप उद्घोषक उतम महतो, सदस्य कारु मुण्डा, सपना महतो, दुबराज कुमार, रिखु महतो, ज्ञानी महतो, अरजलाल महतो, अजय महतो अन्य ग्रामीण उपस्थित



हुए। महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन दिनांक 26 फरवरी 2025 को किया जाना है।

**कार्यक्रम की रुपरेखा**

**कार्यक्रम :** सुबह 6:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक पूजा-पाठ प्रसाद वितरण एवं संध्या आरती 7:30 बजे रात्रि, 8:00 बजे उद्घाटन समारोह, रात्रि 10:00 बजे से छऊ-नृत्य कार्यक्रम में

**पहली पार्टी :** नमोपिंडरा नवयुव छऊ- नृत्य पार्टी, ग्राम नमोपिंडरा, थाना पुरुलिया, जिला-पुरुलिया उस्ताद कैलाश महतो।

**दूसरी पार्टी पुडियारा :** पल्लीसेवा संघ, नृत्य पार्टी, ग्राम+ पोस्ट - पुड़ियारा, थाना-बड़ाबाजार, जिला पुरुलिया। उस्ताद - हरिकृष्ण महतो है।

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**

मनीष जायसवाल सांसद हजारीबाग, विशिष्ट अतिथि ममता देवी विधायक रामगढ़, अन्य अतिथि गीता देवी गोला प्रमुख, जलेसर महतो जिला परिषद सदस्य गोला, अलका महतो मुखिया पुरबडीह, ज्योति देवी पंसस की गरिमामयी उपस्थिति होगी।

# अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम बड़कागांव प्रखंड कमेटी की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सिदो-कान्हू चौक चेक पोस्ट स्थित आदिवासी छात्र संघ कार्यालय में शनिवार को अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम बड़कागांव प्रखंड कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुबितराम किस्कू व संचालन सचिव शंकर सोरेन ने किया। इस दौरान अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय सदस्य कृष्णा सोरेन, सुरेश मुर्मू, हजारीबाग जिला सचिव शिकारी टुडू,सह - सचिव तालो हांसदा मुख्य रूप से उपस्थित थे। उपरोक्त बैठक में समाज के लोगों ने विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम को संथाल समाज के बीच पूरे बड़कागांव प्रखंड में हर पंचायत में विस्तार कर समाज के लोगों को एकजुट



कर हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना है।मौके पर खेपन मांझी, बाबूलाल सोरेन, संजय सोरेन, संजय सोरेन, अनिल मुर्मू, बसंत सोरेन, राकेश सोरेन, बिरसा मांझी, राजू हांसदा, पंकज बास्के, बिनोद सोरेन, दीपक मरांडी, जितेन्द्र टुडू, निर्मल टुडू, राजू पवरिया, सुखदेव किस्कू सहित कई लोग मौजूद थे।

# व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** माननीय झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी (झालसा), रांची के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें वैवाहिक मामले एवं चेक बाउंस संबंधी मामलों की सुनवाई हुई रामगढ़ कुटुंब न्यायालय में वैवाहिक मामलों से संबंधित बेंच का गठन किया गया था इसमें श्री संजय कुमार न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, शिवेंदु द्विवेदी, सीनियर सिविल जज 4 एवं जितेंद्र कुमार पैनल अधिवक्ता ने इस बेंच में कुल तीन अलग अलग वैवाहिक मामलों में समझौता करा कर केस का निपटारा किया। इन केसों में पति पत्नी आपसी विवाद के कारण अलग अलग रह रहे थे। विशेष



लोक अदालत के माध्यम से इन्हें समझा बुझा कर विवाद को खत्म करने एवं साथ साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया तथा तीनों केस में पति पत्नी का रियूनियन किया गया।

# विधायक बने पावन क्रूस उच्च विद्यालय भुरकुंडा के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा के पटेलनगर स्थित पावन क्रूस उच्च विद्यालय में शनिवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई/ बैठक में जैक, रांची के आदेशानुसार बड़कागाँव क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक श्री रौशन लाल चौधरी जी को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया/ विद्यालय प्रबंधन की आवश्यक बैठक में भाग लेते हुए विद्यायक ने विद्यालय के विभिन्न समस्याओं को अतिशीघ्र निदान करने का अस्वाशन दिया तथा यह भी कहा कि विद्यालय में उत्कृष्ट पढ़ाई से हर वर्ष अंग्रेजी माध्यम से विद्यार्थियों का मैट्रिक में 100त्र रिजल्ट होता आ रहा है,इस अवसर पर विद्यालय सचिव सि0 आग्नेस बेक, विद्यालय प्राचार्या सि0 सुमंती टोप्पो, मो0 कमरुद्दीन, सि0 असीमा टोप्पो आदि शामिल थे/

# टेम्पो और बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल, बीस सूत्री अध्यक्ष ने पहुंचाया अस्पताल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के बोरवाटोला के समीप टेम्पो और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार प्रियातू निवासी शराफत अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस लेकर घटनास्थल पहुंचे और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सदर



अस्पताल, रामगढ़ ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें प्लस अस्पताल, रांची रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन उचित यातायात प्रबंधन और सुरक्षा उपायों की कमी के कारण ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने और वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

# सभी हाई स्कूलों में चित्रकारी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी (झालसा), रांची के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में एवं आलोक कुमार दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा जिले के सभी हाई स्कूलों में चित्रकारी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें रामगढ़ जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता की कॉपियों की जांच कर सर्वश्रेष्ठ चित्र तथा निबंध को चयनित कर माननीय झालसा रांची को भेज दिया गया। पूरे झारखंड राज्य में चित्रकला तथा निबंध दोनों ही प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। चित्रकला में छात्र आशुतोष कुमार गुप्ता, पिता श्री अनिल कुमार, कक्षा बारहवीं आर्ट्स, विद्यालय एस. एस. प्लस 2 हाई स्कूल, पतरातु, रामगढ़ एवं निबंध प्रतियोगिता में दीपू कुमारी, पिता राजेन्द्र चन्द्र पोद्दार, कक्षा नवम, रामगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों बच्चों को माननीय झालसा रविवार को सम्मानित करेगी।

## नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, माता व पिता गए थे कुम्भ स्नान को

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के झुमरी तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत नरेश नगर में एक नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 15 वर्षीय शिवानी कुमारी पिता राजकुमार सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका के माता-पिता कल शाम कुम्भ स्नान के लिए गए है हुए थे और वह घर में अपने भाई और बड़ी चाची के साथ थी। मृतका की चाची ने बताया कि उसका भाई जो कक्षा 10 वीं का छात्र है, वह परीक्षा देने घर से निकला। इसी बीच शिवानी बर्तन मांजने लगी और मुझसे बाहर बैठने को कहा। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब वह बाहर नहीं आई तो इन्होंने अंदर जाकर उसके कमरे के अंदर झांका तो देखा कि शिवानी अपने दुपट्टे के सहारे पंखे से झूल रही थी। जिसके पश्चात उन्होंने आस पड़ोस के लोगों को आवाज दी। जिसके बाद पड़ोस के लोग वहां पहुंचे और उसे फंदे से नीचे उतारकर स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर इस घटना की सूचना कुम्भ नहाने गए उसके माता-पिता को दी गई, जिसके पश्चात वे रास्ते से ही वापस लौट रहे हैं। इधर मिली जानकारी के अनुसार मृतका को तिलैया पुलिस के एक पैंथर जवान सुबह करीब बजे उसे घर छोड़कर गए।

# जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्श योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 148, दिनांक 29.01.2025 के आलोक में खूँटी जिला के जनजातीय समुदाय के सदस्यों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना–प्रधानमंत्री मत्सय संपदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्श अभियान" (Dharti Aaba Janjatiya gram Utkarsh Abhiyan-DAJGUA)– नई योजना वित्तीय वर्श 2024–25 से 2028–29 के लिए प्रारम्भ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रायोजित – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृश्टिकोण और अभिशरण के माध्यम से बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पणा की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Blocks) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्श अभियान (Dharti Aba Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan - DAJGUA)" अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के ही कुछ कम्पोनेंट्स का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही है। इस योजना के तहत् जनजातीय लाभुक जनित योजनाओं जिसमें Community Forest Resoures (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये हैं, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90 प्रतिशत(केन्द्रांश 60 : राजयांश 40) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक का अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुकों के चयन की प्रकिया प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही जिला स्तर पर DLC एवं राज्य स्तर पर SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की अधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से खूँटी जिला के 06 प्रखण्डों के कुल 403 गाँवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्हीं गाँवों के जनजातीय लोगों से स्वीकार किया जाएगा। किसी भी कार्य दिवस पर आवेदन पत्र कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर आवेदन वांछित दस्तावेजों के साथ समर्पित कर सकते हैं। दस्तावेजों की सूची(आवश्यकता अनुसार):– जमीन का अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत/सत्यापित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, आवेदक के साथ जमीन का GPS फोटो, वंशावली, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र इत्यादि।

लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित हैं:–

| क्र० सं० | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू० में) | सरकारी अनुदान की विवरणी(लाख रू० में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 90% सरकारी अनुदान | 10% लाभुक अंशदान |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | सं० में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 2 | नए रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | हे० में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 3 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | हे० में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया एवं स्कैम्पी पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये निर्मित ग्रो–आउट तालाबों में) | हे० में | 4.00 | 3.60 | 0.40 |
| 5 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4 लाख रू० प्रति प्रति यूनिट इनपुट सहित) | 0.1 हे० | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 6 | Bivalve पालन(Bivalve Cultivation- Mussels, clams, pearl etc.) | सं० में | 0.20 | 0.18 | 0.02 |
| 7 | बैक्यार्ड ऑनमेंटल फिश रियरिंग यूनिट | सं० में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 8 | मीडियम स्केल ऑनमेंटल फिश रियरिंग यूनिट | सं० में | 8.00 | 7.20 | 0.80 |
| 9 | मीडियम आकार वाले 06 टैंक आर०ए०एस०(RAS) की स्थापना (न्यूनतम 30मी³ प्रति टैंक क्षमता एवं 10 टन प्रति क्रॉप उत्पादन क्षमता) | सं० में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 10 | 4 मी० व्यास एवं 1.5 मी० ऊँचाई वाले बायोफ्लॉक 25 टैंक की स्थापना (कुल क्षमता लगभग 360मी०³) | सं० में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 11 | छोटे आकार वाले 1 आर०ए०एस०(RAS) का अधिष्ठापन (न्यूनतम 100मी³ टैंक क्षमता) | सं० में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 12 | 4 मी० व्यास एवं 1.5 मी० ऊँचाई वाले बायोफ्लॉक 7 टैंक की स्थापना | सं० में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 13 | बैक्यार्ड मिनी आर०ए०एस०(RAS) का अधिष्ठापन | सं० में | 0.50 | 0.45 | 0.05 |
| 14 | जलाशयों में केजों का अधिष्ठापन | सं० में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 15 | खुले जलक्षेत्र(Open Water Bodies) में पेन कल्चर का अधिष्ठापन | हे० में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 16 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह/आईस प्लॉन्ट का निर्माण | सं० में | 40.00 | 36.00 | 4.00 |
| 17 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन (6–10 मी०टन क्षमता) | सं० में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 18 | इन्सुलेटेड वाहन (6–10 मी०टन क्षमता) | सं० में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 19 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल(मत्स्य विपणन हेतु) | सं० में | 0.75 | 0.67 | 0.075 |
| 20 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल(मत्स्य विपणन हेतु) | सं० में | 0.10 | 0.09 | 0.01 |
| 21 | आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन(मत्स्य विपणन हेतु) | सं० में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 22 | लाईव फिश वेंडिंग सेंटर | सं० में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 23 | मिनी फिश फीड मिल(2 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता) | सं० में | 30.00 | 27.00 | 3.00 |
| 24 | फिश कियोस्क का निर्माण(ऑनमेंटल/रंगीन मछली/अक्वेरियम सहित) | सं० में | 10.00 | 9.00 | 1.00 |
| 25 | Traditional Fishermen के लिए नाव (replacement) एवं जाल | सं० में | 5.00 | 4.50 | 0.50 |

खूँटी जिला के चिन्हित गाँवों की सूची निम्नलिखित है जहाँ से अनुसूचित जनजाति के सदस्यों से आवेदन आमंत्रित है:–

| क० | प्रखण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | KARRA | BAKASPUR | Barka Regre |
| 2 | KARRA | BAKASPUR | Bakaspur |
| 3 | KARRA | BAKASPUR | Lappa |
| 4 | KARRA | BAKASPUR | Chhotka Regre |
| 5 | KARRA | BAKASPUR | Gari |
| 6 | KARRA | URIKEL | Jojodag |
| 7 | KARRA | URIKEL | Chanpi |
| 8 | KARRA | URIKEL | Urikel |
| 9 | KARRA | JARIA | Timra |
| 10 | KARRA | URIKEL | Bhusur |
| 11 | KARRA | LIMRA | Samundar |
| 12 | KARRA | LIMRA | Gumru |
| 13 | KARRA | LIMRA | Dumari |
| 14 | KARRA | SUNGI | Bala |
| 15 | KARRA | SUNGI | Sungi |
| 16 | KARRA | LARTA | Kanti |
| 17 | KARRA | LARTA | Larta |
| 18 | KARRA | LIMRA | Limra |
| 19 | KARRA | DAHKELA | Dehkela |
| 20 | KARRA | URIKEL | Jamhar |
| 21 | KARRA | GOVINDPUR | Gusa Toli |
| 22 | KARRA | GOVINDPUR | Rehargara |
| 23 | KARRA | GOVINDPUR | Jalanga |
| 24 | KARRA | DAHKELA | Barwadag |
| 25 | KARRA | SUNGI | Jabra |
| 26 | KARRA | JURDAG | Jurdag |
| 27 | KARRA | JURDAG | Tungaon |
| 28 | KARRA | JURDAG | Jaltanda |
| 29 | KARRA | JURDAG | Pargaon |
| 30 | KARRA | SUNGI | Jane |
| 31 | KARRA | LARTA | Madhugama |
| 32 | KARRA | BAMARJA | Diuri |
| 33 | KARRA | DAHKELA | Tilmi |
| 34 | KARRA | DAHKELA | Masko |
| 35 | KARRA | BAMARJA | Bamarja |
| 36 | KARRA | BAMARJA | Timra |
| 37 | KARRA | KARRA | Loyongkel |
| 38 | KARRA | KARRA | Kosambi |
| 39 | KARRA | KUDLUM | Erahatu |
| 40 | KARRA | KUDLUM | Sonmer |
| 41 | KARRA | KUDLUM | Dhanamunji |
| 42 | KARRA | KUDLUM | Kudlum |
| 43 | KARRA | KUDLUM | Kalamuchia |
| 44 | KARRA | KARRA | Masmano |
| 45 | KARRA | KARRA | Hansbera |
| 46 | KARRA | KARRA | Kudda |
| 47 | KARRA | BAMARJA | Kasira |
| 48 | KARRA | BAMARJA | Pahar Toli |
| 49 | KARRA | DUMARGADI | Taski |
| 50 | KARRA | DUMARGADI | Birda |
| 51 | KARRA | BAMARJA | Sangor |
| 52 | KARRA | KARRA | Garke |
| 53 | KARRA | MEHA | Meha |
| 54 | KARRA | MEHA | Malgo |
| 55 | KARRA | KUDLUM | Chaldanu |
| 56 | KARRA | GHUNSULI | Ghunsuli |
| 57 | KARRA | GHUNSULI | Dadi |
| 58 | KARRA | GHUNSULI | Chanpi |
| 59 | KARRA | GHUNSULI | Sirka |
| 60 | KARRA | KACCHABARI | Chiur |
| 61 | KARRA | KACCHABARI | Bingaon |
| 62 | KARRA | MEHA | Rolagutu |
| 63 | KARRA | DUMARGADI | Sahilong |
| 64 | KARRA | DUMARGADI | Gungunian |
| 65 | KARRA | DUMARGADI | Manpur |
| 66 | KARRA | DUMARGADI | Dumargari |
| 67 | KARRA | CHAATA | Sawra |
| 68 | KARRA | CHAATA | Chhata |
| 69 | KARRA | CHAATA | Kurse |
| 70 | KARRA | HAKAJANG | Sarwadag |
| 71 | KARRA | KACCHABARI | Kachabari |
| 72 | KARRA | KACCHABARI | Chandapara |
| 73 | KARRA | LODHMA | Murhu |
| 74 | KARRA | LODHMA | Kulhutu |
| 75 | KARRA | HAKAJANG | Hakajang |
| 76 | KARRA | LODHMA | Lohagara |
| 77 | KARRA | HAKAJANG | Padampur |
| 78 | KARRA | HAKAJANG | Ronhi |
| 79 | KARRA | HAKAJANG | Jiputoli |
| 80 | TORPA | OKRA | Okra |
| 81 | TORPA | OKRA | Pandra |
| 82 | TORPA | OKRA | Japud |
| 83 | TORPA | OKRA | Angarabari |
| 84 | TORPA | DORMA | Dorma |
| 85 | TORPA | BARKULI | Kudari |
| 86 | TORPA | BARKULI | Raisimla |
| 87 | TORPA | BARKULI | Jari |
| 88 | TORPA | BARKULI | Jagu |
| 89 | TORPA | BARKULI | Manmani |
| 90 | TORPA | BARKULI | Kasmar |
| 91 | TORPA | BARKULI | Barkuli |
| 92 | TORPA | DIYANKEL | Manhatu |
| 93 | TORPA | DORMA | Chandarpur |
| 94 | TORPA | SUNDARI | Sundari |
| 95 | TORPA | JARIA | Sonpurgarh |
| 96 | TORPA | JARIA | Jariya |
| 97 | TORPA | JARIA | Patpur |
| 98 | TORPA | HUSIR | Husir |
| 99 | TORPA | JARIA | Tirla |
| 100 | TORPA | SUNDARI | Kokeya |
| 101 | TORPA | DIYANKEL | Paira |
| 102 | TORPA | HUSIR | Gopla |
| 103 | TORPA | DIYANKEL | Patrauyur |
| 104 | TORPA | DIYANKEL | Diyankel |
| 105 | TORPA | KAMRA | Digri |
| 106 | TORPA | BARKULI | Jhatnitola |
| 107 | TORPA | UKRIMARI | Tati |
| 108 | TORPA | UKRIMARI | Ukrimanri |
| 109 | TORPA | UKRIMARI | Icha |
| 110 | TORPA | AMMA | Kulda |
| 111 | TORPA | URIKELA | Ulihatu |
| 112 | TORPA | URIKELA | Nichitpur |
| 113 | TORPA | KAMRA | Birta |
| 114 | TORPA | KAMRA | Kamra |
| 115 | TORPA | HUSIR | Ronhe |
| 116 | TORPA | HUSIR | Latauli |
| 117 | TORPA | FATKA | Phatka |
| 118 | TORPA | FATKA | Derang |
| 119 | TORPA | FATKA | Kalet |
| 120 | TORPA | FATKA | Gutuhatu |
| 121 | TORPA | TAPKARA | Kocha |
| 122 | TORPA | URIKELA | Urikel |
| 123 | TORPA | AMMA | Kanakloiya |
| 124 | TORPA | AMMA | Amma |
| 125 | TORPA | AMMA | Satal |
| 126 | TORPA | MARCHA | Karra |
| 127 | TORPA | MARCHA | Banabira |
| 128 | TORPA | MARCHA | Marcha |
| 129 | TORPA | MARCHA | Turigara |
| 130 | TORPA | FATKA | Lohajimi |
| 131 | RANIA | BANAI | Dembukel |
| 132 | RANIA | BANAI | Koynara |
| 133 | RANIA | KHATANGA | Digri |
| 134 | RANIA | BANAI | Manhatu |
| 135 | RANIA | BANAI | Doengar |
| 136 | RANIA | BANAI | Itam |
| 137 | RANIA | BANAI | Banai |
| 138 | RANIA | KHATANGA | Korakel |
| 139 | RANIA | JAIPUR | Japut |
| 140 | RANIA | JAIPUR | Garhsidam |
| 141 | RANIA | JAIPUR | Jaipur |
| 142 | RANIA | JAIPUR | Balankel |
| 143 | RANIA | KHATANGA | Khatanga |
| 144 | RANIA | KHATANGA | Kulhai |
| 145 | RANIA | KHATANGA | Token |
| 146 | RANIA | DAHU | Kotanger |
| 147 | RANIA | DAHU | Loa |
| 148 | RANIA | DAHU | Dahu |
| 149 | RANIA | TAMBA | Raniya |
| 150 | RANIA | TAMBA | Sarbo |
| 151 | RANIA | TAMBA | Harasuku |
| 152 | RANIA | TAMBA | Tamba |
| 153 | RANIA | SODE | Beghiya |
| 154 | RANIA | SODE | Tutikel |
| 155 | RANIA | KHATKHURA | Karakel |
| 156 | RANIA | KHATKHURA | Chalgida |
| 157 | RANIA | KHATKHURA | Belkidura |
| 158 | RANIA | KHATKHURA | Khatkhura |
| 159 | RANIA | KHATKHURA | Kainbanki |
| 160 | MURHU | INDIPIRI | Gaigai |
| 161 | MURHU | INDIPIRI | Indipiri |
| 162 | MURHU | INDIPIRI | Sarigaon |
| 163 | MURHU | INDIPIRI | Gumpuru |
| 164 | MURHU | BINDA | Binda |
| 165 | MURHU | BINDA | Sidu |
| 166 | MURHU | KEWDA | Kewra |
| 167 | MURHU | HETHGOA | Gutigara |
| 168 | MURHU | HETHGOA | Buruma |
| 169 | MURHU | GODATOLI | Selda |
| 170 | MURHU | GODATOLI | Maliada |
| 171 | MURHU | KORAKEL | Bande |
| 172 | MURHU | MURHU | Durri |
| 173 | MURHU | GODATOLI | Goratoli |
| 174 | MURHU | GODATOLI | Surunda |
| 175 | MURHU | HETHGOA | Hethgowa |
| 176 | MURHU | HETHGOA | Chichigara |
| 177 | MURHU | HETHGOA | Sirka |
| 178 | MURHU | KURAPURTI | Jilingkel |
| 179 | MURHU | KURAPURTI | Kudapurti |
| 180 | MURHU | GUTUHATU | Bari |
| 181 | MURHU | KURAPURTI | Kitahatu |
| 182 | MURHU | KUDA | Kudda |
| 183 | MURHU | KUDA | Jiuri |
| 184 | MURHU | KUDA | Kotna |
| 185 | MURHU | KUDA | Otongora |
| 186 | MURHU | KUDA | Balanga |
| 187 | MURHU | KUDA | Burju |
| 188 | MURHU | KUNJLA | Kundibartoli |
| 189 | MURHU | DIGRI | Digri |
| 190 | MURHU | DIGRI | Salga |
| 191 | MURHU | GUTUHATU | Gutuhatu |
| 192 | MURHU | GUTUHATU | Salehatu |
| 193 | MURHU | BICHNA | Pandu |
| 194 | MURHU | KUNJLA | Kunjla |
| 195 | MURHU | KUNJLA | Ithe |
| 196 | MURHU | KUNJLA | Charid |
| 197 | MURHU | HANSA | Hassa |
| 198 | MURHU | HANSA | Gajgaon |
| 199 | MURHU | HANSA | Perka |
| 200 | MURHU | BICHNA | Bichna |
| 201 | MURHU | GANALOYA | Biramkel |
| 202 | MURHU | GANALOYA | Gangira |
| 203 | MURHU | GANALOYA | Oskeya |
| 204 | MURHU | GANALOYA | Balo |
| 205 | MURHU | KORAKEL | Bamhani |
| 206 | MURHU | BINDA | Konowa |
| 207 | MURHU | BINDA | Bundu Mamail |
| 208 | MURHU | RUMUTKEL | Rumutkel |
| 209 | MURHU | RUMUTKEL | Gulu |
| 210 | MURHU | RUMUTKEL | Koyangsar |
| 211 | MURHU | RUMUTKEL | Kumhardih |
| 212 | KHUNTI | BARUDIH | Poseya |
| 213 | KHUNTI | BARUDIH | Chalam |
| 214 | KHUNTI | BARUDIH | Chalmbartoli |
| 215 | KHUNTI | BARUDIH | Anigara |
| 216 | KHUNTI | BARUDIH | Barudih |
| 217 | KHUNTI | BARUDIH | Dargama |
| 218 | KHUNTI | TIRLA | Simbhukel |
| 219 | KHUNTI | TIRLA | Budhudih |
| 220 | KHUNTI | TIRLA | Tirla |
| 221 | KHUNTI | TIRLA | Torangkel |
| 222 | KHUNTI | BHANDRA | Dokar |
| 223 | KHUNTI | BHANDRA | Hesahatu |
| 224 | KHUNTI | BHANDRA | Bhanrra |
| 225 | KHUNTI | BHANDRA | Jilinga |
| 226 | KHUNTI | BHANDRA | Jamri |
| 227 | KHUNTI | BHANDRA | Poseya |
| 228 | KHUNTI | BHANDRA | Barbanda |
| 229 | KHUNTI | MARANGHADA | Gadigaon |
| 230 | KHUNTI | LANDUP | Patratoli |
| 231 | KHUNTI | MARANGHADA | Bhut |
| 232 | KHUNTI | TIRLA | Saridkel |
| 233 | KHUNTI | MARANGHADA | Maranghada |
| 234 | KHUNTI | LANDUP | Jojohatu |
| 235 | KHUNTI | LANDUP | Chandor |
| 236 | KHUNTI | LANDUP | Landup |
| 237 | KHUNTI | LANDUP | Bichagutu |
| 238 | KHUNTI | LANDUP | Buruhatu |
| 239 | KHUNTI | LANDUP | Bandih |
| 240 | KHUNTI | LANDUP | Sirum |
| 241 | KHUNTI | DADIGUTU | Garamara |
| 242 | KHUNTI | TILMA | Karora |
| 243 | KHUNTI | TILMA | Hakaduba |
| 244 | KHUNTI | DADIGUTU | Darigutu |
| 245 | KHUNTI | TILMA | Tilma |
| 246 | KHUNTI | TILMA | Tarub |
| 247 | KHUNTI | TILMA | Kujram |
| 248 | KHUNTI | TILMA | Sandasom |
| 249 | KHUNTI | SILADON | Irud |
| 250 | KHUNTI | MURHI | Hatudami |
| 251 | KHUNTI | FUDI | Nehaldih |
| 252 | KHUNTI | FUDI | Argori |
| 253 | KHUNTI | FUDI | Kalamati |
| 254 | KHUNTI | FUDI | Dungra |
| 255 | KHUNTI | FUDI | Dandaul |
| 256 | KHUNTI | FUDI | Silda |
| 257 | KHUNTI | FUDI | Phuddi |
| 258 | KHUNTI | MURHI | Murhi |
| 259 | KHUNTI | GUTJORA | Dugdugiya |
| 260 | KHUNTI | GUTJORA | Chalangi |
| 261 | KHUNTI | GUTJORA | Kanadih |
| 262 | KHUNTI | GUTJORA | Jiarapa |
| 263 | KHUNTI | GUTJORA | Ghaghra |
| 264 | KHUNTI | BIRHU | Siladon |
| 265 | KHUNTI | BIRHU | Dumardaga |
| 266 | KHUNTI | BIRHU | Manhu |
| 267 | KHUNTI | GUTJORA | Hutar |
| 268 | ARKI | TODANG | Badani |
| 269 | ARKI | BOHANDA | Bohonda |
| 270 | ARKI | BOHANDA | Sake |
| 271 | ARKI | KOCHANG | Kochang |
| 272 | ARKI | KOCHANG | Sinjuri |
| 273 | ARKI | TIRLA | Tubil |
| 274 | ARKI | MADHATU | Chalkad |
| 275 | ARKI | MADHATU | Madhatu |
| 276 | ARKI | MADHATU | Katui |
| 277 | ARKI | BOHANDA | Kurunga |
| 278 | ARKI | BIRBANKI | Birbanki |
| 279 | ARKI | BIRBANKI | Ghaghra |
| 280 | ARKI | TODANG | Sinjani |
| 281 | ARKI | TODANG | Todang |
| 282 | ARKI | BIRBANKI | Chuklu |
| 283 | ARKI | TINTILA | Bagri |
| 284 | ARKI | TIRLA | Hadlama |
| 285 | ARKI | KOCHANG | Kuria Katola Tobag |
| 286 | ARKI | TIRLA | Tirla |
| 287 | ARKI | TINTILA | Dolda |
| 288 | ARKI | TINTILA | Tintila |
| 289 | ARKI | TINTILA | Koa |
| 290 | ARKI | BADINIJKEL | Marangburu |
| 291 | ARKI | BADINIJKEL | Barinijkel |
| 292 | ARKI | BADINIJKEL | Ulihatu |
| 293 | ARKI | TODANG | Lebed |
| 294 | ARKI | TODANG | Korwa |
| 295 | ARKI | PURNANAGAR | Doriya |
| 296 | ARKI | SINDRI | Sirkadih |
| 297 | ARKI | SINDRI | Bandu |
| 298 | ARKI | SINDRI | Tetebandu |
| 299 | ARKI | PURNANAGAR | Gitilbera 1 |
| 300 | ARKI | SOSOKUTI | Sonpur |
| 301 | ARKI | SOSOKUTI | Jaranga |
| 302 | ARKI | HUNTH | Rumchu |
| 303 | ARKI | HUNTH | Hunth |
| 304 | ARKI | HUNTH | Baruhatu |
| 305 | ARKI | HUNTH | Serenghatu |
| 306 | ARKI | SOSOKUTI | Sosokuti |
| 307 | ARKI | SOSOKUTI | Masanga |
| 308 | ARKI | UPAR BALALONG | Heth Balalong |
| 309 | ARKI | UPAR BALALONG | Sigid |
| 310 | ARKI | SARGEYA | Sargeya |
| 311 | ARKI | SARGEYA | Kota |
| 312 | ARKI | SARGEYA | Maipa |
| 313 | ARKI | SARGEYA | Barigara |
| 314 | KARRA | JARIA | Nagra |
| 315 | KARRA | JARIA | Muruchkel |
| 316 | KARRA | JARIA | Hochor |
| 317 | KARRA | URIKEL | Ethe |
| 318 | KARRA | URIKEL | Bikuadag |
| 319 | KARRA | URIKEL | Nidhia |
| 320 | KARRA | URIKEL | Mitkora |
| 321 | KARRA | URIKEL | Gara Toli |
| 322 | KARRA | LIMRA | Deswali |
| 323 | KARRA | LIMRA | Chanho |
| 324 | KARRA | LIMRA | Chiddi |
| 325 | KARRA | URIKEL | Kasira |
| 326 | KARRA | LIMRA | Hutub |
| 327 | KARRA | JARIA | Churle |
| 328 | KARRA | JARIA | Jariya |
| 329 | KARRA | LIMRA | Soteya |
| 330 | KARRA | LIMRA | Tirla |
| 331 | KARRA | LIMRA | Katsimla |
| 332 | KARRA | SUNGI | Palsa |
| 333 | KARRA | LARTA | Suari |
| 334 | KARRA | DAHKELA | Runju |
| 335 | KARRA | URIKEL | Kurid |
| 336 | KARRA | JARIA | Nauringa |
| 337 | KARRA | GOVINDPUR | Gobindpur |
| 338 | KARRA | DAHKELA | Kotlo |
| 339 | KARRA | DAHKELA | Jorko |
| 340 | KARRA | LARTA | Jaltanra |
| 341 | KARRA | LARTA | Burka |
| 342 | KARRA | LARTA | Merle |
| 343 | KARRA | LARTA | Chorpinda |
| 344 | KARRA | SUNGI | Tikki |
| 345 | KARRA | SUNGI | Asanmanri |
| 346 | KARRA | JURDAG | Amjora |
| 347 | KARRA | JURDAG | Ganaloya |
| 348 | KARRA | JURDAG | Tuiu |
| 349 | KARRA | JURDAG | Bichagara |
| 350 | KARRA | KARRA | Kasira |
| 351 | KARRA | SUNGI | Ludru |
| 352 | KARRA | SUNGI | Pora |
| 353 | KARRA | DAHKELA | Sarlo |
| 354 | KARRA | BAMARJA | Siankel |
| 355 | KARRA | BAMARJA | Dumari |
| 356 | KARRA | KARRA | Karra |
| 357 | KARRA | KUDLUM | Chorwadag |
| 358 | KARRA | KUDLUM | Haruhapa |
| 359 | KARRA | KUDLUM | Ethe Toli |
| 360 | KARRA | KARRA | Urikel Chhotka |
| 361 | KARRA | BAMARJA | Sardulla |
| 362 | KARRA | BAMARJA | Baragain |
| 363 | KARRA | BAMARJA | Palsa |
| 364 | KARRA | DUMARGADI | Burhiroma |
| 365 | KARRA | DUMARGADI | Jhapra |
| 366 | KARRA | DUMARGADI | Hisri |
| 367 | KARRA | DUMARGADI | Silma |
| 368 | KARRA | DUMARGADI | Duphu |
| 369 | KARRA | MEHA | Lota |
| 370 | KARRA | MEHA | Kone |
| 371 | KARRA | KUDLUM | Digadon |
| 372 | KARRA | GHUNSULI | Ghasibari |
| 373 | KARRA | GHUNSULI | Guni |
| 374 | KARRA | KACCHABARI | Tumna |
| 375 | KARRA | KACCHABARI | Hesla |
| 376 | KARRA | KACCHABARI | Bandu |
| 377 | KARRA | KACCHABARI | Patra Toli |
| 378 | KARRA | MEHA | Ronhe |
| 379 | KARRA | MEHA | Tapingsara |
| 380 | KARRA | MEHA | Tunel |
| 381 | KARRA | CHAATA | Setahuru |
| 382 | KARRA | CHAATA | Korkotakadal |
| 383 | KARRA | CHAATA | Belsiring |
| 384 | KARRA | CHAATA | Galiondar |
| 385 | KARRA | CHAATA | Pandra |
| 386 | KARRA | HAKAJANG | Barango |
| 387 | KARRA | CHAATA | Goso |
| 388 | KARRA | KACCHABARI | Barigara |
| 389 | KARRA | KACCHABARI | Darangkel |
| 390 | KARRA | LODHMA | Katamkuku |
| 391 | KARRA | LODHMA | Changa Toli |
| 392 | KARRA | LODHMA | Lodhma |
| 393 | KARRA | LODHMA | Tiga |
| 394 | KARRA | HAKAJANG | Guyu |
| 395 | KARRA | HAKAJANG | Jariya |
| 396 | KARRA | HAKAJANG | Galalong |
| 397 | KARRA | LODHMA | Kansili |
| 398 | KARRA | HAKAJANG | Silapat |
| 399 | KARRA | HAKAJANG | Hardigara |
| 400 | KARRA | HAKAJANG | Bankuli |
| 401 | KARRA | HAKAJANG | Mutpa |
| 402 | KARRA | HAKAJANG | Ata |
| 403 | KARRA | CHAATA | Kedu |

PR 346978 (Fish)24-25*D

जिला मत्स्य पदाधिकारी खूँटी

## कैरो के नरौली गांव में सरना प्रार्थना सभा का 22 वां वर्षगांठ पर झखरा स्थल पर उपवास रखकर किया पुजा अर्चना

### पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिये झखरा माता प्रकृति की देवी की पुजा-अर्चना आवश्यक : सुखदेव उरांव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 22 फरवरी शनिवार को कैरो प्रखंड के नरौली गाँव में सरना प्रार्थना सभा के द्वारा झखरा स्थल का 22 वाँ वर्षगाँठ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम गाँव के पहान, पुजार, महतो, जिला परिषद सद्स्य सुखदेव उराँव एवं सैकड़ो महिला पुरूषों ने 22 वें वर्षगाँठ के अवसर पर झखरा स्थल पर उपवास रखकर माता झखरा देवी की पुजा अर्चना की तत्पश्चात सामुहिक रूप से माता की प्रार्थना गीत गायी गई। मौके पर उपस्थित कैरो प्रखंड से जिला परिषद सदस्य श्री सुखदेव उराँव ने कहा कि माता झखरा प्रकृति की देवी है, जल, जंगल, जमीन माता झखरा के अधीन है, पर्यावरण को सन्तुलित व सरक्षण संवर्धन के लिए माता झखरा देवी की उपासना, पुजा-अर्चना हम सबको भक्तिभाव से करना चाहिये। इस अवसर पर कैरो प्रखंड पुर्व 20 सुत्री सद्स्य धनपत उराँव, अर्जून पहान, धर्मराज पहान, चरवा पहान, मंगरा पुजार, रवि पुजार, बलकुंवर उराँव, परमेश्वर उराँव, छुट्टू उराँव, जयधर्मेश उराँव, अशीष उराँव, रंजीत उराँव, दीपक उराँव, मंगलदेव उराँव, विकास उराँव, शिबन उराँव, सोनामणि उराँव के साथ बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पुजा-अर्चना को लेकर नरौली झखरा स्थल पर उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलीन टोप्पो एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा की विदाई समारोह आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को रा0 मध्य विद्यालय लोहरदगा के सभागार में जिले के स्थानांतरित जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलीन टोप्पो एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा की विदाई एवं नवपदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। आज के इस का कार्यक्रम में सर्वप्रथम तीनों ही पदाधिकारीगण का विद्यालय गेट से विद्यालय की बच्चियाँ एवं शिक्षिकाओं के द्वारा पारम्परिक तरीके से परीक्षण के साथ स्वागत कर मंच पर ससम्मान ले जाया गया।तत्पश्चात बच्चियों एवं शिक्षिकाओं के साथ ही साथ शिक्षक श्री सुकरा उरांव जी के द्वारा नागपूरी एकल गान के माध्यम से स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सर्वप्रथम जिले में नव पदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक महोदय श्री अभिजीत कुमार जी का स्वागत बुके एवं शॉल देकर किया गया। तत्पश्चात जिला शिक्षा पदाधिकारी महोदया नीलम आईलीन टोप्पो जी के सम्मान में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्री मनी उरांव, जिला महासचिव श्री शंभु शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक संजय कुमार सिंह एवं महासंघ के प्रवक्ता अरुण दास जी ने उनके द्वारा जिले में 35 वर्षों से लंबित प्रोन्नति कार्य का निष्पादन सहित एक ईमानदार, व्यवहार कुशल, मृदुभाषी एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के धनी पदाधिकारी के रूप में अपने सम्बोधन में उदगार व्यक्त किया।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की हुई बैठक




**लोहरदगा प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 44 लक्ष्य के आलोक में निष्पादित आवेदन, स्वीकृत ऋण और बांटे गये ऋण संबंधी चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत कुल लक्ष्य 81 के आलोक में प्राप्त आवेदन और बैंकों में लंबित आवेदनों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह, सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## घटना के पश्चात परिजनों ने कराया भट्ठा मालिक पर प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना के पश्चात परिजनों ने भट्ठा मालिक पर प्रतमकी दर्ज कराया। विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार ग्राम स्थित फुलझर नहर के समीप नाले में 14 फरवरी को ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर का मौत घटना स्थल पर हो गया था। जबकि दूसरे मजदूर जो ट्रैक्टर चला रहा था उसे गम्भीर चोटें आई थी। जिसका इलाज सदर अस्पताल लोहरदगा में करवाने के पश्चात बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया था। जिसके कारण सेन्हा थाना में विलम से आवेदन देते हुए घटित घटना का आरोप ईट भट्ठा मालिक पर लगाया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि मृतक नकुल लोहरा की माँ तारामनी देवी पति असम्बर लोहरा द्वारा आवेदन के माध्यम से आरोप लगाया गया है कि मृतक को ठीक से गाड़ी चलाना नही आता था। जिसे भट्ठा मालिक तालकेश्वर साहू जबर्दशती ट्रैक्टर में ईट लोड करवा कर तोड़ार ग्राम ईट खाली कराने भेज दिया था। जिस पर लौटने के क्रम में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो नाले में जा पलटा तो उसी में नकुल लोहरा की मौत हो गई। जबकि सुमन लोहरा गम्भीर रूप से घायल है और जो अभी भी इलाजरत है। बताते हुए उन्होंने कहा आवेदन के आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 22/25 दर्ज कर 105 बी एन एस तथा परिवहन अधिनियम 1988 के तहत भट्ठा मालिक के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है।

## मैट्रिक में 278 छात्र छात्राओं ने दिया संस्कृत का परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में बृहस्पतिवार को विज्ञान की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु प्लस 2 स्थित परीक्षा केंद्र में 85 छात्र छात्राओ में से 85 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 196 में से 193 विद्यार्थियों ने संस्कृत का परीक्षा दिया। वही 281 परीक्षार्थियों में से 278 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिस निमित शनिवार को परीक्षा निर्धारित समय से प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। और परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी 281 में से 278 छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हो संस्कृत का परीक्षा दिया 3 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार, शिवशंकर उरांव शिक्षक मेराज अंसारी, शिक्षिका सुनीता देवी समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी, रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

## जय श्री राम समिति के नेतृत्व में एक बस प्रयागराज में डुबकी लगाने को लेकर हुये रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** महाकुंभ दर्शन आस्था और विश्वास की डोर पूरे विश्व को सनातन समाज की शक्ति का आभास करवा रहा है। सनातन समाज की शक्ति संस्कृति और आस्था का ही परिणाम है कि 60 करोड़ भक्तों का जन सैलाब संगम में डुबकी लगा चुकी है और यह आंकड़ा 65 करोड़ पार करेगी जो रेलवे स्टेशन एवं सड़क मार्ग में देखा जा सकता है हर दिन करोड़ों लोग प्रयागराज पहुंच रहे है लोहरदगा से हजारों हजार की संख्या में रोज प्रस्थान कर रहे हैं आज जय श्री राम समिति के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में बस से महिला पुरुष बच्चे निकल रहे है जो कल प्रयागराज संगम में डुबकी लगाएंगे। तत्पश्चात राम जी की नगरी अयोध्या, काशी विश्वनाथ एवं विंध्याचल मंदिर में पूजा अर्चना कर संपूर्ण सनातन समाज के लिए सुख शांति की कामना करेंगे। जय श्रीराम, प्रयागराज की जय, काशी विश्वनाथ की जय, विंध्याचल मैया की जय के नारों के साथ जय श्रीराम समिति जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने भगवा झंडा दिखलाकर बस को रवाना किए। इस मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, रमेश राय उर्फ गुडु, राजकिशोर प्रसाद, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, जीवन राज मेहता, आर्यन कुमार, रूपेश गुप्ता, सुरेंद्र उरांव, बबीता देवी, सोनू ठाकुर, विक्रम कुमार समेत सैकड़ो महिला/पुरुष भक्तगण मौजूद थे।

## कूडू प्रखंड क्षेत्र में झामुमों ने चलाया सदस्यता अभियान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कुडु प्रखंड क्षेत्र में झामुमो के पुर्व प्रखंड सचिव मोहम्मद अफरोज के नेतृत्व में चंदलासो पंचायत के कोवाखाप गांव में जन सम्पर्क अभियान चलाकर झामुमों का सक्रिय सदस्य बनाया गया। इस मौके पर मोहम्मद अफरोज ने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है।तथा प्रखंड में सदस्यता अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सहकारिता विकास समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज दिनांक 22.02.2025 दिन शनिवार को जिला स्तरीय सहकारिता विकास समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की से जिले में अवस्थित लैम्प्स की वित्तीय वर्ष 2024-25 के कैश बुक एवं ऑडिट की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वह वैसे पंचायतो के लैंप्स में जहां कार्यालय एवं गोदाम निर्माण का कार्य हो रहा है उसमें तेजी लायें। उन्होंने कहा कि सभी लैम्प्स, पैक्स एवं व्यापार मंडल को सी एस सी आई.डी. उपलब्ध करायें। इस बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## व्यवहार न्यायालय में वैवाहिक विवाद और चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार,रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा श्री राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय,लोहरदगा परिसर में वैवाहिक विवाद और चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजन को सफल बनाने के लिए चार बेंच का गठन किया गया। वहीं बेंच संख्या एक वैवाहिक विवाद संबंधी मामले के लिए प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष के नेतृत्व में बनाया गया। साथ ही बेंच संख्या दो सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, एमएसीटी केसेज, इलेक्ट्रिसिटी एक्ट केसेज के लिए एडीजे प्रथम श्री अखिलेश कुमार तिवारी, बेंच संख्या तीन म्युनिसिपल, लेबर, म्यूटेशन, सर्टिफिकेट केसेज, बैंक सहित अन्य मामले के लिए सब जज द्वितीय श्रीमती अर्चना कुमारी और बेंच संख्या चार क्रिमिनल कंपाउंडेबल केसेज, एनआई एक्ट, एमभी एक्ट, फॉरेस्ट केसेज आदि मामले के लिए सीजेएम श्री केके मिश्रा के नेतृत्व में गठन किया गया। वहीं डालसा सचिव ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में कुल 44 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें क्रिमिनल कंपाउंडेबल ऑफेंस के 13 मामले, एनआई एक्ट के 23 मामले, वैवाहिक विवाद के 6 मामले, फॉरेस्ट का एक और एमभी एक्ट का एक मामला शामिल है। वहीं कुल 43,16,525 रुपए की वसूली हुई। वहीं उन्होंने बताया कि 8 मार्च को वर्ष का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इस आयोजन का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाए।

## जिला अधिवक्ता संघ अपने मांगों को लेकर की बैठक सोमवार से विरोध स्वरूप काला बिल्ला लगाने का लिया फैसला

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा के द्वारा प्रोटेक्शन एक्ट एवं अन्य मांगों को लेकर चल रहे विरोध के संबंध में जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा के सभागार में एक कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आहुति की गई। जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सोमवार से सभी अधिवक्ता काला बिल्ला लगाकर विरोध करते हुए कार्य करेंगे। दूसरे दिन मंगलवार को सभी अधिवक्ताओं के द्वारा जिला अधिवक्ता संघ प्रांगण से व्यवहार न्यायालय लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं उपायुक्त महोदय के कार्यालय तक विरोध मार्च करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय एवं उपायुक्त महोदय को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। इस बैठक में अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी, जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव लाल दीपक नाथ देव, उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, सचिव प्रशासनिक लाल धर्मेंद्र देव, प्रभारी कोषाध्यक्ष पवन कुमार, लाइब्रेरी सचिव विक्रम कुमार, कार्यकारिणी सदस्य पुन्नी साहू, नरेंद्र मिंस, विनय कुमार, विपिन बिहारी दुबे इत्यादि सम्मिलित थे।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही किसान धान बिक्री करें : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में धान अधिप्राप्ति को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के जन सेवक और कृषक मित्रों के साथ बैठक आयोजित हुआ। धान अधिप्राप्ति के सम्बंध में बैठक कर बीडीओ संग्राम मुर्मू ने निर्देश देते हुए सभी जनसेवक और कृषक मित्रों से कहा कि किसानों को प्रखंड क्षेत्र स्थित बदला, बूटी, सेन्हा और अलौदी के धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही सुविधानुसार लैम्प्स में किसानों को धन बिक्री करने के लिये प्रेरित करें वही धान बिक्री के लिये पंजीयन का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त भी किसान धान का बिक्री नही कर रहें हैं। जिसे सभी लोग जागरूक कर किसानों से लैम्प्स में ही धान बिक्री करायें साथ ही बताया कि सरकार द्वारा धान की राशि एक सप्ताह में भुक्तान किया जायेगा। धान बिक्री कराने के लिये सभी जनसेवक कृषक मित्रों का सहयोग लें जो किसान पंजीयन कराये हैं और धान बिक्री नही कर रहे हैं वैसे किसानों का सूची बना कर सम्पर्क करें और सीघ्र धान बिक्री के लिये किसानों को समझायें जिसे धान अधिप्राप्ति के पश्चात सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर समय से राशि का भुक्तान हो सकेगा। मौके पर प्रखंड आपूर्ती पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत जनसेवक ओमप्रकाश साहु, संदीप रजक, मेहरानी टोप्पो, नागमनी उरांव तथा प्रखंड क्षेत्र के सभी कृषक मित्र आदि उपस्थित थे।

## बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिये खेलना जरुरी : अलीरजा अंसारी

### शाईन पब्लिक स्कूल नगजुआ में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का हुआ समापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** बच्चों के चहुंमुखी विकास में पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण भुमिका होती है। अनुशासन, सहयोग, लक्ष्य निर्धारण, परिश्रम, चपलता, जीतने की जीजीविषा,तनाव को कम करने इत्यादि जीवन मेंआगे बढ़ने के लिए सभी आवश्यक चीजें खेल के माध्यम से सीखी जा सकती हैं।ये बातें कैरो प्रखंड के नगजुआ स्थित शाईन पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के समापन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित झारखंड यूनियन ऑफ सेकंडरी एजुकेशन के केन्द्रीय मीडिया प्रभारी अलीरजा अंसारी ने कहीं। इसके पूर्व विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने श्री अंसारी का भव्य तरीके से स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शाईन पब्लिक स्कूल बच्चों की सुंदर भविष्य गढ़ने में हर संभव प्रयास कर रही है। विद्यालय के निदेशक माजिद आलम ने स्वागत सह अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन प्रतिबद्ध है।मौके पर विशिष्ट अतिथि आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के निदेशक अमीन अंसारी ने सभी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर लगातार कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।ध्यातव्य है कि गुरूवार को विद्यालय में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का प्रारंभ किया गया था जिसके तहत विभिन्न तरह की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। आज समापन के अवसर पर उन प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि सहित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से ओवरऑल चैंपियन के खिताब पर ब्लू हाऊस कब्जा जमाने में सफल रहा। मौके पर कराटे कोच देवंती कुमारी, विनय कुमार, विद्यालय के प्राचार्य फादर फूलजेन सारस, मनीषा लकड़ा, अनिसा लकड़ा, प्रभात निरंजन तिर्की,प्रीति खेस, शीला एक्का, पिंकी सांगा, अरमान अंसारी, मिस सीमा, प्रवेज आलम सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### प्रेमचंद अग्रवाल ने पहाड़ को लेकर की गई टिप्पणी पर मांगी माफी

**देहरादून :** उत्तराखंड विधानसभा सत्र के चौथे दिन संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की पहाड़ को लेकर की गई टिप्पणी एक बार फिर चर्चा में रही। बढ़ते विवाद के बीच अग्रवाल ने सदन में माफी मांगते हुए खेद प्रकट किया।प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड में रहने वाले सभी लोग उनका परिवार हैं और परिवार के लोगों के समक्ष अनजाने में कही गई बात के लिए खेद जताने में उन्हें कोई संकोच नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बात को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है।संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मेरे बयान को कुछ लोग लत तरीके से तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। मैंने कहा था कि सारे उत्तराखंड में देश के सभी हिस्सों के लोग रहते हैं। हम सभी उत्तराखंड के हैं और उत्तराखंड हमारा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड हमारे हृदय में समाया है। मैंने सारे उत्तराखंड की बात की थी। कहा कि मेरा उद्देश्य और कथन का आशय यह था कि उत्तराखंड एक गुलदस्ता है, जिसमें हर तरह के रंग बिरंगे फूल इसकी खूबसूरती हैं। मेरे बयान को लत तरीड़े से पेश किया गया।उन्होंने कहा कि मेरी बात से कई लोगों की भावनाएं आहत हो गई हैं, ऐसा मुझे महसूस हो रहा है। मेरी वजह से किसी को पीड़ा पहुंचे, यह मेरा स्वभाव नहीं है। इसलिए जाने अनजाने जिस किसी को भी पीड़ा पहुंचीं हैं, उसके लिए मैं हृदय से खेद व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि हम सब एक परिवार हैं और परिवार में छोटों का स्नेह और बड़ों का आशीर्वाद मेरे ऊपर बने रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि परिवार के सदस्यों के सामने खेद प्रकट करने में उन्हें कोई संकोच नहीं है।

### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ छात्राएं जगा रही अलख

**जींद :** माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल की छात्राओं ने शनिवार को पिल्लूखेड़ा खंड के गांव मलार, गांगोली, भूरायण का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों को गुड एंड बैड टच, पोक्सो एक्ट तथा मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य को लेकर लघु नाटिका प्रस्तुत कर जागरूक करने का काम किया। छात्राओं ने महिला कानून, उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने की बात कही। माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल की प्रधानाचार्य ज्योति ने बताया कि गुरूकुल की छात्राएं पिछले 15 दिनों से लगातार पिल्लूखेड़ा खंड के गांवों का दौरा कर रही हैं। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के जरिये जागरूक कर रही हैं। छात्राएं लघु नाटिका के माध्यम से स्वच्छता अपना कर बीमारी से बचाव की जानकारी दे रही हैं। उनका कहना है कि जब हम स्वयं साफ और स्वच्छ वातावरण रखेंगे, तभी हम दूसरों को जागरूक कर सकेंगे। हमें स्वस्थ रहने के लिए योग एवं संतुलित आहार की आवश्यकता है। हमें नियमित रूप से संतुलित भोजन करना चाहिए एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। स्वच्छता के साथ-साथ छात्राएं यातायात के नियमों का पालन करने के लिए ग्रामीणों से आह्वान कर रही हैं।

# बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करना विद्यालय का उद्देश्य : मदन केशरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।सभागार में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि अभिभावक शिक्षक बैठक बच्चों की शैक्षिक यात्रा को आकार देने में एक अभिन्न भूमिका निभाता है। उनके बीच लगातार संवाद बच्चों के व्यक्तिगत विकास और समग्र कल्याण में भी मदद करता है इसलिए अभिभावक शिक्षक बैठक परम आवश्यक और कई कारकों में से एक है जो बच्चों के स्वतंत्र रूप से बढ़ाने और विकसित होने के लिए एक मजबूत नींव रखते हैं। अभिभावक शिक्षक बैठकें बच्चों के प्रदर्शन उनके व्यवहार, संस्कार और शिक्षा के बारे में संवाद करने के लिए परस्पर विचारों का साझा करता है। जब शिक्षक और माता-पिता एक साथ मिलते हैं तो उनके पास यह जगह होती है जहां किसी बच्चे के शैक्षणिक विकास, उनके दैनिक व्यवहार, कठिनाइयां, उनके सामाजिक परिवेश में शामिल होने के तरीके और अन्य पहलुओं के बारे में चर्चा कर सकता है। वहीं उपस्थित अभिभावकों में से सुनील




कुमार ने परामर्श दिया कि स्कूल ऑनलाइन शिकायत या परामर्श के लिए सप्ताह में रविवार को व्हाट्सएप ग्रुप को खुला रखे ताकि अपनी बातें रखा जा सकें। साथ ही आयुषी कुमारी ने छोटे बच्चों में लेखन क्रिया को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। मंच का संचालन एवं स्वागत भाषण उपप्राचार्य बसन्त ठाकुर ने जबकि विद्यालय में मिलने वाले सुविधाओं का विवरण गणित शिक्षक संतोष प्रसाद और टर्म 2 में परीक्षा मार्गदर्शन का विवरण विज्ञान शिक्षक वीरेंद्र शाह ने प्रस्तुत की। फाइनल एग्जाम में खासतौर पर मैथ विषय में सर्वाधिक 98 त्न अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को नकद राशि 5000 रुपये प्रति छात्र प्रदान करने की घोषणा की गई। अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी शिक्षिका नीरा शर्मा ने की। अभिभावकों की ओर से सुरेंद्र कुमार यादव, सविता देवी, अर्चना देवी, रिलकिश खातून, कंचन देवी, प्रिया केशरी, नेहा गुप्ता, नेहा पांडेय, चन्दा कुमारी,सुजीत कुमार, प्रदीप कुमार, ओम प्रकाश केशरी, श्वेता कुमारी, बबिता देवी आशीष लेगी सहित अन्य की अहम उपस्थिति रही।

### दिल्ली की सड़कों पर चलकर लोग गर्व महसूस करेंगे : प्रवेश

**नई दिल्ली :** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को बारापुला रोड पर पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं, मूलचंद अंडरपास पंप के उन्नयन कार्य और भैरो मार्ग से सरायकाले खां 'रिंग रोड' के सुदृढ़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम दिल्ली की सड़कों को ऐसा बनाएंगे कि लोग इस पर चलकर गर्व महसूस करेंगे।प्रवेश वर्मा ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सड़क सुदृढ़ीकरण के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुगम यातायात और बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचेंगी। इन कार्यों को पूरा करना प्राथमिकता है। जनता को जल्द अच्छी सड़क सुविधा प्रदान की जाएगी।इससे पहले प्रवेश वर्मा ने बारापुला रोड पर पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं का निरीक्षण के बाद कहा कि यहां फेज 3 का काम चल रहा है।

## विलक्षण प्रतिभा का प्रतीक होता है पदक : एस सेंगाथिर



एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान पुलिस अकादमी का पदक वितरण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक आरपीए एस सेंगाथिर द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीना सहित 15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सराहनीय कार्यों के लिए डीजीपी डिस्क, 15 अधिकारी एवं कर्मचारियों को अति उत्कृष्ट एवं 9 को उत्कृष्ट सेवा चिह्न पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर निदेशक आरपीए सेंगाथिर ने कहा कि आज का दिन मेहनत एवं समर्पण का सम्मान करने, कर्तव्य परायणता को सलाम करने एवं राजस्थान पुलिस के प्रति निष्ठा से काम में जुटे रहने वालों को पुरस्कार के रूप में एक पहचान देने का है। सभी विजेताओं ने औरों से अलग हटकर मनोयोग से कार्य करते हुए असाधारणता का परिचय दिया है। एडीजी सेंगाथिर ने कहा कि आपने आम से खास के रूप में स्वयं को स्थापित किया है। ये पदक आपके विलक्षण प्रतिभा का प्रतीक है। इसलिए राजस्थान पुलिस द्वारा आपको खास सम्मान दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी ने हमारी सेवा की शुरूआत परेड मैदान में शपथ लेकर की है। इस परेड ग्राउण्ड ने ही हमें साधारण आदमी से पुलिस अधिकारी में तब्दील किया है।सेंगाथिर ने कहा कि हम समाज में पीड़ित एवं अधिकारों से वंचित कमजोर वर्गों के लिए कार्य करें। सेवा करने के भाव से बड़ा हाथ किसी पीड़ित को बहुत संबल दे सकता है। इससे न केवल आत्म-संतुष्टि का भाव आता है बल्कि अपने होने की सार्थकता एवं पूर्णता की अनुभूति भी होती है।

## संत मरियम स्कूल के पांच तीरंदाज नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का देगें ट्रायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू तीरंदाजी संघ के द्वारा संत मरियम आवासीय विद्यालय के पांच तीरंदाज खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें अंडर 15 कैटेगरी में अभय कुमार, अंकित कुमार, विशाल कुमार, अंश राज और अंडर 13 में प्रीतम राज का चयन किया गया।चयनित खिलाड़ियों से संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने मिलकर कहा तीरंदाजी एक ऐसा खेल है जिसमें फोकस, सब्र और एकाग्रता को बहुत महत्व दिया जाता है।आर्चरी का का जन्म 10,000 बीसी में हुआ था और इसे शिकार के लिए इस्तेमाल में लाया जाता था। मॉडर्न समय में आर्चरी को एक खेल बना दिया गया है और इसे अलग-अलग उपकरण के साथ




अलग-अलग डिसिप्लिन में खेला जाता है। इस खेल के माध्यम से वर्ल्ड कप और ओलंपिक जैसे प्रतियोगिताओं में जाकर भारत देश के लिए पदक भी जीत सकते हैं।पलामू तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष सह स्कूल के आर्चरी कोच सुमित बर्मन ने कहा की 23 मार्च को जे.आर.डी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में 2 बजे से ट्रायल होगा जिसमें प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन 14ह्ल्द्ध मिनी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।सभी खिलाड़ियों ने स्कूल के चेयरमैन, प्राचार्य एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं से आशीर्वाद लेकर कोच सुमित वर्मन के साथ जमशेदपुर के लिए रवाना हुए।

# अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 लोकतंत्र पर सीधा हमला : रूचिर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला बार एसोसिएशन में केंद्र सरकार के द्वारा लाया गया अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह युवा अधिवक्ता रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा लाया गया अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 सीधे रूप से अधिवक्ताओं के पेट पर लात मारने का काम कर रही हैं। अधिवक्ता संशोधन कानून अधिवक्ताओं के हितों के विरुद्ध है और संविधान के अनुच्छेद 19 (1) के विरुद्ध है। प्रस्तावित विधेयक में कठोर एवं अस्पष्ट प्रावधान शामिल किया गया है। जिससे अधिवक्ताओं के साथ-साथ मवकिलों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेग। यह संसोधन



कानून अधिवक्ताओं के अधिकारो एवं स्वतंत्रता को बाधित करता है यह सीधे-सीधे अधिवक्ता विरोधी तो है ही आम जनता के कानून संबंधी मामले में भी हितकर साबित नहीं होगा।

केंद्र की मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है वह इसी तरह के नए विधेयक लाकर आम लोगों को परेशान कर रही है और अधिवक्ता विधेयक के माध्यम से कानून के राज को समाप्त कर ब्यूरोक्रेट के राज्य को लाना चाहती है उनके इस मंसुबे को अधिवक्ता समाज कभी पूरा नहीं होने देगी अधिवक्ता समाज गुलाम हिंदुस्तान में आजादी के लड़ाई के लिए लड़ा था आज भी वह लड़ाई लड़ सकता है मौके पर अधिवक्ता सुधा कुमारी आलोक कुमार तिवारी, रामजीत राम, सोहेल अख्तर, रणजीत सिंह, प्रभु कुमार शर्मा अजेस चौहान, अभय कुमार , रविंद्र राम, राधेश्याम जयसवाल , शहीद कई अधिवक्ता उपस्थित थे और सभी ने अधिवक्ता संशोधन विधायक बिना शर्त वापस लेने का आवाहन किया।

### पुलिस ने मुठभेड़ में लुटेरों को गिरफ्तार किया

**बिजनौर :** फर्जी जमानत कराकर नगीना देहात क्षेत्र में लूट करने वाले हिस्ट्रीशीटर को थाना मंडावर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। कनकपुर गांव में रहने वाले सचिन ने 09 फरवरी को नगीना देहात थाने पर तहरीर दी थी कि वह अपने बेटे और पत्नी के साथ ससुराल जा रहे थे। रास्ते में ग्राम आब्दीपुर के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उसकी मोटरसाइकिल को रुकवाया। तमंचे से डरा कर उसका मोबाइल, नकदी और पत्नी के आभूषण उतरवा लिए।पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी। इस दौरान अकबरपुर गंगा खेड़ी निवासी मनोज उर्फ नेवला, रानी कोटा निवासी विनोद उर्फ काना और शाहपुर उर्फ खैरुल्लापुरा गांव का रोहित का नाम प्रकाश में आया। रोहित लूटे गए मोबाइल, नकदी के साथ पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य लोगों की तलाश की जा रही थी।

## स्वच्छता आत्मिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक : स्वामी

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर :** स्वच्छता न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है।

हमें स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए इसे अपने जीवन में अपनाना होगा। यह बात शनिवार को प्रयागराज महाकुम्भ के परमार्थ निकेतन शिविर में आयोजित स्वच्छता कार्यशाला के शुभारम्भ के मौके पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कही। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। कार्यशाला में यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। ग्लोबल इंटरफेथ वाश एलायंस और डेटॉल के सहयोग से इस कार्यशाला के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न



गतिविधियां और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस मौके पर साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा, स्वच्छता एक साधना है जो हमें न केवल अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने में मदद करती है, बल्कि यह हमारे जीवन को भी अधिक समृद्ध और शुद्ध बनाती है।

इस कार्यशाला के दौरान महाकुम्भ मेला क्षेत्र में डेटॉल साबुन वितरित किए गए, ताकि श्रद्धालु स्वच्छता के प्रति जागरूक हों और इसका पालन करें। महाकुम्भ क्षेत्र में यह साबुन श्रद्धालुओं को मुफ्त में दिए जा रहे हैं और उन्हें बताया जा रहा है कि नदियों में स्नान के दौरान साबुन का उपयोग न करे। इस अभियान का उद्देश्य केवल महाकुम्भ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देशभर में स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए है।

# चुनावी वादों को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम : शेखावत



एजेंसी

**जयपुरः** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्ष 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने के लिए सरकार के महज एक साल के कार्यकाल के दौरान कई ठोस कदम उठाए हैं, जिसकी वजह से प्रदेश की जनता को डबल इंजन सरकार को पूरा लाभ मिल रहा है। आने वाले तीन साल और महत्वपूर्ण होंगे। केवल प्रदेश की जनता के लिए नहीं, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं और देश की जनता के लिए भी यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को मदन राठौड़ के पुनः प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के अवसर पर आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर हाल में यह सुनिश्चित करेगी कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं धरातल तक पहुंचें, जिससे प्रदेश की जनता लाभान्वित हो सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही कार्यकर्ताओं की ताकत के आधार पर काम करने वाली पार्टी रही है। उन्होंने कहा कि अंगुलियों पर गिने जाने वाले लोगों ने पार्टी का गठन किया था, और अपनी विचारधारा, कार्यकर्ताओं की शक्ति की वजह से तमाम परिस्थितियों और चुनौतियों से निपटते हुए पार्टी केवल देश की ही नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने काम के आधार पर जनता का विश्वास जीता है, यही वजह है कि राजस्थान में प्रचंड जीत देने के बाद कई अन्य प्रदेशों में भी जनता ने भाजपा को प्रचंड समर्थन दिया है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इतनी लंबी यात्रा के दौरान पार्टी की ऐसी छवि बनी है, जिसने लोकतांत्रिक मूल्यों का अक्षरतः पालन किया है।

### कांग्रेसियों ने किया मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन, फूंका पुतला

**हरिद्वार :** उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा विधानसभा में उत्तराखंडवासियों के लिए अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा के आह्वान पर आज हरिद्वार के कांग्रेस के नेताओं ने देवपुरा चौक पर भाजपा सरकार का पुतला फूंकते हुए विरोध प्रदर्शन किया।विरोध प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के बेलगाम मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा विधानसभा सदन में पर्वतीय समाज को लेकर की गयी अमर्यादित टिप्पणी से उत्तराखंड की शहादत व वीरांगनाओं का अपमान हुआ है। मंत्री द्वारा वैमनस्य पैदा करने वाली टिप्पणी से सम्पूर्ण उत्तराखंडवासी आहत हैं। विधानसभा सदन में जिन शब्दों का प्रयोग किया गया, उसका सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है।वक्ताओं ने कहा कि भाजपा षड्यंत्र के तहत उत्तराखंड में क्षेत्रवाद को बढ़वा देने का कार्य कर रही है, जिसको उत्तराखंडवासी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और यदि जल्द से जल्द मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल का इस्तीफा नहीं होता, तो उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

## भारतीय सेना की टुकड़ी भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन के लिए रवाना

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय सेना की एक टुकड़ी आज भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन के छठे अभ्यास के लिए रवाना हुई। यह सैन्य अभ्यास 24 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक जापान के पूर्वी फूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में होगा। धर्म गार्डियन सैन्य अभ्यास एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है, जो भारत और जापान में बारी-बारी से होता है। यह सैन्य अभ्यास पिछली बार फरवरी-मार्च 2024 में राजस्थान में किया गया था। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिकों के साथ-साथ अन्य सेनाओं की टुकड़ियों और सैन्य सहायता इकाइयों के सैनिक करेंगे। जापान की ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स का प्रतिनिधित्व 34वीं



इन्फेंट्री रेजिमेंट करेंगी। इसमें भी इतने ही सैनिक होंगे। इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के तहत संयुक्त शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देते हुए दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना है। इस अभ्यास में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसमें सामरिक अभ्यास, संयुक्त अभ्यास और आपदा प्रतिक्रिया रणनीतियां शामिल होंगी। इनको परिचालन क्षमता बढ़ाने, युद्ध कौशल दक्षता में सुधार करने और प्रभावी संयुक्त संचालन के लिए अंतर-संचालन को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 14 से 17 अक्टूबर 2024 तक सेना प्रमुख की जापान यात्रा के परिणाम स्वरूप यह सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा।